संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 09 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 309 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम को सम्बोधित करती राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## एक हैं तो सेफ हैं: पीएम मोदी

● अनुच्छेद 370 कभी वापस नहीं आएगा, कश्मीर में लागू रहेगा बाबा साहेब का संविधानः मोदी

**चुनावी शंखनाद**

**आजादी के बाद, गांधीजी चाहते थे कि कांग्रेस भंग हो जाए, क्योंकि उन्होंने इसकी विभाजनकारी प्रकृति को देखा था: मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**धुलेः भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद-370 को लेकर छिड़े विवाद पर कहा कि अनुच्छेद-370 कभी वापस नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान लागू रहेगा और कोई भी ताकत इसे बदल नहीं सकती। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के धुले में भाजपा की एक चुनावी जनसभा में महात्मा गांधी के विजन को याद करते हुए कहा कि आजादी के बाद, गांधीजी चाहते थे कि कांग्रेस भंग हो जाए, क्योंकि उन्होंने इसकी विभाजनकारी प्रकृति को देखा था। कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस हमेशा से ही राष्ट्र-विरोधी षड्यंत्रों का हिस्सा रही है। इसका एक प्रमुख उदाहरण जम्मू और कश्मीर है, जहां कांग्रेस ने अनुच्छेद-370 के साथ इसे देश से अलग कर दिया, दलितों और हाशिए के समुदायों को उनके अधिकारों से वंचित किया और आतंकवाद और अलगाववाद का समर्थन किया। हमने अनुच्छेद 370 को निरस्त करके इसे समाप्त कर दिया, जो भारत के सबसे महान निर्णयों में से एक था। लेकिन अब, कांग्रेस और उसके सहयोगी इसे वापस लाने की साजिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा इन समुदायों की प्रगति का विरोध किया और उनकी एकता को कमजोर करने की कोशिश की है। मोदी ने कहा, आजादी के दौरान, डॉ. अंबेडकर ने शोषितों के लिए आरक्षण की लड़ाई लड़ी, लेकिन नेहरू ने इसका विरोध किया। आरक्षण पाने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। नेहरू के बाद भी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी इसका विरोध करते रहे। उनका लक्ष्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों को कमजोर रखना था। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भील, कोकना, वारली और अन्य आदिवासी समुदायों को विभाजित करने और उनकी एकता को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके विभाजनकारी एजेंडे का उद्देश्य आदिवासी समुदायों की सामूहिक ताकत को नष्ट करना है।



### हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्धः पीएम

**कांग्रेस** की योजना का मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने दोहराया "एक हैं तो सेफ हैं।" मोदी ने कहा, "महाराष्ट्र आर्थिक विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। महायुति सरकार महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निरंतर प्रगति के लिए आपका समर्थन महत्वपूर्ण है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी आगे बढ़ता है। पिछले एक दशक में हमारी सरकार ने सभी बड़े फैसलों में महिलाओं को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोग केवल शोषण करने के लिए राजनीति में प्रवेश करते हैं। महा-अघाड़ी के शासन ने विकास को रोक दिया, हर परियोजना को भ्रष्टाचार से भर दिया और मेट्रो परियोजनाओं, वधावन बंदरगाह और समृद्धि महामार्ग जैसी महत्वपूर्ण पहलों को अवरुद्ध कर दिया है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भाजपा-महायुति सरकार ने प्रगति को बहाल किया है।

### महाराष्ट्र में एनडीए सरकार जनहित का काम कर रहीः मोदी

**प्रधानमंत्री** मोदी महाराष्ट्र के धुले और नासिक में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब जैसे ही जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस सहयोगी दलों की सरकार बनी, तो डॉ. आंबेडकर के संविधान को हटाने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। कांग्रेस नेता राहुल का नाम न लिए बिना तंज कसते हुए कहा कि एक तरह वो जम्मू-कश्मीर में संविधान हटाने का काम कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ महाराष्ट्र में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं। मोदी ने कहा कि आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस को विसर्जित करने की बात की थी, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने शुरू से आरक्षण का विरोध किया था। महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन की सरकार जनहित का काम कर रही है।

## अगर मैंने किसी का दिल दुखाया हो तो माफी चाहूंगा: सीजेआई चंद्रचूड़

**भावुक हुए**

**रात को मैं सोच रहा था कि दोपहर दो बजे कोर्ट खाली होगा और मैं स्क्रीन पर खुद को देख रहा होउंगा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः मुख्य** न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ रविवार को पद से मुक्त हो जाएंगे। लेकिन 9 और 10 तारीख को शनिवार व रविवार को कोर्ट की छुट्टी रहेगी। इसलिए, उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। सुप्रीम कोर्ट में उनका अंतिम कार्य दिवस है। 10 नवंबर को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे। वह देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर 2022 को भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। 13 मई 2016 को उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय से पदोन्नत किया गया था।

**"हम सब यात्रियों की तरह, कुछ समय के लिए आते हैं...'**

उन्होंने आगे कहा, 'हम सभी यहां यात्रियों की तरह हैं, जो कुछ समय के लिए आते हैं, अपना काम करते हैं और फिर चले जाते हैं। कोर्ट के रूप में यह संस्थान हमेशा चलता रहेगा और इसमें विभिन्न विचारों वाले लोग आते रहेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे बाद न्यायमूर्ति खन्ना इस संस्थान को मजबूती और गरिमा के साथ आगे बढ़ाएंगे।'

**'जीवन को नया दृष्टिकोण देते हैं नए लोग'**

सीजेआई ने यह भी बताया कि वह न्यायमूर्ति जे.बी.पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ बैठकर काम करने के अनुभव को बहुत याद करेंगे। उन्होंने कहा, 'यही कोर्ट है, जो मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

## सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के एक मामले में पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के खिलाफ दर्ज मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा 29 नवंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया।

## हम जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 नहीं हटाएंगे: शाह



**ऐलान**

**शरद पवार और उद्धव ठाकरे दोनों ही राम मंदिर नहीं गए, क्योंकि वे वोट बैंक से डरते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः केंद्रीय गृहमंत्री अमित** शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में चुनावी सभा के दौरान कहा कि अब जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में अनुच्छेद 370 हटाने के लिए जोरदार प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इसे किसी भी कीमत पर सफल होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भले ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार की चार पीढ़ियां आ जाएं, लेकिन हम जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 नहीं हटाएंगे। अमित शाह ने कहा कि शरद पवार केंद्र में दस साल तक मंत्री थे, लेकिन उन्होंने महाराष्ट्र के लिए कुछ नहीं किया। महाराष्ट्र की शिराला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि उनके पिता स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने औरंगाबाद जिले का नाम संभाजी नगर करने की पहली मांग की थी। सरकार ने उनकी मांग को पूरा किया लेकिन अब उनके बेटे उद्धव ठाकरे औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर करने का विरोध कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर कर दिया गया है और अब यही नाम रहेगा, अब इसे कोई नहीं बदल सकता। अमित शाह ने पूछा कि क्या उद्धव ठाकरे वक्फ बोर्ड का विरोध करेंगे? प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार में आने के बाद पांच साल में राम मंदिर बनाकर दिखा दिया है। शरद पवार और उद्धव ठाकरे दोनों ही राम मंदिर नहीं गए, क्योंकि वे वोट बैंक से डरते हैं।

## यूपी में पुरुष टेलर महिलाओं का नाप नहीं ले सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने और उन्हें बैड टच से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक प्रस्ताव दिया है। इसके तहत प्रदेश में अब पुरुष टेलर महिला कपड़े सिलने के लिए महिलाओं की नाप नहीं ले सकेंगे। इसके लिए महिला टेलर रखना होगा। वहीं, जिम में भी महिलाओं के लिए अलग से महिला ट्रेनर रखने का प्रस्ताव दिया गया है। आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने कहा कि यह प्रस्ताव महिलाओं की सुरक्षा और उनके रोजगार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। मेरा अनुरोध है कि जिम में महिलाओं के लिए महिला ट्रेनर और महिलाओं की नाप लेने के लिए महिला टेलर ही रखी जाए। उन्होंने कहा कि पहले ब्यूटी पार्लर में सिर्फ महिला कर्मचारी ही होती थीं पर अब पुरुष कर्मचारी भी होने लगे हैं। यहां तक कि आज ब्राइडल मेकअप भी पुरुष कर्मचारी कर रहे हैं। मैं बस इतना चाहती हूं कि अगर किसी महिला को पार्लर में पुरुष कर्मचारी की सेवाएं लेनी हैं तो उसे इस बात को लिखकर देना होगा।

## झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच को लेकर केंद्र को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच को लेकर झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और हाई कोर्ट के याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया है। झारखंड सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर अगली सुनवाई 3 दिसंबर को करने का आदेश दिया। इसके पहले 4 नवंबर को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट को हस्तक्षेप करने की क्या जरूरत थी, क्योंकि राज्य सरकार के पास कानून के तहत स्वतंत्र शक्तियां हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा था कि यह एक गंभीर मामला है। झारखंड सरकार की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर हर दिन भाषण दिए जा रहे हैं।




छठ पूजा के पावन पर्व के अंतिम दिन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं।

## आयुष्मान में आयुर्वेद, योगा और नैचुरोपैथी को शामिल करने की मांग पर केंद्र को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः चीफ जस्टिस डीवाई** चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने राष्ट्रीय आयुष्मान भारत योजना में आयुर्वेद, योगा और नैचुरोपैथी को भी शामिल करने की मांग पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। भाजपा नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर याचिका में कहा है कि आयुष्मान भारत योजना में आयुर्वेद, योगा और नैचुरोपैथी को भी शामिल करने से गंभीर बीमारियों के जूझ रहे लोगों को सस्ता इलाज मिलने के साथ ही इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को रोजगार भी मिलेगा। आयुष्मान भारत योजना 2018 में लांच की गई थी। इसके तहत गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को पांच लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा मिलता है। याचिका में मांग की गई है कि आयुष्मान भारत योजना को देश के सभी राज्यों और अस्पतालों में लागू किया जाए। इस योजना के तहत केवल एलोपैथिक अस्पतालों को ही कवर किया गया है।




## 3 जजों की बेंच तय करेगी एएमयू के अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा

**सुनवाई**

**सुप्रीम कोर्ट ने 4:3 के बहुमत से 1967 के अजीज बाशा मामले के फैसले को खारिज कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने 4:3 के बहुमत से 1967 के अजीज बाशा मामले के फैसले को खारिज कर दिया, जिसके आधार पर एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार किया गया था। संविधान बेंच ने 1 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच ने 1967 में अजीज बाशा के फैसले में कहा था कि एएमयू अल्पसंख्यक संस्थान का दावा नहीं कर सकती है, क्योंकि ये एक कानून के तहत अस्तित्व में आया है। आज सुप्रीम कोर्ट ने 4:3 के बहुमत से 1967 के अजीज बाशा मामले के फैसले को खारिज कर दिया, जिसके आधार पर एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार किया गया था। बहुमत के फैसले में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा हैं। इस फैसले से असहमति दर्ज कराने



## देश के सभी स्कूलों में योग मित्र अनुदेशकों की नियुक्ति पर सुनवाई से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट ने सभी राज्यों में स्कूली बच्चों के लिए योग मित्र अनुदेशकों की नियुक्ति करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह नीतिगत मामला है। हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते। भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर याचिका में देशभर में स्कूलों में योग मित्र की नियुक्ति की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि शिक्षा के साथ योग को जोड़ना बच्चों के स्वास्थ्य के अधिकार पर मुहर लगाना है।



**समाधान** योजना के तहत एन्हांसमेंट से संबंधित मुद्दों का होगा समाधान, 15 नवंबर, 2024 से होगी योजना की शुरूआत

## एचएसवीपी प्लॉट आवंटियों के लिए विवादों का समाधान योजना की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लॉट आवंटियों को एन्हांसमेंट से संबंधित मामलों के निपटान और आवंटियों को राहत देने के उद्देश्य से विवादों का समाधान योजना शुरू करने की घोषणा की है। योजना की शुरूआत श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर, 2024 को होगी और 6 माह तक योजना लागू रहेगी। इस योजना के तहत लगभग 7000 से अधिक प्लॉट आवंटियों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 127वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 65 एजेंडा रखे गए और सभी एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई। नायब सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि प्लॉट आवंटियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं चाहिए और एन्हांसमेंट के अलावा अन्य लंबित मामलों का भी जल्द से जल्द निपटान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि पहले भी समय-समय पर विवादों का समाधान योजना शुरू की गई थी, जिसमें कुल मिलाकर अभी तक 40,762 डिफॉल्ट आवंटियों ने लाभ उठाया है और उन्हें लगभग 1560 करोड़ रुपये की राहत मिली है। अब 15 नवंबर, 2024 से एक बार फिर विवादों का समाधान योजना शुरू की जा रही है, जिसमें लगभग 7000 से अधिक आवंटियों को लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।



**करें आवेदन**

**विस्थापितों को प्लॉट आवंटन के लिए जारी होगा विज्ञापन, सभी विस्थापितों को आवेदन करने का मिलेगा अवसर**

**विस्थापितों को प्लॉट आवंटन के लिए जारी होगा विज्ञापन**

नये सेक्टर विकसित करने के दौरान विस्थापितों को प्लॉट देने के मामले में निर्देश देते हुए कहा कि विस्थापितों को प्लॉट के लिए आवेदन करने हेतु समान अवसर दिया जाए और ऐसे लंबित मामलों, जिनमें विस्थापितों को प्लॉट नहीं मिला है, उनके लिए दोबारा से विज्ञापन जारी किया जाए।

## तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में मिलावट की सीबीआई जांच नहीं होगी, याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति के मंदिर में लड्डुओं में कथित रूप से मिलावट की सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि अगर आपकी मांगों को देखें तो हमें सभी मंदिरों और गुरुद्वारों के लिए अलग-अलग राज्य बनाने होंगे। हम किसी धर्म के लिए अलग राज्य बनाने का आदेश नहीं दे सकते हैं। ग्लोबल पीस इनिशियेटिव के अध्यक्ष केए पॉल ने दायर याचिका में इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की थी। इससे पहले 30 सितंबर को इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की थी। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा था कि भगवान को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक हुई रिपोर्ट जुलाई की है लेकिन मुख्यमंत्री इसको लेकर सितंबर में जाकर बयान दे रहे हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि इस रिपोर्ट को देखकर ये स्पष्ट नहीं है कि कथित मिलावट वाला घी लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल हुआ कि नहीं। कोर्ट ने मंदिर प्रशासन से पूछा था कि जिस सैंपल में मिलावट पाई गई थी, क्या उसका इस्तेमाल प्रसादम बनाने में हुआ था। तब मंदिर प्रशासन के वकील ने कहा था कि इसकी जांच करनी होगी। इस पर कोर्ट ने कहा था कि जब जांच चल रही थी, फिर ये सबूत कहां है कि प्रसादम का लड्डू बनाने में मिलावटी घी का प्रयोग हुआ था।



# विधायक मदान ने प्रदेश वासियों को दी छठ पर्व की शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** सोनीपत विधायक निखिल मदान ने शुक्रवार को छठ पूजा के अवसर पर सभी शहरवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों कबीरपुर, बाबा कालोनी, लक्ष्मण कालोनी,मोहन नगर,राजीव नगर,कलावती विहार और कैलाश कालोनी में बने छठ घाटों पर पहुँच कर वहाँ पूजा अर्चना कर रही मातृशक्ति और सभी क्षेत्रवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी और उनको आशीर्वाद लिया। साथ ही उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैय्या से सबके कुशल मंगल की कामना की। विधायक निखिल मदान ने बताया कि भगवान सूर्य की उपासना और लोक आस्था से जुड़ा छठ पर्व देश की सनातन संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है।




## उत्तर रेलवे

**'एक स्टेशन एक उत्पाद'**
**योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है:**

**क) कुल आठ (08) स्टॉल:** गाज़ियाबाद, दिल्ली कैंट, समालखा, सोनीपत, गन्नौर, मेरठ कैंट, मैरठ सिटी और बहादुरगढ़ स्टेशनों पर
**ख) कुल तेईस (23) ट्राली:** जुलाना, सांपला, बागपत रोड, बड़ौत, खेकड़ा, दिल्ली सराय रौहिल्ला, नांगलोई, शकूरबस्ती, बल्लभगढ़, दिल्ली किशनगंज, फरीदाबाद न्यू टाउन, नरेला, तुगलकाबाद, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, खतौली, सकौती टांडा, आनंद विहार टर्मिनल और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- गाजियाबाद समालखा, सोनीपत, गन्नौर, मेरठ कैंट और बहादुरगढ़ स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर **ट्राली** स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (जुलाना, सांपला, बागपत रोड, नांगलोई, खेकड़ा, दिल्ली किशनगंज, खतोली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम(एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  ड) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 13.11.2024, 15.00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: **www.indianrailways.gov.in** & **URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf** और **https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023.pdf** पर उपलब्ध है।
- इस से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

**3482/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ट्रैफिक से तंग शख्स ने पुलिस बूथ पर लिख डाला दर्द-ए-दिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस की खूब बेइज्जती हो रही है। ब्रह्मपुरी पुलिया पर लगने वाले जाम से परेशान होकर एक अज्ञात शख्स ने अपने दिल का दर्द दिल्ली पुलिस के बूथ पर लिख दिया।
शख्स ने लिखा "सारे जहां का दर्द इस दिल में रहता है, जब ट्रैफिक जाम लगता है तो यह दिल बहुत रोता है"। इस शायरी का फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं, यूजर्स दिल्ली पुलिस की खिंचाई करते हुए लिख रहे है गजब बेइज्जती है। ब्रह्मपुरी पुलिया के पास चौक बना हुआ है। चारों तरफ से वाहन आते हैं, व्यवस्था ठीक न होने की वजह से भीषण जाम लगता है। रोज लगने वाले जाम से लोग परेशान हो चुके हैं। पुलिया पर ही पुलिस का बूथ बना हुआ है। इस जाम से परेशान अज्ञात शख्स ने बूथ पर शायरी लिख दी। पुलिस का सोशल मीडिया पर जमकर मजाक बन रहा है। पुलिस ने बूथ पर रंग कराकर शायरी हटा दी।
**बिना पीयूसीसी वाहन चलाने पर एक लाख से अधिक का कटा चालान :** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की समस्या को ध्यान में रखते हुए यातायात विभाग ने सख्ती दिखाई है। पिछले एक महीने में यातायात पुलिसकर्मियों ने बिना पीयूसी सर्टिफिकेट के गाड़ी चलाने वालों के 1,03,662 से अधिक चालान किए हैं। इनमें दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक शामिल हैं। इनमें 15 हजार से अधिक चालान मध्य जिले व उत्तरी जिले में किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने उम्र पूरी हो चके करीब चार हजार पेट्रोल व डीजल वाहनों को सीधे स्क्रैप के लिए भेजा है। यातायात पुलिसकर्मियों ने प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से लिया है और सड़कों पर मुस्तैदी बढ़ाते हुए पुलिसकर्मी नो एंट्री में वाहन चलाने वालों, बिना ढके बड़े वाहनों में मैटेरियल ले जाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई कर रहे हैं।
**दिल्ली में लगातर बढ़ रही गाड़ियों की संख्या :** मध्य व उत्तरी जिले के यातायात उपायुक्त सौरभ चंद्रा ने बताया कि दिल्ली में गाड़ियों की संख्या लगातर बढ़ रही है, जिसकी वजह से प्रदूषण भी बढ़ रहा है। दिल्ली यातायात पुलिस के अनुसार, अक्टूबर में विशेष अभियान चलाकर चालान काटे गए। हमारा प्रयास है कि सड़कों पर जाम की समस्या को खत्म किया जाए, क्योंकि जाम लगने से वाहनों की रफ्तार थमती है।

# आपके सुख-दुख का साथी, मिलकर करेंगे विकासः डॉ अरविंद

**गोहानाः** सहकारिता, जेल, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि वो जनता के सुख-दुख के साथी हैं और उनके लिए निरन्तर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि गोहाना के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ मिलकर विकास का खाका तैयार किया जाएगा और इसके लिए गोहाना की आम जनता की राय भी ली जाएगी। शुक्रवार शाम कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि इंद्रजीत विरमानी, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बलराम कौशिक व वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ पुरानी अनाज मंडी स्तिथ जैन स्थानक पहुंचे एवं जैन सन्तों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने अग्रवाल सत्संग भवन में आमजन से मुलाकात की व पुरानी अनाज मंडी व शिव चौक के आसपास के दुकानदारों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना को उनके सुख-दुख का सच्चा साथी मिल गया है।


## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | ओटी-17/2024-25 |
| कार्य का नाम | एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन वित कंस्ट्रक्शन ऑफ एलएचएस एट एल–सिंग नं. सी–82 इन फतूही यार्ड इन बठिंडा श्री गंगा नगर सेक्शन ऑफ अंबाला डिवीजन। |
| निविदा खुलने की तिथि तथा समय | 05.12.2024 को 15:00 बजे |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹20,32,164.48 |
| धरोहर राशि(₹) | ₹40,700/- ; कार्य पूरा करने की अवधि: 180 दिन |

नोट: 1. वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे० डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेंडर डाकूमेंट्स व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेंडरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिग्नेचर होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेंडर नोटिस और टेंडर डाकूमेंट्स में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेंडर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।
**सं.: एस.डब्ल्यू./सिग/अम्बाला/एन०आई०टी०–06/2024–25**
**दिनांक: 08.11.2024** **3479/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल अभियंता/IV, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली मंडल में रेट्रो–रिफ्लेक्टिव इंजीनियरिंग इंडीकेटर बोर्ड (कर्व पर स्पीड, कॉशन, टी/पी, टी/जी और डब्ल्यू) का निर्माण, आपूर्ति और फिक्सिंग का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,60,09,054.87 | धरोहर राशि | ₹2,30,100/- |
| समापन अवधि | 06 माह | निविदा खुलने की तिथि | 29.11.2024 |

सूचना: निविदा रेलवे की वेबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 29.11.2024 को 15:00 बजे तक ही भरी जाएगी।
पत्र सं.: 128–डब्ल्यू/व.मं.अधि./सं./निविदा–23–24–25–डब्ल्यूसी
दिनांक: 07.11.2024 **3469/2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जावेद उर्फ़ गुलफ़ाम,** पुत्र असलम, निवासी- एफ-37, गली नंबर 2, हजारी का मकान, शास्त्री पार्क, दिल्ली ने एफ **आई आर नंबर 81/2014 धारा 392/397/34 भा.द.स, थाना गांधी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ़ गुलफ़ाम** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ़ गुलफ़ाम** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ़ गुलफ़ाम, एफ आई आर नंबर 81/2014 धारा 392/397/34 भा.द.स, थाना गांधी नगर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 17.12.2024 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सुशांत चंगोत्रा**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
फास्टट्रैक कोर्ट (पूर्व)
कोर्ट नंबर 30
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
**DP/14794/SHD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **दीपक उर्फ दीपू उर्फ अजय, पुत्र: सुभाष, निवासी: मकान नंबर 728, गली नंबर 8, झुग्गी कबाड़ी कॉलोनी, शारदानंद जेजे कॉलोनी, भलस्वा डेयरी, बाहरी उत्तरी दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 343/2020 U/s 457/380/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना विवेक विहार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **दीपक उर्फ दीपू उर्फ अजय** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **दीपक उर्फ दीपू उर्फ अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ दीपू उर्फ अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
स्वाति शर्मा
सीजेएम, कमरा नंबर 59, तीसरी मंजिल,
शाहदरा कोर्ट, कड़कड़डूमा, दिल्ली
**DP/14815/SHD/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र** मुन्ना बाबुल **निवासी:** आर–794, मंगोलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 470/21, U/s 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 470/21, U/s 33/38 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.01.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, उत्तर–पश्चिम,
कोर्ट नं. 107, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
**DP/14721/OD/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनी मंडल पुत्र जगदीश मंडल** निवासी 12, मंदिर मार्ग दिल्ली कैंट दूसरा पता H.No. 156/2 बरुई पारा लेन, डाकघर–आलम बाजार, थाना: बारा नगर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल। ने **FIR. No. 177/2015 U/s 279/304A IPC.,** के अंतर्गत **थाना: IGI एयरपोर्ट, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोनी मंडल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोनी मंडल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 177/2015 U/s 279/304A IPC., थाना: IGI एयरपोर्ट, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोनी मंडल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री. अभिषेक कुमार, ACJM-02,**
ग्राउंड फ्लोर पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
**DP/14738/IGIA/2024**


## M/S FERTIS INDIA PRIVATE LIMITED

**Address:** - 6-3-668/10/56, Plot No. 56, 1st Floor, Durga Nagar Colony, Punjagutta, Hyderabad, Telangana, India, 500082
**Tel:** +040-23412299; **Email Id:**- finance@fertis.com

**As per Govt. of India's Notification, F: No. 2-2/2015 Fert Law order no. S.O. 2900 (E) dated 24.10.2015** notification no. 2311 dated. 24.10.2015 published in Gazette of India (Extraordinary) part II-Section 3-sub section (ii), we would like to bring to your kind notice that we plan to manufacture, to import and to sell following 100% water soluble mixture of fertilizer under brand of **M/s Fertis India Private Limited**
Inter Alia , we **M/s FERTIS INDIA PRIVATE LIMITED** Manufacturer and Market Following products.100% Water Soluble Mixture Fertilizers

| S. NO. | Name Of the Product | Specification | Source Type |
|---|---|---|---|
| 1 | NPK 10-08-30 | 10-08-30 | Self Manufacturer |
| 2 | NPK 08-32-16 | 08-32-16 | Self Manufacturer |
| 3 | NPK 20-00-30 | 20-00-30 | Self Manufacturer |
| 4 | NPK 09-28-14 | 09-28-14 | Self Manufacturer |
| 5 | NPK 10-05-26 | 10-05-26 | Self Manufacturer |
| 6 | NPK 20-15-11 | 20-15-11 | Self Manufacturer |
| 7 | 10:06:32 | 10:06:32 | Self Manufacturer |
| 8 | 15:08:27 | 15:08:27 | Self Manufacturer |
| 9 | 12:12:22 | 12:12:22 | Self Manufacturer |
| 10 | 12:10:18 | 12:10:18 | Self Manufacturer |
| 11 | N:P:K | 10:06:24 | Self Manufacturer |
| 12 | 11:33:10 | 11:33:10 | Self Manufacturer |
| 13 | 10:09:30 | 10:09:30 | Self Manufacturer |
| 14 | 12:18:10 | 12:18:10 | Self Manufacturer |
| 15 | 12:08:26 | 12:08:26 | Self Manufacturer |
| 16 | 08:06:30 | 08:06:30 | Self Manufacturer |
| 17 | 06:40:10 | 06:40:10 | Self Manufacturer |
| 18 | 09:17:21 | 09:17:21 | Self Manufacturer |
| 19 | 05:10:35 | 05:10:35 | Self Manufacturer |
| 20 | 08:11:25 | 08:11:25 | Self Manufacturer |
| 21 | 19-19-19 NPK | 19-19-19 | Self Manufacturer |
| 22 | 13:40:13 | 13:40:13 | Self Manufacturer |

General Specifications of hundred per cent. water soluble mixture of fertilizers % by weight (Percentage by Weight, maximum) of all above mentioned products:

| | |
|---|---|
| Moisture | 0.5 |
| Total Chloride | 1.5 |
| Matter insoluble in water | 0.5 |
| Sodium as NaCl | 0.5 |
| Lead (as Pb) | 0.003 |
| Cadmium (as Cd) | 0.0025 |
| Arsenic (as As) | 0.01 |


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष उर्फ अमित उर्फ ऋषि, पुत्रः** श्री चन्द्र प्रकाश, **पता :** मकान नं. ए–396/1039, सरस्वती गली, बुद्धा मार्ग, मण्डावली, फज़लपुर, पूर्वी दिल्ली ने **मुकदमा FIR No. 374/2020, U/s 380/457 IPC, थानाः कल्याण पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ अमित उर्फ ऋषि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ अमित उर्फ ऋषि** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा FIR No. 374/2020, U/s 380/457 IPC, थानाः कल्याण पुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ अमित उर्फ ऋषि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति अग्रवाल
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कमरा नं. 29, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
**DP/14861/ED/2024**
**(Court Matter)**

# सरपंच हत्याकांड कार्ट ने सुनाई सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** आहुलाना गांव में वर्ष 1998 में हुए गांव के पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह हत्याकांड के मामले में हाईकार्ट ने हत्या में संलिप्त तीन पूर्व सैन्य अधिकारियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपियों को वर्ष 2002 में सोनीपत कोर्ट ने बरी कर दिया था, लेकिन अब हाईकोर्ट ने सोनीपत कोर्ट के फैसले को रद कर दिया। आरोपित आनंद, युद्धवीर व राजकुमार आहुलाना गांव के ही रहने वाले हैं। तीनों पूर्व सेना के अधिकारी रहे हैं। सरपंच चुनाव की रंजिश रखते हुए आरोपितों ने महेंद्र सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी थी। जिस पर थाना गन्नौर में केस दर्ज किया गया था।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि में विस्तार

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | आवृत्ति/चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि तक | विस्तारित अवधि से | विस्तारित अवधि तक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट.) | द्वि–साप्ताहिक/गुरु, रवि | 14.11.2024 | 17.11.24 | 28.11.24 |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | पटना जं. | द्वि–साप्ताहिक/शुक्र, सोम | 15.11.2024 | 18.11.24 | 29.11.24 |
| 03257 | दानापुर | आनन्द विहार (ट.) | साप्ताहिक/रविवार | 10.11.2024 | 17.11.24 | 24.11.24 |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | दानापुर | साप्ताहिक/सोमवार | 11.11.2024 | 18.11.24 | 25.11.24 |
| 02391 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट.) | साप्ताहिक/शनिवार | 09.11.2024 | 16.11.24 | 30.11.24 |
| 02392 | आनन्द विहार (ट.) | पटना जं. | साप्ताहिक/रविवार | 10.11.2024 | 17.11.24 | 01.12.24 |

अन्य सभी विवरण पूर्ववत रहेंगे।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।
पर हमें फॉलो करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3474/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेर या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# राजधानी में 'सांसों पर संकट'

## गले में खराश, आंखों में जलन...' दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का साइड इफेक्ट; लोगों ने बयां किया दर्द



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** के आनंद विहार में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंचने के साथ ही इलाके में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ समय में यहां पर लोगों में श्वसन और गले में संक्रमण और आंखों में जलन के मामलों में वृद्धि हुई है। आनंद विहार बस स्टैंड पर एक ऑटो-रिक्शा चालक जावेद अली ने बिगड़ती वायु गुणवत्ता के साथ अपनी दिक्कतों को साझा किया। अली ने कहा, "मेरी आंखों में लगातार जलन होती है और अक्सर लाल हो जाती है, जिससे धुंधला दिखाई देता है। इससे सुरक्षित रूप से गाड़ी चलाना वाकई मुश्किल हो जाता है।"

**प्रदूषण की मार**

**दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के चलते इसके साइड इफेक्ट आ रहे सामने**

उन्होंने कहा कि हालांकि वह मास्क पहनते हैं, लेकिन लंबे समय तक इसे पहनना असुविधाजनक है और इससे उनकी ठीक से सांस लेने में दिक्कत आती है। दिल्ली का आनंद विहार इलाका सबसे प्रदूषित इलाकों में से एक है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को समग्र एक्यूआई सुबह 8.30 बजे 389 था, जबकि आनंद विहार का एक्यूआई 419 था, जो इसे सबसे खराब वायु प्रदूषण का केंद्र बनाता है।

**कई दिनों से खांसी और आंखों में जलन हो रही: सुनीता**
स्थानियों निवासियों पर इसका असर सिर्फ आंखों में जलन तक ही सीमित नहीं है। स्थानीय गृहिणी सुनीता कई दिनों से लगातार खांसी और आंखों में जलन से जूझ रही हैं। वह कहती हैं कि कई बार डॉक्टरों के पास जाने के बावजूद स्थायी राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा, "मैं कई बार डॉक्टरों से मिल चुकी हूं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।" दो बच्चों की मां सुप्रिया यादव अपने बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं।

**दवाओं का भी नहीं हो रहा असर: सुप्रिया**
उन्होंने कहा, "मेरा बच्चा पेट की समस्याओं से पीड़ित है जो कभी-कभी ठीक होती है लेकिन अक्सर बदतर हो जाती है। मैंने कई डॉक्टरों से परामर्श लिया है, लेकिन दवाओं से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।" सुप्रिया ने क्षेत्र में पानी की गिरती गुणवत्ता का भी जिक्र किया, जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे उनके परिवार में स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, "हम बोतलबंद पानी खरीदने में सक्षम नहीं हैं। यह सिर्फ हवा नहीं है, बल्कि पानी की गुणवत्ता भी एक बड़ा मुद्दा है।"

### हमारे लिए दिन में बैठना हो गया मुश्किल: हरेंद्र

**आनंद** विहार में आईएसबीटी बस स्टैंड पर काम करने वाले हरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदूषण उनके काम को प्रभावित कर रहा है क्योंकि वह प्रतिदिन 10 घंटे वहां रहते हैं। उन्होंने कहा, "बढ़ते प्रदूषण ने हमारे लिए यहां पूरे दिन बैठना मुश्किल कर दिया है। हवा में हमेशा धूल और गंदगी रहती है और इससे मेरी आंखें लाल हो जाती हैं और उनमें जलन होती है और मुझे खांसी भी हो जाती है।"

**इलाके में देर शाम को बैठना भी मुश्किल: निर्मल सिंह**
70 वर्षीय हृदय रोगी निर्मल सिंह ने प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण अपनी सांस लेने में कठिनाई को बदतर होते देखा है। सिंह ने कहा,



"मैंने अपनी पूरी जिंदगी यहीं गुजारी है, लेकिन पिछले दशक से प्रदूषण बहुत खराब हो गया है। हवा मोटी है और यहां तक कि सुबह या देर शाम को भी ठीक से सांस लेना मुश्किल है।"

**पानी की गुणवत्ता में भी आई गिरावट: निर्मल सिंह**
उन्होंने यह भी बताया कि उनके घर में आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता में 'तेजी से गिरावट' आई है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को अतिरिक्त स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं।

# केजरीवाल वीवीआईपी कल्चर के सबसे बड़े प्रतीक: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने और वीवीआईपी कल्चर अपनाने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि साइज में बड़े कपड़े पहनकर आम आदमी होने का दावा करने वाले आआपा नेता रहते आलीशान ह्यशीश महल में हैं। पार्टी मुख्यालय में आज आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता गौरव भाटिया ने हाल ही में पीडब्ल्यूडी की ओर से बनाई गई इन्वेंटरी के आधार पर आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल वीवीआईपी कल्चर का सबसे बड़ा प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि एक समय में केजरीवाल दिल्ली की मुख्यमंत्री



**साधा निशाना**

**डॉ.अम्बेडकर ने केवल संविधान का आवरण दिया था? क्या विपक्ष के नेता को संविधान नहीं पढ़ना चाहिए?**

रही शीला दीक्षित के आवास पर 10 एसी होने का मुद्दा उठाते थे लेकिन अब उनके आवास में 250 टन के एसी लगे हैं। वे 1 करोड़ रुपये के समोसे खा जाते हैं। आवास में 88 इंच का टीवी है। इसके साथ ही भाटिया ने राहुल की सभा में संविधान की कथित तौर पर रिक्त पेजों वाली संविधान की प्रति वितरित करने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि संविधान की बात करने वाले इसके मूल सिद्धांतों से बहुत दूर भटक गए हैं। संविधान की शपथ लेने वाले विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारत का संविधान लिखते हैं और जब इस पुस्तक को खोला जाता है तो यह सिर्फ कोरा कागज होता है। उन्होंने पूछा कि डॉ. बीआर अम्बेडकर ने भारत को केवल संविधान का आवरण दिया था? क्या विपक्ष के नेता को संविधान नहीं पढ़ना चाहिए?

## कैम्पस कविता प्रतियोगिता का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय कल्चर काउंसिल एवं हिन्दवी द्वारा स्वरचित हिंदी कविता लेखन प्रतियोगिता कैम्पस कविता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को उत्तरी परिसर स्थित कांफ्रेंस सेंटर में हुआ।
डीयू विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 450 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# ड्रोन से पानी के छिड़काव का किया ट्रायल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार की तरफ से प्रदूषण के मामले में आनंद विहार इलाके को दिल्ली का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट घोषित किया गया है। शुक्रवार को यहां पर प्रदूषण की रोकथाम के लिए ड्रोन से पानी का छिड़काव शुरू किया गया।
छिड़काव के दौरान दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय भी मौजूद थे। इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आनंद विहार में ड्रोन से पानी के छिड़काव को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया है। यदि यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो दिल्ली के अन्य हॉटस्पॉट में भी ड्रोन से पानी का छिड़काव किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार से आनंद विहार इलाके में पानी का छिड़काव शुरू किया गया है। दीपावली के बाद से प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दिल्ली सरकार ने दीपावली के बाद प्रदूषण को खत्म करने के लिए आर्टिफिशियल रेन करने की तैयारी की थी लेकिन इसके लिए करीब 11 विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानि एनओसी की

**हॉटस्पॉट**

**आनंद विहार में ड्रोन से पानी के छिड़काव को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया**

जरूरत थी। इस एनओसी के लिए पर्यावरण मंत्री की तरफ से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को कई बार पत्र भी लिखा गया लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई बैठक या महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लिया जा सका है। ऐसे में इस बार भी दिल्ली में आर्टिफिशियल रेन नहीं हो पाएगी। नतीजतन, दिल्ली सरकार ने दिल्ली के हॉटस्पॉट इलाकों में ड्रोन से पानी का छिड़काव करने की तैयारी की है। प्रमुख हॉटस्पॉट पर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 200 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिन इलाकों में ट्रक (एंटी-स्मॉग गन लगे) नहीं पहुंच सकते, वहां ड्रोन से पानी का छिड़काव किया जाएगा।

# सीबीआई ने अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शिकायतकर्ता से 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के आरोपित कानूनी अधिकारी और एक मध्यस्थ को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने शिकायत के आधार पर 7 नवंबर को दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के कानूनी अधिकारी विजय मग्गो, मध्यस्थ और अन्य अज्ञात व्यक्तियों सहित दो आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

सीबीआई के मुताबिक आरोप है कि उपरोक्त कानूनी अधिकारी ने शिकायतकर्ता से उसकी दो दुकानों की सील खुलवाने और उसे बेरोकटोक दुकानें चलाने की अनुमति देने के लिए डीयूएसआईबी के दूसरे अधिकारी के नाम पर 40 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपित कानूनी अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। सीबीआई ने आरोपितों के आवासीय परिसरों की भी तलाशी ली , जिसमें 3.79 करोड़ रुपये नकद और कुछ संपत्तियों के दस्तावेज बरामद हुए।

# केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं के लिए जारी किया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश के जरिए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जेल से आने के बाद केजरीवाल का यह पहला वीडियो संदेश है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से तन मन धन से आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगने की अपील की। अरविंद केजरीवाल ने कार्यकताओं से कहा कि वह अपने ऑफिस से छुट्टी लेकर कुछ महीने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं। बाहर के कार्यकर्ता दिल्ली में अपने जानकार व रिश्तेदार के यहां रुके



और पार्टी के लिए प्रचार प्रसार का काम करें। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं लंबे समय से आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों से बात करना चाह रहा था। जेल से रिहा होने के बाद मैंने कई बार सोचा कि आपसे बात करूं। कुछ लोगों से मिल पाया, कुछ लोगों से नहीं मिल पाया। इसके लिए माफी चाहता हूं। पिछले दो साल से सबसे कठिन दौर से गुजरे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान अपने सबसे प्रिय शिष्यों की परीक्षा लेता है। भगवान

**अपील**

**कार्यकर्ताओं से तन मन धन से आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगने की अपील की**

कठिनाइयां भेज कर भविष्य की चुनौतियों के लिए मजबूत करते हैं। केजरीवाल ने कहा आने वाले कुछ महीने में दिल्ली के विधानसभा चुनाव है। विपक्षी इस बार विधानसभा चुनाव में हमें हारने के लिए सब कुछ करेंगे। हमें इन ताकतों को किसी भी हाल में नहीं जीतने देना है।

# अवैध हथियारों की आपूर्ति: क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े दो बदमाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के इलाके में अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले गिरोह का क्राइम ब्रांच की टीम ने भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान सीलमपुर निवासी नदीम और फजील के रूप में हुई है। उनके कब्जे से तीन पिस्टल, चार मैगजीन और 24 कारतूस बरामद किए हैं। इससे पहले 18 सितंबर को ने आरोपितों समीर अहमद और साहिल को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से दो अवैध पिस्टल और दो अतिरिक्त मैगजीन बरामद की



थी। दोनों ने पूछताछ में बताया था कि उन्होंने अवैध हथियार नदीम और फजील से खरीदे थे। तभी से क्राइम ब्रांच हथियार आपूर्ति करने वाले मुख्य स्रोत का पता लगा रही थी।

**कई इलाकों में की छापेमारी**
क्राइम ब्रांच के उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि चार नवंबर को इंस्पेक्टर उमेश सती की देखरेख में एसआइ जगसीर सिंह, एसआइ राहुल, एएसआइ योगेंद्र और हेड कांस्टेबल सुशील की टीम सीलमपुर के लिए रवाना हुई और ब्रह्मपुरी, सीलमपुर के इलाके में छापेमारी की।

# घर के नौकर ने ही लाखों के सोने के आभूषण पर किया था हाथ साफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण जिले की लोधी कॉलोनी थाना पुलिस ने सोने और डायमंड के आभूषण की चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गणेश दत्त के रूप में हुई है। यह उत्तराखंड के चम्पावत का रहने वाला है। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया की आरोपित के पास से सोने का पैंडल, हार, अंगूठी, कान की बाली व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित जहां काम करता था, वहीं घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम

**काबू**

**लोधी कॉलोनी थाना पुलिस ने सोने और डायमंड के आभूषण की चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है**

देने के बाद अपने मालिक के साथ ही रहा और इस तरह व्यवहार करता रहा कि जैसे उसे कुछ पता नहीं है। लाखों की चोरी की वारदात की सूचना पुलिस को 25 अक्टूबर को मिली थी। जांच में पता चला कि लोधी कलोनी थाना के जोरबाग में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति के घर में सोने के आभूषण चोरी हुए है। उनके बच्चे विदेश में रहते हैं। उस मामले को सुलझाने के लिए सब इंस्पेक्टर रजनीश कुमार की टीम ने सीसीटीवी फुटेज से पता लगाना शुरू किया। हालांकि पुलिस को जांच में ऐसा कुछ पता नहीं चला कि बाहर का कोई आकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया हो। फिर पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो सबसे पहला शक गणेश दत्त पर गया। जो उसी घर में काम करता था। शुरू में तो उसने चोरी से इनकार किया लेकिन जब सख्ती से पूछताछ हुई तो उसने वारदात के बारे में पूरी जानकारी दी।

# 'गीता माय लव, आइ एम कमिंग...'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। युवक का शव पेड़ से लटकते हुए मिला। इसी जगह दीवार पर लाल स्याही से मोबाइल नंबर के साथ लिखा, गीता माय लव। आइ एम कमिंग। इसके बाद हस्ताक्षर भी किए हैं। पुलिस ने दीवार पर लिखे मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन बात नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

गुरुवार शाम पुलिस को माता मनसा देवी रोड सेक्टर-7 स्थित एक पेड़ से युवक के

**जांच शुरू**

**लाल स्याही से लिखकर शख्स ने दे दी जान, बाहरी दिल्ली के नरेला में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत**

लटने की जानकारी मिली। पुलिस को 30-32 वर्षीय युवक के शव को पेड़ पर फंदे पर लटकते हुए पाया। युवक के पास से पहचान लायक दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस आसपास के लोगों और थानों से संपर्क करके मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है।



दिल्ली की झिलमिल कॉलोनी में छठ पूजा के पावन पर्व के अंतिम दिन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं।

# सीबीआईसी ने कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स को दी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तहत लॉजिस्टिक के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और दक्षता तथा सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स (सीबीआईसी) ने कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स (सीसीएसपी) के लिए राहत देने का ऐलान किया है। इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार कस्टम एरियाज रेगुलेशंस 2009 के अनुसार पहले कस्टम एरिया में रखी की गई सामग्री के लिए कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स को 10 दिन की अवधि के लिए बीमा करवाना आवश्यक था?, लेकिन अब इसे कम करके 10 दिन की जगह 5 दिन कर दिया गया है। ऐसा होने से कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स की लागत में कमी आएगी, जिससे कैश फ्लो में बढ़ोतरी हो सकेगी। इसके साथ इंटरनेशनल ऑपरेशनल स्टैंडर्ड के मानकों को पूरा करने वाले कस्टम कार्गो सर्विस प्रोवाइडर्स को अपने लाइसेंस की नवीनीकरण प्रक्रिया से भी राहत दे दी गई है। उनके लाइसेंस को अब इंटरनेशनल ऑपरेशनल स्टैंडर्ड के अनुज्ञप्ति पत्र के साथ ही सिंक्रोनाइज कर दिया जाएगा।

# तिहाड़ में बंद यासिन मलिक का तत्काल इलाज कराने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने हत्या और टेरर फंडिंग मामले में तिहाड़ जेल में सजा काट रहे यासिन मलिक को एम्स या कश्मीर में तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग पर सुनवाई करते हुए नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) को नोटिस जारी किया है। जस्टिस अनूप कुमार मेंहदीरत्ता ने यासिन मलिक की मेडिकल स्टेटस रिपोर्ट तलब करके मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को यासिन मलिक को जरूरी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यासिन मलिक 01 नवंबर से जेल में भूख हड़ताल पर है। सुनवाई के दौरान यासिन मलिक की



ओर से पेश वकील ने कहा कि भूख हड़ताल की वजह से याचिकाकर्ता की तबीयत खराब हो गई है। यहां तक कि वो अपने पैरों पर भी खड़ा नहीं हो पा रहा है। याचिकाकर्ता को स्ट्रेचर पर रखा गया है। ये एक बेहत आपात स्थिति है। याचिकाकर्ता के जीवन और मौत के बीच फासला कम है।

इससे पहले 25 मई, 2022 को पटियाला हाउस कोर्ट ने हत्या और टेरर फंडिंग के मामले में दोषी करार दिए गए यासिन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने यासिन मलिक पर यूएपीए की धारा 17 के तहत उम्रकैद और दस लाख रुपये

**नोटिस जारी**

**चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया है**

का जुर्माना, धारा 18 के तहत दस साल की कैद और दस हजार रुपये का जुर्माना, धारा 20 के तहत दस वर्ष की सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना, धारा 38 और 39 के तहत पांच साल की सजा और पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। कोर्ट ने यासिन मलिक पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के तहत दस वर्ष की सजा और दस हजार रुपये का जुर्माना, धारा 121ए के तहत दस साल की सजा और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। कोर्ट ने कहा था कि यासिन मलिक को मिली ये सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इसका मतलब अधिकतम उम्रकैद की सजा और दस लाख रुपये की सजा प्रभावी होगी। यासिन मलिक ने 10 मई, 2022 को अपना गुनाह कबूल कर लिया था। 16 मार्च, 2022 को कोर्ट ने हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, राशिद इंजीनियर, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताफ अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। एनआईए के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन, जेकेएलएफ, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमले और हिंसा को अंजाम दिया। वर्ष 1993 में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई। एनआईए के मुताबिक हाफिज सईद ने हुर्रियत कांफ्रेंस के नेताओं के साथ मिलकर हवाला और दूसरे चैनलों के जरिये आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन का लेन-देन किया।

# सीएम ने की शहरी विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लॉट आवंटियों को एन्हांसमेंट से संबंधित मामलों के निपटान और आवंटियों को राहत देने के उद्देश्य से विवादों का समाधान योजना शुरू करने की घोषणा की है। योजना की शुरूआत श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर, 2024 को होगी और 6 माह तक योजना लागू रहेगी। इस योजना के तहत लगभग 7000 से अधिक प्लॉट आवंटियों को बड़ी राहत मिलेगी । मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 127वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 65 एजेंडा रखे गए और सभी एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई। नायब सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि प्लॉट आवंटियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं चाहिए और



एन्हांसमेंट के अलावा अन्य लंबित मामलों का भी जल्द से जल्द निपटान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि पहले भी समय-समय पर विवादों का समाधान योजना शुरू की गई थी, जिसमें कुल मिलाकर अभी तक 40,762 डिफॉल्ट आवंटियों ने लाभ उठाया है और उन्हें लगभग 1560 करोड़ रुपये की राहत मिली है। अब 15 नवंबर, 2024 से एक बार फिर विवादों का समाधान योजना शुरू की जा रही है, जिसमें लगभग 7000 से अधिक आवंटियों को लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

**विस्थापितों को प्लॉट आवंटन के लिए जारी होगा विज्ञापन**
मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा नये सेक्टर विकसित करने के दौरान विस्थापितों को प्लॉट देने के मामले में निर्देश देते हुए कहा कि विस्थापितों को प्लॉट के लिए आवेदन करने हेतु समान अवसर दिया जाए और ऐसे लंबित मामलों, जिनमें विस्थापितों को प्लॉट नहीं मिला है, उनके लिए दोबारा से विज्ञापन जारी किया जाए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्राधिकरण की ओर से इस बारे संपूर्ण तैयारी कर ली गई है और जल्द ही अपनी नीति के अनुसार सेक्टरों में विस्थापितों के लिए आरक्षित प्लॉटों का विज्ञापन जारी किया जाएगा, जिसमें सभी विस्थापितों को आवेदन करने का अवसर मिलेगा।

**लंबित ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट के लिए भी 31 मार्च, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं आवंटी**

**घोषणा**
**एचएसवीपी प्लॉट आवंटियों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने की विवादों का समाधान योजना की घोषणा**

बैठक के दौरान हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्लॉट आवंटियों द्वारा किसी कारणवश ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट न लिये जाने बारे चर्चा की गई। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि इन प्लॉट आवंटियों का एक और अवसर दिया जाए, ताकि वे ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकें। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और अब ऐसे प्लॉट आवंटी, जो अभी तक ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त कर पाए हैं, वे 31 मार्च, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

**31 दिसंबर, 2024 तक गिफ्ट डीड के आधार पर भी हो सकेंगे प्लॉट ट्रांसफर, पुराने आवंटियों को होगा फायदा**
बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब गिफ्ड डीड के आधार पर भी प्लॉट के हस्तांतरण की अनुमति दी जाएगी। प्राधिकरण के निदेशों के अनुसार, पहले प्लॉट के हस्तांतरण की अनुमति केवल पंजीकृत बिक्री विलेख (सेल डीडी) पर ही मिलती थी। हालांकि, प्राधिकरण द्वारा प्लॉट की रजिस्ट्री की अनुमति प्रदान कर दी गई थी। लेकिन कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां उपहार विलेख (गिफ्ड डीड) के कारण प्लॉट हस्तांतरण नहीं हो सके। लेकिन एचएसवीपी ने नीति में संशोधन किया और ऐसे लोगों को राहत देने के लिए आज निर्णय लिया गया कि ऐसे संबंधित आवंटियों को 31 दिसंबर, 2024 तक एक बार अवसर दिया।

# 'बीजेपी सरकार ने किसानों को लाइन में खड़ा कर दिया'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार ने किसान को प्रताड़ित करने के लिए लाइन में खड़ा कर दिया है ताकि किसान अपने खेत में काम न कर सके। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि अन्नदाता को जहां अपनी फसल बेचने के लिए लाइन में लगना पड़ता है वहीं फसल उगाने के लिए जरूरी खाद, बीज और दवाइयां लेने के लिए भी लाइन में लगना पड़ता है। बीजेपी सरकार किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकारी संरक्षण में लोग डीएपी का बैग ब्लैक में बेच रहे हैं और मुख्यमंत्री ब्यान दे रहे हैं कि डीएपी खाद की उपलब्धता में कोई कमी नहीं है। सच्चाई यह है कि सरकार ने आयात में कमी करके जानबूझकर डीएपी खाद की कमी बनाई है। पिछले वर्ष के मुकाबले केंद्रीय स्टॉक में 14 लाख टन यानि 45 प्रतिशत डीएपी खाद की कमी है इसलिए किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रहा है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि यह हमारे प्रदेश का दुर्भाग्य है कि डीएपी खाद न मिलने पर किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। बड़े दुख की बात है कि कल ही उकलाना में एक किसान ने खाद न मिलने के कारण आत्महत्या कर ली। हलका बरोदा के गांव कोहला में बिना किसी मुआवजे के जबरदस्ती किसानों की जमीन पर तेल की पाइप लाइन बिछाई जा रही है उसका विरोध करने पर किसानों को लाठियों से पीटा गया। किसानों पर लगातार अत्याचार किए जा रहे हैं और बीजेपी सरकार जानबूझकर अंधी, गूंगी और बहरी बनी बैठी है। किसानों को खाद कम और पुलिस की लाठियां ज्यादा खानी पड़ रही हैं। प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं बचा है जहां किसान बीजेपी सरकार की प्रताड़ना सहन न कर रहा हो।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा कांग्रेस में पहले नियुक्त किए जाएंगे जिलाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में कांग्रेस अब संगठन खड़ा करने के लिए ऊपर से नीचे के बजाय नीचे से ऊपर स्थापना करेगी ।मतलब है कि कांग्रेस जिले से प्रदेश स्तर की ओर जाते हुए संगठन तैया करेगी ।पार्टी इस तरह जमीनी कार्यकताओं को मौका देना चाहती है। पार्टी हाल में नियुक्त सह प्रभारी जितेंद्र बघेल के जरिए अपना यह टास्क पूरा करना चाहती है ।समझा जा रहा है कि इसी खास मकसद से बघेल को सह प्रभारी बनाया गया है। एक दिन पहले ही मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने मीडिया को कहा था मौजूदा प्रभारी दीपक बावरिया ने संगठन नहीं बनने दिया ।उदयभान ने कहा कि बावरिया प्रदेश कांग्रेस द्वारा सौंपी गई सूची संगठन को पहुंचाने के बजाय खुद दबाकर बैठे रहे ।हरियाणा में इस तरह कांग्रेस का संगठन न बन पाना हमेशा ही विवाद का विषय रहा है ।संगठन न बन पाने का दोष नेता एक दूसरे पर ठेलते रहे है ।हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी एक परंपरा ही बन गई है ।हालांकि पिछले माह आठ अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस नेता एक दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी से बच रहे है ।इसका मतलब यह है कि हाई कमान ने सख्ती की हैं ।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा अभी मौन है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अब हरियाणा में पहले जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे ।इसके बाद ऊपर के पदों पर नियुक्ति की जाएगी ।हरियाणा में पिछले करीब दस साल से संगठन नहीं है ।विधानसभा चुनावों में हार के कारणों की समीक्षा में भितरघात का पहलू सामने आया है ।केंद्रीय नेतृत्व द्वारा बनाई गई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को चुनाव हारने वाले प्रत्याशियों ने बताया कि वे भितरघात के शिकार हुए ।हरियाणा कांग्रेस के नेता अब संगठन की अहमियत को समझ रहे है। उदयभान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार का कारण ई वी एम हैकिंग तो है ही संगठन का न होना भी एक कारण है ।कुमारी सैलजा ने भी कहा है कि संगठन कार्यकर्ता को पहचान दिलाता है।

### हिसार पुलिस ने चलाया नाकाबंदी अभियान, संदिग्धों पर रही नजर

**टीम एक्शन इंडिया**
हिसार: पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन के निदेर्शों पर जिला पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को चैकिंग की। इस दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नाकों पर तैनात रहे। नाकों पर चैकिंग के दौरान हिसार पुलिस ने लगभग 1200 वाहन चैक कर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 198 वाहन चालकों के चालान किए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार को सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने प्रभावी नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी ली। यातायात नियमों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की मुख्य सड़कों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस की टीमों द्वारा चैकिंग के दौरान संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक किया। अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को अपनी लेन में वाहन चलाने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना व सड़क सुरक्षा को बढ़ाना है। पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन ने आमजन से भी अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, सड़क पर वाहन पार्क न करें। चैंकिंग के समय और यातायात के सुगम संचालन में पुलिस की मदद करें। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में डायल 112 पर कॉल करें।

### डयूटी से लौट रही महिला सिपाही के साथ छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल:** पलवल में डयूटी से घर लौट रही महिला सिपाही को एक युवक द्वारा रास्ते में रोककर टक्कर मारने और गंदी गालियां देते हुए छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। मुंडकटी थाना पुलिस ने महिला सिपाही की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर स्कूटी नंबर के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जिला नूंह थाने में सिपाही के पद पर नौकरी करने वाली महिला सिपाही ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह थाने में अपनी ड्यूटी समाप्त करने के बाद गुरुवार की शाम स्कूटी से घर लौट रही थी। जब वह होडल-पुन्हाना मोड से एक स्कूटी सवार लड़के ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपी ने स्कूटी को रोकने के लिए टक्कर मारने की कोशिश की।

# आमजन की समस्या का समाधान पहली प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने हिसार जिला के गांव मीरंका, डाबड़ा, सातरोड कलां, सातरोड खुर्द तथा मिल गेट का धन्यवादी दौरा किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा देश का एक ऐसा राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीद की जा रही है। किसान का एक-एक दाना सरकार द्वारा खरीद किया जाएगा। गांव सातरोड कलां में लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने डीएससी समाज की

**धन्यवादी दौरा**
**हरियाणा देश का एक ऐसा राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीद की जा रही**

चौपाल के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। रणबीर गंगवा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने वायदे को पूरा करते हुए 25 हजार युवाओं को नौकरी दी है। युवाओं का सपना साकार हुआ है, बिना खर्ची-पर्ची के योग्य पात्रों को नौकरी मिली है।

# 35 भवनों पर जमकर गरजा बुलडोजर

**अवैध रूप से बने हुए 35 भवनों पर चला बुलडोजर, इस कार्रवाई से ग्रमीणों में हड़कंप मचा हुआ है, लोगों ने कोर्ट के फैसले को दोबारा से कोर्ट में चुनौती**

**टीम एक्शन इंडिया**
**तिगांव:** फरीदाबाद के तिगांव में पंचायत भूमि में अवैध रूप से बने हुए 35 भवनों को खंड कार्यालय के दस्ते ने अर्थमूवर से तोड़ दिया। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट तिगांव उपतहसील के नायब तहसीलदार पंकज कुमार थे और तिगांव थाना पुलिस मौजूद थी। तिगांव के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि गांव में पंचायत की भूमि पर 78 ग्रामीणों ने कब्जा करके मकान बनाए हुए हैं। इनके खिलाफ पंचायत ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था।



अदालत ने 78 निमार्णों को तोड़ने के आदेश दे दिए। 43 ग्रामीणों ने कोर्ट के इस फैसले को दोबारा से कोर्ट में चुनौती दे दी। 35 ग्रामीणों ने कोर्ट में चुनौती नहीं दी। इन ग्रामीणों के भवनों को शुक्रवार को तोड़ दिया गया।

**गुरुग्राम में जमकर गरजा बुलडोजर**
गुरुग्राम में बुलडोजर एक्शन हुआ था। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के जिला नगर योजनाकार एनफोर्समेंट (डीटीपीई) ने भोंडसी और अलीपुर गांव में अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाए। इन कॉलोनियों को कृषि जमीन पर बिना मंजूरी के भू-माफिया द्वारा जमीन मालिकों के साथ मिलकर विकसित किया जा रहा था। विभाग की ओर से तहसीलदार को इन क्षेत्रों में रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए पत्र लिखा गया है। साथ ही जमीन मालिकों और भू-माफिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र भेजा गया है। वहीं, अलीपुर में तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया था। इस कार्रवाई से पूरे गांव में हड़कंप मच गया था।

# उषा अर्ध्य के साथ छठ पूजा महापर्व संपन्न, भोर होते ही पहुंचने लगे थे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल: पलवल में** लोक आस्था का चार दिवसीय छठ पर्व शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ संपन्न हो गया। श्रद्धालुओं के जन सैलाब का जो दृश्य गुरुवार को अस्त होते सूर्य के समय नजर आया था, वहीं कुछ शुक्रवार की सुबह भी देखने को मिला। वर्ती श्रद्धालु उगते सूर्य को अर्ध्य देने हेतु भारी संख्या में मुख्य आयोजन स्थल अगवानपुर छठ घाट परिसर में पहुंचे। जहां भगवान भास्कर की जय तथा छठ माता की जय के

**संपन्न**
**अर्ध्य देने हेतु भारी संख्या में मुख्य आयोजन स्थल अगवानपुर छठ घाट परिसर में पहुंचे**

नारों के साथ व्रतियों ने उगते सूर्य को प्रणाम किया। श्रद्धालु भजन व लोकगीत सुनने में मस्त थे और अंधकार छटा भी न था कि सूर्योदय को अर्ध्य देने वाले व्रतियों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया। कुछ लोगों ने सिर पर भी पूजा का सामान लिया हुआ था। सुबह भी लोग गीत गाते हुए नाचते-गाते कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सभी को अस्थायी रूप से बनाए गए तालाब में प्रवेश कर अर्ध्य देने की जल्दी थी।

इस दौरान आयोजक संस्था पूर्वांचल जन कल्याण समिति के प्रधान विजय पटेल व उनकी टीम व्यवस्था संभालते नजर आए। उगते सूर्य की पहली किरण जिसे उषा भी कहा जाता है के साथ ही अर्ध्य देने का क्रम शुरू हो गया।

# पर्यटन विभाग के निदेशक ने किया लौहगढ़ का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा सरकार आदिबद्री क्षेत्र व लौहगढ़ क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कदम उठा रही है और इन दोनों क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है। यह जानकारी टूरिज्म विभाग के निदेशक डॉ शालीन ने आज यमुनानगर जिला के आदिबद्री क्षेत्र व लौहगढ़ क्षेत्र का दौरा करते हुए दी। वे लौहगढ़ क्षेत्र के विकास की योजना बनाने के दृष्टिगत अन्य अधिकारियों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि लौहगढ़ बाबा बंदा सिंह बहादुर की राजधानी रहा है।

# छठ पूजा के लिए उमड़ पड़े लोग



**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर: जिला में रह रहे पूर्वांचल** के लोगों ने सूर्य की आराधना का पर्व छठ पूजा धूमधाम से मनाया। बहादुरगढ़ में एक लाख से अधिक लोगों ने छठ पर्व मनाया। यहां के तीन प्रमुख घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पूर्वांचल मूल के लोग उमड़ पड़े। शहर में एक लाख से अधिक लोगों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत खोला। उद्योग नगरी बहादुरगढ़ में रह रहे पूर्वांचल मूल के तमाम लोगों ने छठ पर्व बेहद श्रद्धा के साथ मनाया। गुरुवार की सुबह बहादुरगढ़ माइनर पर मुख्य जल घर के निकट, शहर के लाइन पार्क क्षेत्र स्थित सूर्य मंदिर के पास बने अस्थाई घाट और बहादुरगढ़ माइनर के किनारे गांव कसर के निकट बड़ी संख्या में लोगों ने पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। शहर के वार्ड-30 के सैनिक नगर में बिहार नव युवक पूर्वांचल संघ समिति की ओर से सैनिक नगर बारातघर

**आराधना**
**तीन प्रमुख घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पूर्वांचल मूल के लोग उमड़ पड़े**

के पास छठ पूजा व विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेविका व नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी ने शिरकत की। पूर्वांचलवासियों ने छठ महापर्व पूरे उमंग, उत्साह के साथ मनाया। सैनिक नगर में नहर किनारे पूजा घाट पर नगर पार्षद डा. नीना सतपाल राठी की ओर से पूरी व्यवस्था करवाई गई। उन्होंने पूर्वांचलवासियों को छठ महापर्व की बधाई देते उनके साथ इस पर्व की खुशियां मनाई और छठीं मैया से सभी के स्वस्थ एवं समृद्ध और खुशहाल जीवन की कामना भी की।

# हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर सस्पेंस बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे चरण की शुरूआत आगामी 13नवंबर को राज्यपाल की अभिभाषण से होने जा रही है लेकिन प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर सस्पेंस बरकरार है ।हरियाणा कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि विधायक अशोक अरोड़ा और चंद्रमोहन विश्नोई में से किसी एक को नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम पिछले माह आठ अक्टूबर को आए थे ।कांग्रेस लगातार तीसरे चुनाव में हरियाणा की सत्ता में नहीं



पहुंच सकी ।कांग्रेस कुल नब्बे सीट में 37सीट हासिल कर मुख्य विपक्षी दल की हैसियत में ही रही। इसके बाद से सस्पेंस बना हुआ है कि कांग्रेस विधायक दल का नेता कौन होगा ।कांग्रेस लगातार 2014,2019 और 2024 के विधानसभा चुनाव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के हाथ में कमान रहने के दौरान हारी है ।इसलिए सवाल उठ रहा है कि क्या हुड्डा को ही नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी फिर सौंपी जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति के लिए करीब एक पखवाड़ा पहले अखिल भारतीय कांग्रेस के पर्यवेक्षक विधायकों की राय लेकर गए थे लेकिन अब तक कोई फैसला नहीं किया गया।
मुख्यमंत्री नायब सैनी इस स्थिति पर तंज कर चुके है कि नेता प्रतिपक्ष गुम है उसे खोजा जाए।

**पशोपेश**
**मुख्यमंत्री नायब सैनी इस स्थिति पर तंज कर चुके है कि नेता प्रतिपक्ष गुम है उसे खोजा जाए**

# संगठन घड़े चलो गीत की धुन पर हरियाणा में भाजपा ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: गीत की धुन पर हरियाणा में शुरू किया गया भाजपा का सदस्यता अभियान।गीत का मुखड़ा है संगठन घड़े चलोंः:। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा महासचिव दुष्यंत गौतम की मोजूदगी में पार्टी की सदस्यता लेकर अभियान की शुरूआत की।भाजपा ने करीब डेढ़ माह के अभियान के दौरान हरियाणा में पचास लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। अब तक पांच लाख सदस्य बनाए जा चुके है।

सदस्यता अभियान के दौरान नए और पूर्व कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए मुख्यमंत्री के विशेष प्रचार सलाहकार गजेंद्र फोगाट द्वारा तैयार किया गया गाना संगठन घड़े चलो भी बजाया जा रहा है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान भी फोगाट के गीतों ने समा बांधा था। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने धुजरवार को मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर पर ' भारतीय जनता पार्टी के 'हरियाणा सदस्यता अभियान' की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर अत्यंत गौरवान्वित हूँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से आरंभ यह अभियान प्रदेश के 'हर गाँव- हर गली - हर घर- हर व्यक्ति' तक पहुंचेगा और सभी को 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के हमारे संकल्प से जोड़ेगा। सैनी ने कहा मैं प्रदेश के मेरे परिवारजनों से अपील करता हूँ कि टोल-फ्री नंबर - 8800002024 पर मिस्ड-कॉल अथवा नमो एप के माध्यम से या लिंक पर क्लिक करके भाजपा की सदस्यता ग्रहण करें और 'अंत्योदय' के संकल्प और नॉन-स्टॉप हरियाणा को विकसित बनाने के हमारे ध्येय को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं।

# किसानों को दबाने और उनका शोषण करने में लगी हुई है भाजपा सरकार: सैलजा

**कहा- पराली जलाने पर जुर्माना राशि दोगुना करने के केंद्र के फैसले की निंदा करती है कांग्रेस**

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि देश के अन्नदाता किसान के बारे में अच्छा सोचने के बजाय भाजपा सरकार किसानों को दबाने का और उनके शोषण करने के काम में लगी हुई है। कही उन पर जुमार्ना लगाया जा रहा है कही केस दर्ज किए जा रहे हैं। मंडियों में एक ओर जहां किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने अब पराली जलाने पर जुर्माना राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। कांग्रेस केंद्र के इस



फैसले की निंदा करती है। सरकार किसानों पर जुर्म करने के बजाए उन्हें प्रोत्साहित करें ताकि किसान पराली को जलाने के बजाए पराली से अपनी आय बढ़ा सके। मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि किसान आज भी अपने हकों की लड़ाई के लिए संघर्ष कर रहा है, किसान आंदोलन में अपने हक के लिए 750 किसान शहीद हो चुके हैं, सरकार उनकी बात सुनने के बजाए दमनकारी नीति से उन्हें दबाने और उनका शोषण करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने का काम अभी दो चार साल में शुरू नहीं हुआ, पहले से हो रहा है। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है इसमें कोई दो राय नहीं। सरकार ऐसी व्यवस्था करें ताकि किसान पराली न जला सके। पराली का सदुपयोग कर सरकार बिजली बना सकती है। सरकार चाहे तो जिला में पराली खरीदने के केंद्र बनाए जा सकते है। सरकार अपने स्तर पर पराली का निस्तारण करें। सरकार पराली जलाने वालों पर जुमार्ना करके या उनके खिलाफ केस दर्ज करवाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद अब केंद्र सरकार ने अपना गुस्सा किसानों पर उतारते हुए पराली जलाने पर जुमार्ना राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। पर्यावरण मंत्रालय ने वीरवार को एक नोटिफिकेशन जारी कर जुर्माना राशि दुगनी करने की जानकारी दी।

**विरोध**
**केंद्र सरकार ने अब पराली जलाने पर जुर्माना राशि दोगुनी करने का फैसला किया है**

# पिछले 10 वर्षों के दौरान जिला कारागारों में हुए काफी सुधार : डा. अरविंद शर्मा



**बदलाव**

**बंदियों के लिए सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं तथा उन्हें परिवार जैसा माहौल दिया जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के सहकारिता, पर्यटन एवं जेल मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्षों के दौरान जिला कारागारों में काफी सुधार हुए हैं और बंदियों के लिए सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं तथा उन्हें परिवार जैसा माहौल दिया जा रहा है, ताकि फिर से वे समाज में सामान्य नागरिक की तरह अपना जीवन व्यतीत कर सकें। डॉ. अरविंद शर्मा शुक्रवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सौजन्य से जिला कारागार में आयोजित गीता पाठ कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला जेलों में भी गीता पाठ की शुरूआत करवाना एक सराहनीय कदम है। श्रीमद्भगवत गीता में हर समस्या का समाधान है। गीता ज्ञान से व्यक्ति अपने जीवन में बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मस्थली है, उसी प्रकार से भगवान श्रीकृष्ण की कर्मभूमि धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र है। इस क्षेत्र का भी पर्यटन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए महाभारत सर्किट बनाने का कार्य शुरू किया गया है, ताकि देश-विदेश के श्रद्धालुओं को यहां के इतिहास की पूरी जानकारी मिल सके। डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि क्षणभर के क्रोध के कारण इंसान नियंत्रण खो बैठता है, जिसके कारण वह न चाहते हुए भी अपराध कर बैठता है। इस परिस्थिति से निपटने के लिए गीता ज्ञान जरूरी है। उन्होंने बंदियों का आह्वान किया कि जाने अनजाने में हुई गलती से हमें सीख लेनी चाहिए और यह संकल्प भी लें कि ऐसी गलती दोबारा न तो स्वयं न करें और न ही दूसरों को करने दें और एक अच्छे नागरिक बनके देश व समाज के नवनिर्माण में अपना भरपूर सहयोग दें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार बंदियों के पुनर्वास के लिए हरसंभव कदम उठाएगी और समाज में उनकी पुनःस्थापना के लिए समर्पित है।

# विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र में आयोजित पर्यटन समागम में लिया भाग

**पर्यटन क्षेत्र में**

**पर्यटन विभाग के विद्यार्थी डॉ. सोनिया और डॉ. प्रवीण कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज के पर्यटन प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र में आयोजित पर्यटन समागम में भाग लिया। पर्यटन विभाग की अध्यक्षा डॉ.सोनिया वधावन ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित इस समागम का विषय महाभारत कालीन क्षेत्र का पारिवारिकरण रहा और इसमें मुख्य अतिथि हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा रहे। डॉक्टर सोनिया वधावन ने बताया कि इस समागम का उद्देश्य कुरुक्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और विद्यार्थी पर्यटन के क्षेत्र में अनेक रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस समागम में डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि भविष्य में कुरुक्षेत्र का पर्यटन एक बहुत बड़ा उद्योग बनेगा और बहुत से लोग इसमें अपना रोजगार अपना कर अपना भविष्य बना सकते हैं।
पर्यटन विभाग हरियाणा के निदेशक आरके सुमन ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और कहा कि पर्यटन में रोजगार की भरपूर संभावनाएं है। पर्यटन सूचना अधिकारी संजय कुमार ने मंच का संचालन किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने बताया कि पर्यटन विभाग के विद्यार्थी डॉ. सोनिया और डॉ. प्रवीण कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# फसल अवशेष जलाने किसानों पर केस दर्ज



**सख्ती**

**यह कदम प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक सख्त संदेश है कि भविष्य में इस तरह के मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में धान की कटाई के बाद खेतों में अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ कृषि महकमा सख्त है। फानो में आग लगाने वाले पांच किसानों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों की माने तो किसानों को यह समझना होगा कि सरकारी आदेशों की अवहेलना से न केवल पर्यावरण का नुकसान होता है, बल्कि कानून की नजर में भी यह अपराध है। प्रशासन का यह कदम प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक सख्त संदेश है कि भविष्य में इस तरह के मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा।
शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में फसल अवशेषों में किसानों द्वारा की जाने वाली आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और किसानों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से ग्राम स्तरीय निगरानी टीम का गठन किया गया है, जिसका कार्य हरसेक सैटेलाइट से मिलने वाले इनपुट और किसानों द्वारा की जाने वाली आगजनी की घटनाओं का मौका मुआयना करना है। बीती रात कृषि विभाग ने पांच किसानों के खिलाफ केस दर्ज कराए हैं। करनाल के घरौंडा में चार किसानों और निसिंग में एक किसान पर मामला दर्ज हुआ है। निसिंग के बुढ?पुर में एक नवंबर को किसान ने आग लगा दी थी। निगरानी टीम मौके पर पहुंची तो उसे देख किसान मौके से फरार हो गया था, चूंकि किसान गांव का ही रहने वाला था, इसलिए बाद में उसको पकड़ लिया गया। किसान विकास के खिलाफ निसिंग थाना में मामला दर्ज किया गया। गांव शेखपुरा खालसा में सोमबीर ने अपने खेतों में लगभग दो एकड़ में अवशेष जलाए। ग्राम स्तरीय निगरानी टीम ने 22 सितम्बर को इस मामले का खुलासा किया।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला से गले से झपटी चेन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर 8 में एक महिला के गले से दो बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। पीड़िता अपने किसी रिश्तेदार के घर जा रही थी और रास्ते में ही आरोपियों ने स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया। घटना के दौरान सोने की चैन का एक हिस्सा महिला के पास रह गया, जबकि बाकी हिस्सा बदमाश ले गए। करनाल के सेक्टर-8 निवासी संतोष रानी वीरवार की देर शाम को पैदल अपने रिश्तेदार के घर जा रही थी। उनके साथ एक अन्य महिला बिमला भी मौजूद थी। जैसे ही वे सेक्टर 8 में मकान नंबर 355 के पास पहुंची, तभी दो अज्ञात युवक बाइक पर उनके पास से गुजरे और वापस मुडकर उनके पीछे आए। अचानक ही उन दोनों ने संतोष के गले से सोने की चेन खींच ली। इस वारदात में चेन का एक हिस्सा संतोष के पास रह गया, जबकि बाकी चैन बदमाश छीनकर ले गए।

## मशरूम फार्म से मजदूरों का मोबाइल व नकदी चोरी

**गन्नौर:** खुबडू गांव में चोर मशरूम फार्म में घुस कर मजदूरों का मोबाइल फोन व नकदी चोरी कर ले गए। फार्म मालिक ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में कासंडी गांव के जोगिंद्र ने बताया कि उसने खुबडू गांव में 2 एकड़ जमीन जोगिंद्र से मशरूम फार्म लगाने के लिए दामों पर ले रखी है।
उसके पास मजदूर आए हुए थे। 5 नवंबर को चोर उसके फार्म पर मजदूरों के कमरे से 21 हजार रुपये नकद व एक मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने जोगिंद्र की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छठ पूजा के दौरान नहर में डूबा युवक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पश्चिमी यमुना नहर में सुबह छठ पूजा घाट पर डूबने से एक प्रवासी युवक की मौत हो गई। युवक छठ पूजा के दौरान घाट पर नहाने के लिए गया। युवक के डूबने की सूचना के बाद गोताखोरों की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। मृतक के परिजन रामकुमार ने बताया कि 18 वर्षीय दीपक मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। वह अपने परिवार के साथ करनाल में रहता था। जो अब सेक्टर-12 में अपनी मां और बहनों के साथ किराए के मकान पर रहता था है। दीपक दिहाड़ी मजदूरी करता था। रामकुमार ने बताया कि दीपक परिवार का इकलौता बेटा था और अविवाहित था। दीपक ने छठ माता का व्रत रखा हुआ था। सुबह छठ पूजा पर ही दीपक नहाने के लिए नहर में गया था और उसी वक्त वह डूब गया।

# छात्र अंकित का शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र अंकित ने सात नवंबर को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा कैनरी शूटिंग क्लब, न्यू ग्रेन मार्केट, रेवाड़ी में आयोजित इंटर कॉलेज शूटिंग (पुरुष) चौंपियनशिप 2024-25 में चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय का गौरव बढ़ा है, बल्कि छात्र अंकित ने अपने प्रयास और कठिन परिश्रम से एक नई प्रेरणा का संचार किया है। विद्यार्थी अंकित का महाविद्यालय में पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. विजय यादव, खेल प्रभारी डॉ. शमशेर सिंह एवं समस्त महाविद्यालय के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और इस सफलता पर बधाई दी।

# विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**डीएवी सैंट**नरी पब्लिक स्कूल के आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण हेतु फ्लाइंग हॉर्स इंपैक्स प्राइवेट लिमिटेड में ले जाया गया।जहां विद्यार्थियों ने हैंडलूम व पावरलूम द्वारा द्वारा कपड़े को कैसे बूना जाता है और किस प्रकार कपड़े की रंगाई की जाती है, इस सारी प्रक्रिया को देखा व समझा।
विद्यार्थियों ने वहां रजाई, कंबल व चद्दर निर्मित होते हुए देखी। विद्यालय में आकर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव प्रधानाचार्या भव्या शर्मा के साथ सांझे किए। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम टैगोर हाउस इंचार्ज गरिमा रोहिल्ला द्वारा आयोजित किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों केसाथ समिता, मीनाक्षी चोपड़ा व अंजली शर्मा अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03240006B | फ्लेक्सिबल पोली विनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ्लोरिंग फॉर ए सी कोचेस | 4895 मीटर | 02.12.24 |
| 02 | 04240032 | ओप्टीगियर ई पी 220 आयल फॉर गियर बॉक्स | 5200 लीटर | 03.12.24 |
| 03 | 01240032 | स्टेनलेस स्टील वायर रोप | 3317 नग | 03.12.24 |
| 04 | 15245210 | हाई स्पीड प्रिसिशन लेथ मशीन | 2 नग | 04.12.24 |
| 05 | 77249070 TMC | प्राइस एग्रीमेंट फॉर ट्रैक मशीन स्पेयरस मेक प्लासर | 01 सेट | 09.12.24 |
| 06 | 04230058D | सर्वो प्लेक्स एस एच सी -120 ग्रीस फॉर टी एम बेअरिंग एंड सस्पेंशन ट्यूब | 18200 किलोग्राम | 09.12.24 |
| 07 | 07240085A | वाटर टैंक असेंबली | 230 नग | 09.12.24 |
| 08 | 07241080A | ओवर हॉलिंग किट फॉर डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 219 सेट | 16.12.24 |
| 09 | 11242022A | मैन्युअल मेटल अर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड्स, क्लास ए - 2 | 738135 मीटर | 16.12.24 |
| 10 | 11232040 | मैन्युअल मेटल अर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड, क्लास एम 4 | 354529 नग | 23.12.24 |
| 11 | 09243008 | इनेमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग | 41361 लीटर | 30.12.24 |
| 12 | 15245083 | शॉट ब्लास्टिंग एंड पीनिंग प्लांट | 01 नग | 30.12.24 |
| 13 | 09243050 | जेनशन ब्लू इनेमल फिनिशिंग पेंट | 112964 लीटर | 08.01.25 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.- 70/2024-2025, दिनांक 08.11.2024 3492/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2024

दीपावली व छठ त्यौहारों के उपरांत यात्रा करने वाले रेलयात्रियों की भारी संख्या के सुगम आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**03401/03402 भागलपुर-आनन्द विहार(टर्मि.)-भागलपुर अनारक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03401 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03402 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:45 | भागलपुर | 10:30 | --- |
| 07:00 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 10:00 |

चलने के दिन: 03401 भागलपुर से दिनांक 09.11.2024 एवं 10.11.2024 को और 03402 आनन्द विहार (टर्मि.) से दिनांक 10.11.2024 एवं 11.11.2024 को; स्थान: शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, लक्खीसराय जं., हाथीदा जं., मोकामा जं., बख्तियारपुर जं., पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**02181/02182 जबलपुर-हज़रत निज़ामुद्दीन-जबलपुर सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02181 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02182 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:20 | जबलपुर | 04:45 | --- |
| 12:15 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 13:25 |

चलने के दिन: 02181 जबलपुर से दिनांक 09.11.2024 एवं 14.11.2024 को और 02182 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 10.11.2024 एवं 15.11.2024 को; स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, बीना मालखेड़ी, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09093/09094 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर-वल्साड अनारक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09093 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09094 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:00 | बान्द्रा टर्मिनस | --- | --- |
| --- | --- | बलसाडा | 01:05 | --- |
| 07:18 | 07:28 | लखनऊ | 01:42 | 01:52 |
| 15:05 | --- | गोरखपुर | --- | 18:05 |

चलने के दिन: 09093 बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 10.11.2024 एवं 17.11.2024 को और 09094 गोरखपुर से दिनांक 11.11.2024 एवं 18.11.2024 को;
स्थान: सामान्य
ठहराव: बोरीवली, वापी, बलसाड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम, कोटा, भरतपुर जं., मथुरा जं., कासगंज, फर्रूखाबाद जं., गुरसहायगंज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं., बलरामपुर, तुलसीपुर, सिद्धार्थनगर एवं आनन्दनगर जं. स्टेशन।

**03639/03640 गया जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-गया जं. अनारक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03639 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03640 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:50 | गया जं. | 03:45 | --- |
| 10:00 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 12:00 |

चलने के दिन: 03639 गया जं. से दिनांक 09.11.2024 एवं 11.11.2024 को और 03640 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 10.11.2024 एवं 12.11.2024 को; स्थान: शयनयान
ठहराव: अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी-ऑन-सोन, सासाराम जं., भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**03227/03228 आरा-आनन्द विहार(टर्मि.)-आरा अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03227 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03228 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:45 | आरा | 04:00 | --- |
| 07:15 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 09:30 |

चलने के दिन: 03227 आरा से दिनांक 09.11.2024 एवं 11.11.2024 को और 03228 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 10.11.2024 एवं 12.11.2024 को; स्थान: सामान्य
ठहराव: बिहिया, डुमराँव, बक्सर, गहमर, दिलदार नगर जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**05576 सरहिन्द-सहरसा अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05576 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| सहरसा | 09:45 | --- |
| सरहिन्द | --- | 02:00 |

चलने के दिन: 05576 सरहिन्द से दिनांक 10.11.2024 को;
स्थान: सामान्य
ठहराव: सिमरी बख्तियारपुर, मानसी जं., खगड़िया जं., हसनपुर रोड, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर जं., सीतापुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला छावनी एवं राजपुरा जं. स्टेशन

**05577/05578 सहरसा-आनन्द विहार(टर्मि.)-सहरसा एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05577 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05578 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:10 | सहरसा | 19:00 | --- |
| 13:00 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 16:00 |

चलने के दिन: 05577 सहरसा से दिनांक 09.11.2024 एवं 12.11.2024 को और 05578 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 10.11.2024 एवं 13.11.2024 को;
स्थान: शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: सिमरी बख्तियारपुर, मानसी जं., खगड़िया जं., बेगुसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., छपरा जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद, एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**05581/05582 दरभंगा जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-दरभंगा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05581 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05582 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:30 | दरभंगा जं. | 19:30 | --- |
| 18:00 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 20:00 |

चलने के दिन: 05581 दरभंगा जं. से दिनांक 09.11.2024 एवं 12.11.2024 को और 05582 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 10.11.2024 एवं 13.11.2024 को;
स्थान: शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: कमतौल, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं., सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, मुरादाबाद, एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**05583/05584 रक्सौल जं.-अमृतसर-रक्सौल जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05583 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05584 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:00 | रक्सौल जं. | 19:00 | --- |
| 06:00 | --- | अमृतसर | --- | 10:00 |

चलने के दिन: 05583 रक्सौल जं. से दिनांक 09.11.2024 एवं 13.11.2024 को और 05584 अमृतसर से दिनांक 11.11.2024 एवं 15.11.2024 को;
स्थान: शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: नरकटियागंज जं., गोरखपुर, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला छावनी एवं लुधियाना स्टेशन।

**03317/03318 दानापुर-आनन्द विहार(टर्मि.)-दानापुर विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03317 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03318 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:15 | दानापुर | 21:45 | --- |
| 02:00 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 04:00 |

चलने के दिन: 03317 दरभंगा जं. से दिनांक 09.11.2024 एवं 11.11.2024 को और 03318 आनन्द विहार(टर्मि.) से दिनांक 10.11.2024 एवं 12.11.2024 को;
स्थान: शयनयान एवं सामान्य; ठहराव: आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**04050/04049 दिल्ली जं.-कोलकाता-दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04050 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04049 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:55 | दिल्ली जं. | 11:20 | --- |
| 03:30 | --- | कोलकाता | --- | 07:40 |

चलने के दिन: 04050 दिल्ली जं. से दिनांक 09.11.2024 को और 04049 कोलकाता से दिनांक 11.11.2024 को;
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., किऊल, झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन

**04243/04244 लखनऊ-दिल्ली जं.-लखनऊ आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04243 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04244 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:50 | लखनऊ | 21:40 | --- |
| 08:30 | --- | दिल्ली जं. | --- | 10:00 |

चलने के दिन: 04243 लखनऊ से दिनांक 09, 11, 13, 15 एवं 17.11.2024 को और 04244 दिल्ली जं. से दिनांक 10, 12, 14, 16 एवं 18.11.2024
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़ एवं साहिबादबाद स्टेशन

**04209/04210 वाराणसी-दिल्ली जं.-दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | वाराणसी | 11:00 | --- |
| 13:20 | --- | दिल्ली जं. | --- | 15:40 |

चलने के दिन: 04209 वाराणसी से दिनांक 09, 13, एवं 16.11.2024 को और 04210 दिल्ली जं. से दिनांक 10, 14, एवं 17.11.2024 को;
स्थान: प्रथम वाता., 3 टियर वाता, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव: जौनपुर जं., शाहगंज, अयोध्या कैंट, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं साहिबाबाद स्टेशन।

**04081/04082 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04081 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:40 | --- | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

चलने के दिन: 04081 नई दिल्ली से दिनांक 09.11.2024 एवं 14.11.2024 को और 04082 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से दिनांक 10.11.2024 एवं 15.11.2024 को;
स्थान: 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव: सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04002/04001 नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली सुपरफास्ट त्यौहार विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04002 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04001 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:40 | नई दिल्ली | 20:50 | --- |
| 21:00 | --- | मुंबई सेंट्रल | --- | 23:30 |

चलने के दिन: 04002 नई दिल्ली से दिनांक 09, 12, एवं 15.11.2024 को और 04001 मुंबई सेंट्रल से दिनांक 10, 13 एवं 16.11.2024 को;
स्थान: 3 टियर वाता. इकोनॉमी
ठहराव: मथुरा, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# संपादकीय

## ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा

**स्कूली** शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न पहलों के बावजूद भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह मुद्दा जटिल है और सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और ढांचागत कारकों से प्रभावित है। यहां कुछ प्रमुख पहलू दिए गए हैंः 1. सांस्कृतिक और सामाजिक बाधाएँ पितृसत्तात्मक मानदंडः कई ग्रामीण समुदायों में, लड़कियों की तुलना में लड़कों को शिक्षित करने को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। यह प्राथमिकता उन पारंपरिक विचारों में निहित है जो भविष्य में कमाने वाले के रूप में लड़कों को प्राथमिकता देते हैं। जल्दी विवाहः लड़कियों पर अक्सर जल्दी विवाह करने का दबाव डाला जाता है, जिससे उनकी शिक्षा में कमी आती है। ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह की औसत आयु शहरी क्षेत्रों की तुलना में कम है, और इसका सीधा असर लड़कियों की माध्यमिक या उच्च शिक्षा पूरी करने की संभावनाओं पर पड़ता है। सुरक्षा संबंधी चिंताएँः माता-पिता अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं, खासकर यदि स्कूल दूर हों, जिसके कारण कुछ परिवार अपनी बेटियों को यात्रा-संबंधी सुरक्षा समस्याओं के जोखिम के बजाय घर पर ही रखते हैं। 2. आर्थिक बाधाएँ गरीबीः कई ग्रामीण परिवार गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं और अपने बच्चों की शिक्षा के बजाय काम को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे मामलों में, लड़कियों को अक्सर घरेलू काम-काज या परिवार की आय में योगदान देने का काम सौंपा जाता है, जिससे शिक्षा कम सुलभ हो जाती है। शिक्षा की लागतः जबकि प्राथमिक शिक्षा अक्सर मुफ़्त होती है, माध्यमिक शिक्षा में वर्दी, किताबें और परिवहन की लागत शामिल हो सकती है, जो गरीब परिवारों को लड़कियों को स्कूल भेजने से हतोत्साहित करती है। 3. बुनियादी ढांचे की चुनौतियाँ स्कूल की उपलब्धताः कई ग्रामीण क्षेत्रों में माध्यमिक विद्यालयों तक पहुंच सीमित है या बिल्कुल नहीं है, जिससे छात्रों को लंबी दूरी तय करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो लड़कियों के लिए एक बाधा है। शौचालय और स्वच्छता सुविधाओं की कमीः अपर्याप्त स्वच्छता, विशेष रूप से लड़कियों के शौचालयों की कमी, उन किशोरियों के लिए एक महत्वपूर्ण बाधा है जो मासिक धर्म के दौरान स्कूल छोड़ सकती हैं या असुविधा और शर्मिंदगी के कारण पूरी तरह से पढ़ाई छोड़ सकती हैं। शिक्षकों की कमी और गुणवत्ताः ग्रामीण स्कूलों में अक्सर योग्य शिक्षकों और संसाधनों की कमी होती है। शिक्षक, विशेष रूप से महिला शिक्षक, दुर्लभ हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करता है और शिक्षा क्षेत्र में लड़कियों के रोल मॉडल को सीमित करता है। 4. सरकार और एनजीओ प्रयास बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओः इस पहल का उद्देश्य सुरक्षा और शिक्षा दोनों पर ध्यान केंद्रित करके लड़कियों की स्थिति में सुधार करना है। यह एक समग्र दृष्टिकोण है जो सामाजिक दृष्टिकोण और शिक्षा पहुंच दोनों को लक्षित करता है। मध्याह्न भोजन योजनाः निःशुल्क भोजन प्रदान कर-के, यह कार्यक्रम स्कूल में उपस्थिति को प्रोत्साहित करता है। कई परिवारों के लिए, यह भोजन लड़कियों सहित अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन है।

# राजघरानों की ' दुखती रग 'पर राहुल गाँधी का हाथ

राजेश माहेश्वरी

> "राहुल और सिंधिया लेख भी लिखते हैं ये मुझे पता नहीं था,किन्तु राहुल के लेख पर उफनते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लिखा कि - 'अपने स्वयं के विशेषाधिकार के बारे में आपकी चयनात्मक स्मृतिलोप उन लोगों के लिए एक अपमान है जो वास्तव में विपरीत परिस्थितियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। आपका असंगति केवल कांग्रेस के एजेंडे को और अधिक उजागर करती है - राहुल गांधी आत्मनिर्भर भारत के कोई चैंपियन नहीं हैं; वह केवल एक पुराने अधिकार का उत्पाद हैं। भारत की विरासत की शुरूआत या अंत 'गांधी' उपनाम से नहीं होती है। केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारे वास्तविक योद्धाओं की कहानियों का अंततः जश्न मनाया जा रहा है। भारत के इतिहास का सम्मान करें, या उसके लिए बोलने का दिखावा न करें"

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अच्छे आदमी नहीं हैं । अच्छे आदमी इसलिए इसलिए नहीं हैं क्योंकि वे दूसरों की 'दुखती रग' पर हाथ रख देते है। इस बार उन्होंने गुलाम भारत के उन राजघरानों के बारे में लिख दिया जो आजाद भारत में भी अपने आपको राजा-महाराजा समझते हैं। हालाँकि हैं नहीं और अब उनके लिए दोबारा राजपाट मिलने की भी कोई संभावना भी नहीं है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने व्यापार और बाजार परिदृश्य पर विचार प्रस्तुत करते हुए लेख लिखा जो एक अंग्रेजी अखबार में छपा। ये अखबार किसी जमाने में कांग्रेस का प्रबल विरोधी अखबार था। अखबार का नाम है ' इंडियन एक्सप्रेस ।

राहुल के लेख में उन्होंने एकाधिकार और नफरत फैलाने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने शाही परिवारों को भी निशाने पर लिया। राहुल गाँधी का लेख पढ़ते ही राजघरानों के लोगों को आग सी लग गयी। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राहुल गांधी के लेख की आलोचना की। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में झाँसी की रानी के साथ कथित गद्दारी का कलंक लिए घूमने वाले ग्वालियर के सिंधिया राजघराने के मौजूदा चश्मों चिराग केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी राहुल गांधी की टिप्पणी पर अपनी नाराजगी जताई। आपको अतीत में ले जाना चाहता हूँ । हमने पढ़ा है तो आपने भी पढ़ा ही होगा कि भारत में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में हिन्दू राजा-महाराजाओं , नवाबों की रियासतें हुआ करतीं थी। यानि जैसे आज आजाद राष्ट्र में एक महाराष्ट्र है वैसे ही गुलाम भारत में एक -दो नहीं बल्कि पूरी 565 रियासतें थीं।यानि 565 हिंदुस्तान। ये सब स्वतंत्र होकर भी परतंत्र थे लेकिन मजे में थे । अंग्रेजों के साथ अधिकांश राजघरानों की संधियां थी।कुछ की तो मुगलों से भी संधियां रहीं। अंग्रेज इन्हें इनाम-इकराम और बड़े -बड़े तमगे भी दिया करते थे, लेकिन इनमें से बहुत से राजघराने थे जो अंग्रेजों से लगातार मुठभेड़ें भी लेते रहते थे ,लेकिन उनकी ये मुठभेड़ें निजी नफा-नुक्सान को लेकर हुआ करतीं थीं।

आजकल लोग अखबार कम पढ़ते हैं लेकिन सोशल मीडिया ज्यादा देखते हैं इसीलिए राहुल गाँधी ने भी अपने ' एक्स ' के पन्ने पर पर अपना लेख साझा करते हुए लिखा कि अपना भारत चुनें निष्पक्ष खेल



या एकाधिकार? नौकरियां या कुलीनतंत्र? योग्यता या रिश्ते? नवाचार या डरा-धमकाना? बहुतों के लिए धन या कुछ चुनिंदा लोगों के लिए? मैं इस बारे में लिख रहा हूं कि व्यापार के लिए एक नया समझौता सिर्फ एक विकल्प नहीं है, यह भारत का भविष्य है।

आपने शायद राहुल का लेख न पढ़ा हो इसलिए मैं उनके लेख के कुछ अंश यहां साझा करता हूँ । उन्होंने लिखा कि - ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को चुप करा दिया था। यह अपने व्यापारिक कौशल से नहीं, बल्कि अपने दबदबे से चुप कराया गया था। कंपनी ने हमारे अधिक लचीले महाराजाओं और नवाबों के साथ साझेदारी करके, रिश्वत देकर और धमकाकर भारत का गला घोंटा। इसने हमारे बैंकिंग, नौकरशाही और सूचना नेटवर्क को नियंत्रित किया। हमने अपनी आजादी किसी अन्य राष्ट्र से नहीं खोई; हमने इसे एक एकाधिकारवादी निगम से खो दीया जिसने एक जबरदस्ती तंत्र चलाया। अब इस लेख में कितनी हकीकत है और कितना अफसाना ये पाठकों को तय करना है ,लेकिन मुझे लगता है कि राहुल ने एक बार फिर उस सामंतवादी समाज की दुखती रग पर हाथ रख दिया है जो हमेशा राजसत्ता के इर्दगिर्द मंडराता रहता है । कल भी मंडराता था और आज भी मंडरा रहा है । उसके लिए दल ज्यादा महत्व नहीं रखते। यानि राजघरानों को राजसत्ता के आसपास ही रहना ह। फिर चाहे वो सत्ता कांग्रेस की हो,भाजपा की हो, गठबंधन की हो या बैशाखियों वाली हो। राहुल गांधी के लेख की कुछ पंक्तियों ने देश के तमाम राजशाही परिवारों को नाराज कर दिया। राजघरनों के लिए मशहूर राजस्थान के जयपुर के पूर्व शाही परिवार की सदस्य और राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी अपने एक्स हैंडल से राहुल गांधी पर निशाना साधा। राजकुमारी दीया कुमारी ने लिखा कि मैं संपादकीय में राहुल गांधी की ओर से भारत के पूर्व शाही परिवारों को बदनाम करने के प्रयास की कड़ी निंदा करती हूं। उनका कहना है कि एकजुट भारत का सपना भारत के पूर्व शाही परिवारों के अत्यधिक बलिदान के कारण ही संभव हो सका। ऐतिहासिक तथ्यों की अधूरी व्याख्या के आधार पर किए गए निराधार आरोप पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं।

राहुल गाँधी के लेख से सबसे ज्यादा आहत हुए उनके पुराने दोस्त और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिय। सिंधिया जिस परिवार से आते हैं उसके ऊपर झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के साथ प्रथम स्वतांत्रता आंदोलन के समय ' गद्दारी ' करने का आरोप लगाया गया था,जो आज भी लोकधारणा में जिंदा है। सिंधिया परिवार इस आरोप से इतना लज्जित था कि पिछले डेढ़ सौ साल में इस परिवार का कोई सदस्य रानी लक्ष्मी बाई की ग्वालियर स्थित समाधि पर नहीं गया था,खुद ज्योतिरादित्य सिंधिया भी नहीं गए थे,लेकिन 2020 में भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें भी रानी झाँसी को वीरांगना स्वीकार कर उनकी समाधि पर शीश नवाने के लिए विवश कर दिया था।

राहुल के लेख पर बिफरते हुए सिंधिया ने लिखा कि नफरत फैलाने वालों को भारतीय गौरव और इतिहास पर व्याख्यान देने का कोई अधिकार नहीं है। राहुल गांधी का भारत की समृद्ध विरासत के बारे में अज्ञान और उसका औपनिवेशिक मानसिकता सभी सीमाओं को पार कर गई है। सिंधिया ने आगे कहा कि यदि आप राष्ट्र को 'उन्नत' करने का दावा करते हैं, तो भारत माता का अपमान करना बंद करें और महादजी सिंधिया, युवराज बीर तिकेंद्रजीत, कित्तूर चेन्नम्मा और रानी वेल्लु नचियार जैसे सच्चे भारतीय नायकों के बारे में जानें, जिन्होंने हमारी आजादी के लिए कड़ा संघर्ष किया।

राहुल और सिंधिया लेख भी लिखते हैं ये मुझे पता नहीं था,किन्तु राहुल के लेख पर उफनते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लिखा कि -'अपने स्वयं के विशेषाधिकार के बारे में आपकी चयनात्मक स्मृतिलोप उन लोगों के लिए एक अपमान है जो वास्तव में विपरीत परिस्थितियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। आपका असंगति केवल कांग्रेस के एजेंडे को और अधिक उजागर करती है - राहुल गांधी आत्मनिर्भर भारत के कोई चैंपियन नहीं हैं; वह केवल एक पुराने अधिकार का उत्पाद हैं। भारत की विरासत की शुरूआत या अंत 'गांधी' उपनाम से नहीं होती है। केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारे वास्तविक योद्धाओं की कहानियों का अंततः जश्न मनाया जा रहा है। भारत के इतिहास का सम्मान करें, या उसके लिए बोलने का दिखावा न करें। राहुल गाँधी को ये लेख लिखने की और पुराने राजघरानों को निशाने पार रखने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी ,ये मेरी समझ में नहीं आया। उन्होंने ये लेख खुद लिखा या किसी से लिखवाया ये वे जाने, किन्तु उन्होंने इस मुद्दे का सामन्यीकरण कर उन राजघरनों के लोगों को भी आहत किया जो अंग्रेज परस्त नहीं थे ,मुगल परस्त नहीं थे। खैर दुखती रग तो दुखती रग है । राहुल के लेख के जबाब में सिंधिया ने भी राहुल की दुखती रग छूने की कोशिश की है ,बावजूद इसके एक हकीकत ये है कि पुराने पांच सैकड़ा से ज्यादा राजघरानों में से मिर्ची केवल जयपुर और ग्वालियर के राजघराने को लगी। ग्वालियर में तो सिंधिया राजघराने के मुखिया तो आज भी ग्वालियर के चौराहों पर सिंधिया राजघराने के प्रतीक चिन्हों की जालियां लगवाने के लिए स्मार्ट सिटी का ही नहीं बल्कि दूसरें मदों का पैसा भी पानी की तरह खर्च करा रहे हैं ताकि उनका ऐश्वर्य जिंदा बना रहे।

# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## सहस्त्रार्जुन ने रावण को बनाया था बंदी

**आत्माराम यादव पीव**

**किसी युग-काल के** नायक रहे व्यक्तित्व के जीवन में घटित कर्म के पहलू सुख-दुख, पाप-पुण्य, धर्म-नियति, श्राप-वरदान ओर उनके पुरुषार्थ तथा उसकी कृपा के साक्ष्य, उस काल के नायक-खलनायक के व्यक्तित्व-कृतित्व के करणीय-अनुकरणीय चरित्र का सृजन करते है। ऐसे महान व्यक्तित्व के जीवन चरित्र की कथायेँ अनगिनत पीढ़ियों से चली आने की परंपरा भी समाज में है तो दूसरी ओर उनके जीवन की यथार्थ गाथायेँ ऋषि मुनियों के ग्रन्थों में प्रामाणिकता के साथ मिलती है लेकिन हम ही है जो समयाभाव के अभाव में रामचरित्र मानस, श्रीमदवाल्मीकि रामायण जैसे पवित्र ग्रन्थों की महानता तो स्वीकार कर लेते है लेकिन इनकी गहराई में छिपे काल ओर क्षैत्र के इन महानायकों के विराट-विपुल व्यक्तित्व के जीवन गाथा का पता लगाने में सदियों पीछे रह जाते है। दसानन रावण ओर राजा सहस्त्रार्जुन के नाम से यह समाज भलीभाँति परिचित है किन्तु जहा राजा सहस्त्रार्जुन के आलोकिक दिव्यता का विशाल परिमाप को कुछेक वर्ग ने उनके व्यक्तित्व से उनकी पहचान स्थापित करने के लिए उन्हे अधिग्रहित कर उनके साथ अन्याय किया है वही पर उनके अतुलित बल प्रदर्शन से किए गए असंभव कार्यों पर दृष्टि नही डाली है। ऐसे ही हैहय वंश में माहिष्मति नगरी के राजा; सप्त द्वीपेश्वर, सातों महाद्वीपों के राजा होने के कारण; दशग्रीव जयी, रावण को हराने के कारण और राजराजेश्वर, राजाओं के राजा होने के कारण सहस्त्रबाहु अर्जुन, सहस्त्रबाहु कार्तवीर्य या सहस्त्रार्जुन नाम से विख्यात महावली द्वारा नर्मदा के विशाल वेग को अपनी भुजाओ से रोकने का उल्लेख आदिकवि वाल्मीकि जी द्वारा किया जाना ओर उस पौराणिक कथा को अगस्त मुनि के द्वारा भगवान श्रीराम जैसे श्रोता का सुनना अपने आप में अद्वितीय है।

महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण में नदियों में श्रेष्ठ नदी, नर्मदा को पवित्र नदी माना है जो इस धरती पर नदी संस्कृतियो को जन्म देने वाली ओर विंध्यपर्वत से बहती पश्चिम समुद्र में गिरती है। एक समय लंकापति रावण अपने मद में चूर्ण धरती के राजाओ को परास्त करते हुये स्वर्ग के सामान दिखने वाली माहिष्मती नगरी (वर्तमान नाम महेश्वर मध्यप्रदेश) पहुचा जहा हैहय वंश के राजा सहस्त्रार्जुन, जिनकी एक हजार भुजा होने से उंनका दूसरा नाम कार्तवीर्य अर्जुन व सहस्त्रबाहु अर्जुन भी था जो उस समय अपनी रानियो के साथ नर्मदा में जलक्रीडा कर रहे थे।

रावण माहिष्मती नगरी में आकार बोला- कहा है यहा का राजा सहस्त्रबाहु उसको सूचित करो कि मैं रावण हूँ ओर युद्ध की लालसा लेकर युद्ध करने आया हूँ। राजा के मंत्रियो ने रावण को कहा कि हमारे राजा इस समय राजधानी में नहीं है, जबाब सुनकर रावण वहाँ से चला गया।

# विचार

## पुराणों का मानस खंड है उत्तराखंड

**डॉ घनश्याम बादल**

**9 नवंबर**, 2000 को देश के सत्ताईसवें राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश से उत्तरांचल नाम से आज के उत्तराखंड का जन्म पहाड़ व पहाड़ियों को एक नई पहचान देने और उनके विकास में जान डालने के सपने के साथ हुआ। जन्म के समय के उत्तरांचल और आज के उत्तराखंड में शुरू में केवल 10 जिले थे जो बाद में बढ़कर 13 हो गए इनमें से 7 गढ़वाल में, देहरादून, उत्तरकाशी , पौड़ी, नई टिहरी, चमोली, रूद्रप्रयाग और हरिद्वार और 6 कुमाऊँ मंडल में हैं जिनमें अल्मोड़ा, रानीखेत, पिथौरागढ़, चम्पावत, बागेश्वर और उधमसिंहनगर शामिल हैं जबकि रुड़की सहित तीन और जिलों की मांग पूरी करना अभी भी शेष है । उत्तराखंड की सीमाएं पूर्व में नेपाल, उत्तर में चीन, पश्चिम में हिमाचल प्रदेश और दक्षिण में उत्तर प्रदेश से मिलती हैं । इस क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां के धरातल पर भौगौलिक समाजवाद दिखाई देता है ।

उत्तराखंड की संस्कृति संसार की सर्वश्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक मानी जा सकती है। इस भूमि की पवित्रता एवं प्राकृतिक सुषमा के कारण ही इसे देवभूमि का नाम दिया गया है ।

**पुराणों का मानसखंडः**
प्राचीन काल में पौराणिक ग्रन्थों में यह क्षेत्र ह्यमानसखण्डह्न के नाम से प्रसिद्ध था। पौराणिक ग्रन्थों में उत्तरी हिमालय में सिद्ध गन्धर्व, यक्ष, किन्नर जातियों की सृष्टि और इस सृष्टि का राजा कुबेर को बताया गया है । कुबेर की राजधानी अलकापुरी (बद्रीनाथ से ऊपर) बताई जाती है। पुराणों के अनुसार राजा कुबेर के राज्य में आश्रम में ऋषि-मुनि तप व साधना करते थे। अंग्रेज इतिहासकारों के अनुसार हुण, सकास, नाग, खश आदि जातियाँ भी हिमालय क्षेत्र में निवास करती थी। पौराणिक ग्रन्थों में केदार खण्ड व मानस खण्ड के नाम से इस क्षेत्र का व्यापक उल्लेख है। इस क्षेत्र को देव-भूमि व तपोभूमि माना गया है।

**धर्म कर्म का राज्य**
उत्तराखंड में बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री चारों धाम भारतीय संस्कृति के समन्वय की अद्भुत मिसाल हैं, ये चारों धाम भारतवासियों के ही नहीं विश्व जनमास के श्रद्धा व विश्वास के धर्म स्थल हैं। यहाँ भिन्न- भिन्न प्रजातियों के पशु-पक्षी, गंगा, यमुना, काली, रामगंगा, भागीरथी, अलकनन्दा, कोसी, गोमती, टौंस, मंदाकिनी, धौली गंगा, गौरीगंगा, पिंडर , नयार आदि छोटी-बड़ी साफ सुथरी नदियां हैं । प्राकृतिक झरने, बाँस, बुरांश, देवदार के आसमान छूते उच्च वृक्ष हैं और पर्वत चोटियों पर सिद्धपीठ, प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर शहर, हरिद्वार, ऋषिकेश जैसे धार्मिक नगर, गंगा जैसी पवित्र नदियाँ अपनी कल-कल ध्वनि करती हुई युगों से लाखों जीवों की प्राण रक्षा का भार उठाते हुए सम्पूर्ण मलिनताओं को धोते हुए अंतिम गंतव्य तक पंहुचती हैं।

**प्रकृति की उदारता :** प्रकृति की उदारता यहां जमकर बरसी है तभी तो यहां देश के प्रमुख ग्लेशियर गंगोत्री,यमुनोत्री, पिण्डर, खतलिगं, मिल, जौलिंकांग, सुन्दर ढूंगा इत्यादि उत्तराखंड के गले में पड़े नगीना जड़े हार की तरह यहां स्थित हैं वहीं प्रमुख झीलें गौरीकुण्ड, रूपकुण्ड, नंदीकुण्ड, डूयोढ़ी ताल, जराल ताल, शहस्त्रा ताल, मासर ताल, नैनीताल, भीमताल, सात ताल, नौकुचिया ताल, सूखा ताल, श्यामला ताल, सुरपा ताल, गरूड़ी ताल, हरीश ताल, लोखम ताल, पार्वती ताल, तड़ाग ताल (कुंमाऊँ क्षेत्र) यहां के राज्य को उन्हें केवल जल की आपूर्ति करती हैं अपितु इस विद्युत उत्पादक प्रमुख राज्य में भी तब्दील करती हैं ।

**युगों पुराना इतिहासः** उत्तराखंड का इतिहास उतना ही पुराना है जितना कि मानव जाति का। यहाँ कई शिलालेख, ताम्रपत्र व प्राचीन अवशेष भी प्राप्त हुए हैं। जिससे गढ़वाल की प्राचीनता का पता चलता है। गोपेश्नर में शिव-मंदिर में एक शिला पर लिखे लेख से ज्ञात होता है कि कई सौ वर्ष से यात्रियों का आवागमन इस क्षेत्र में होता आ रहा है। मार्कण्डेय पुराण, शिव पुराण, मेघदूत व रघुवंश महाकाव्य में यहाँ की सभ्यता व संस्कृति का वर्णन हुआ है। बौधकाल, मौर्यकाल व अशोक के समय के ताम्रपत्र भी यहाँ मिले हैं। इस भूमी का प्राचीन ग्रन्थों में देवभूमि या स्वर्गद्वार के रूप में वर्णन किया गया है। पवित्र गंगा हरिद्वार में मैदान को छूती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## तीन सदी की कहानियों से लबरेज है कथा-लखनऊ

**उमेश कुमार सिंह**

**13 उपन्यास,** 13 कहानी-संग्रह समेत कविता, गजल, संस्मरण, लेख, इंटरव्यू, सिनेमा सहित दयानंद पांडेय की विभिन्न विधओं में 75 पुस्तकें प्रकाशित हैं। दयानंद पांडेय के उपन्यास, कहानियों, कविताओं और गजलों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद भी प्रकाशित हुआ है। लोक कवि अब गाते नहीं का भोजपुरी अनुवाद डा. ओम प्रकाश सिंह द्वारा प्रकाशित। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा प्रतिष्ठित सम्मान क्रमशः लोहिया साहित्य सम्मान और साहित्य भूषण। उत्तर प्रदेश कर्मचारी संस्थान द्वारा साहित्य गौरव। लोक कवि अब गाते नहीं उपन्यास पर उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का प्रेमचंद सम्मान, कहानी संग्रह ह्यएक जीनियस की विवादास्पद मौतह्न पर यशपाल सम्मान तथा फेसबुक में पफंसे चेहरे पर सर्जना सम्मान सहित कई अन्य सम्मान मिल चुके हैं। डायमंड बुक्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक कथा लखनऊ 10 भागों में प्रकाशित हुई है। जिसके लेखक दयानंद पाडेय है। कहते हैं जादू सरसो पे पढ़े जाते हैं, तरबूज पर नहीं। तो लखनऊ वही सरसो है, जहां कहानियों का जादू सिर चढ़ कर बोलता है। कहानी मन में भी लिखी जाती है। सिर्फ कागज पर वफलमज्ज से ही नहीं। उंगलियों से कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल पर ही नहीं। कहानी दुनिया भर में दुनिया की सभी भाषाओं में लिखी गई है। पर लखनऊ में जैसी और जिस तरह की कहानियां लिखी गई हैं और निरंतर लिखी जा रही हैं, कहीं और नहीं। हर शहर की अपनी तासीर होती है पर लखनऊ की तासीर और तेवर के क्या कहने। माना जाता है कि हिंदी की पहली कहानी लखनऊ में ही लिखी गई। वह कहानी है रानी केतकी की कहानी। जिसे इंशा अल्ला खां ह्यइंशाह्न ने लिखी । दयानंद पांडेय का कहना है कि कथा-लखनऊ का एक विरल सौभाग्य यह भी है कि इस में दो परिवारों की तीन-तीन लोगों की कथा भी शामिल है। जैसे अमृतलाल नागर की तीन पीढ़ी है। अमृतलाल नागर की कहानी तो है ही, नागर जी की बेटी अचला नागर की भी कहानी है। अचला नागर की बहू सविता शर्मा नागर की भी कहानी है कथा-लखनऊ में।

## बच्चों में स्क्रीन की बढ़ती लत एक गंभीर समस्या

**प्रियंका सौरभ**

**महामारी के बाद भा**रत में बच्चों के लिए स्क्रीन का समय काफी बढ़ गया है, उनके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास पर इसके प्रभावों के बारे में चिंताएँ बढ़ रही हैं, जिससे संतुलित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अत्यधिक स्क्रीन समय आमने-सामने की बातचीत को कम करता है, जिससे सामाजिक कौशल विकास में बाधा आती है। 2024 के अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक स्क्रीन समय वाले बच्चों में सामाजिक जुड़ाव का स्तर कम था। स्क्रीन अक्सर पारिवारिक बातचीत की जगह ले लेती है, जिससे पारिवारिक सामंजस्य और साझा अनुभव कम हो जाते हैं। परिवारों को भोजन और बातचीत जैसी गतिविधियों पर कम समय बिताते हुए देखा जाता है, जिससे भावनात्मक जुड़ाव प्रभावित होता है। डिजिटल इंटरैक्शन पर तेजी से निर्भर बच्चे व्यक्तिगत सामाजिक संकेतों और रिश्तों के साथ संघर्ष कर सकते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट है कि किशोरों में उच्च स्क्रीन समय भावनात्मक विनियमन में देरी से सम्बंधित है।

स्क्रीन की लत शारीरिक गतिविधियों में बिताए गए समय को सीमित करती है, जिससे गतिहीन व्यवहार होता है। स्वास्थ्य मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट में शहरी बच्चों में बाहरी गतिविधियों में 40% की कमी को दशार्या गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताना बच्चों में चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ (2024) ने 4 घंटे से ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताने वाले किशोरों में चिंता के लक्षणों में 15% की वृद्धि पाई। तेज गति वाली डिजिटल सामग्री के लंबे समय तक संपर्क में रहने से ध्यान अवधि और एकाग्रता के स्तर में कमी आ सकती है। एम्स दिल्ली (2023) द्वारा किए गए अध्ययन बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन उपयोग को एडीएचडी जैसे लक्षणों से जोड़ते हैं। स्क्रीन लाइट के संपर्क में आने से नींद के चक्र प्रभावित होते हैं, जिससे नींद पूरी नहीं होती और संज्ञानात्मक कार्य कम होता है। इंडियन जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में बताया गया कि सोने से पहले स्क्रीन का उपयोग करने वाले 60% बच्चों की नींद का पैटर्न गड़बड़ा गया था।

## न्यूज फ्लैश

### बड़ी सी आशा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पानीपत, ( कमाल हुसैन) ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा शिक्षा विभाग के समन्वय से ददलाना गांव में बड़ी सी आशा अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान हरियाणा के छह जिलों समेत पानीपत के 12 गांवों में चलाया जाएगा। जिसके तहत गॉव में नुक्कड़ नाटक व सभाओं के माध्यम से लोगों को जेंडर संवेदनशीलता के प्रति जागरुक किया जाएगा। किशोरी किशोरियों के सपनों को लेकर माता पिता से बातचीत करना इस अभियान का लक्ष्य रहेगा। अभियान के तहत प्रत्येक गांव में तीन शो अलग अलग जगहों पर आयोजित किए जाएंगे। नाटक में दिखाया गया कि लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जिसमें माता पिता और गांववासियों का सहयोग बहुत जरूरी है। ब्रेकथ्रू संस्था से प्रदीप ने कहा कि संस्था को कार्य करते हुए 25 वर्ष पूरे हो चुके है ओर ओर इसी कड़ी में हम आगे बढ़ रहे है। संस्था का यही उद्देश्य है कि किसी के साथ जेंडर आधारित भेदभाव और हिंसा ना हो, यह असवीकार्य बने। प्रिंसीपल वेदपाल ने कहा की आज के समय में लड़का व लड़की दोनों बराबर है, सबको बराबर के मौके देना जरुरी है। हमें किसी के अधिकारों का हनन नहीं करना चाहिए। इस मौके पर ब्रेकथ्रू संस्था से कुलदीप, निशा, प्रदीप, स्कूल से प्रिंसीपल वेदपाल, समस्त स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी, देवकी और कांता शामिल रहे।

### पार्सल की डिलीवरी देने जा रहे युवक से पार्सल छीनने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



पानीपत, (कमाल हुसैन ) सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी रोड पर लोहा पुल के पास पार्सल देने जा रहे युवक से पार्सल छीनने वाले दो आरोपियों को वीरवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर मतलौडा में शेरा रोड से और उनकी निशानदेही पर वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह सेक्टर 18 मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान रोहित उर्फ मोटा निवासी मतलौडा, हरदीप उर्फ अजय निवासी डाहर व शौर्य निवासी मतलौडा के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर लूटपाट की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह सभी आपस में दोस्त है। वारदात में शामिल उनके साथी आरोपी मंजीत उर्फ कलवा को 26 अक्तूबर को जन्मदिन था। सभी ने रिफाइनरी लोहा पुल के पास बैठकर शराब पार्टी की। पार्टी में खर्च हुए पैसे पूरे करने के लिए आरोपियों ने मिलकर लोहा पुल के पास बाइक सवार युवक से पार्सल लूटने की उक्त वारदात को अंजाम दिया। पार्सल में कैमरा, केबल व बेल्ट थी। इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि वारदात में शामिल फरार इनके साथी आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने व लूटा गया सामान बरामद करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। थाना सदर में हर्ष पुत्र अशोक निवासी नारायण ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह ट्रेकॉन फलीटेक्स कंपनी के दो पार्सल की डिलीवरी देने के लिए रिफाइनरी जा रहा था। शाम करीब 5 बजे रिफाइनरी रोड पर लोहा पुल के पास 7/8 लड़कों ने उसके साथ हाथापाई की।

# स्कूल में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की दी जानकारी

**सतीश भारद्वाज ने बताया कि इस योजना के तहत 16 से 28 वर्ष के छात्र छात्रवृति के लिए पात्र होंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**गवर्नमेंट** सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंदाना में नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के लाभ और पात्रता की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की चांसलर शालू जिंदल के निजी सलाहकार सतीश भारद्वाज और जूनियर एग्जीक्यूटिव राहुल शर्मा ने छात्रवृत्ति योजना का विस्तार से परिचय दिया। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल महेश आहूजा, समस्त अध्यापकगण और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सतीश भारद्वाज ने बताया कि इस योजना के तहत 16 से 28 वर्ष के छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी 10वीं पास कर आईटीआई या पॉलिटेक्निक में दाखिला ले लेता है और उसकी वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख से कम है और वह कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र का स्थायी निवासी होना चाहिए। इसी प्रकार, जो विद्यार्थी 12वीं के बाद किसी भी गवर्नमेंट या एडेड कॉलेज में दाखिला लेते हैं, उनके लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। तो उसको यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के तहत 50% फीस की छात्रवृत्ति दी जाएगी यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए शिक्षा के नए अवसर प्रदान करती है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल का कहना है कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में कोई भी छात्र छात्रा पैसे की कमी से शिक्षा से वंचित न रहे उसके लिए उन्होंने यशस्वी छात्रवृत्ति योजना को अपने लोकसभा क्षेत्र के लिए विशेष रूप से लागू किया है।




**अवगत कराया**

**यशस्वी छात्रवृत्ति योजना को अपने लोकसभा क्षेत्र के लिए विशेष रूप से लागू किया है**

# प्रतियोगिता में अंकित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने नशे के विरुद्ध एक प्रश्न पत्र बनाया जिसमें 10 प्रश्न पूछे गए। एक प्रश्न के उत्तर के लिए 2 अंक निर्धारित किए गए और उत्तर उचित न होने पर 1 अंक काटने की व्यवस्था की गयी। इस प्रकार इस परीक्षा के लिए 10 मिनट का समय निर्धारित किया गया और यह प्रश्न पत्र 20 अंक का था। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली के 56 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें द्वादश कक्षा के अंकित ने 18 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकादश कक्षा के कृष्ण ने 17 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि तृतीय स्थान पर कक्षा एकादश के शाश्वत का अधिकार रहा। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ये कार्यक्रम हो रहे हैं।

### मंडियों में अब तक 8 लाख 36 हजार 615 मीट्रिक टन धान की हुई आवकः उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिवस तक जिले की मंडियों में 8 लाख 36 हजार 615 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। खरीदी गई धान का उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि धान की खरीद का कार्य जिले में 15 मंडी/परचेज सेंटरों पर शुरू कर दिया गया है। अब तक 8 लाख 36 हजार 615 मीट्रिक टन धान मंडियों में आई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया।

# ट्रक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने हाईवे पर ट्रक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर वीरवार देर शाम गिरोह के सरगना सहित 3 बदमाशों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान आमिर व आदिल निवासी हथवाला व मनु निवासी निंबरी हाल भारत नगर पानीपत के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से ट्रक लूट की 5 वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता कर प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि बीते मंगलवार को देर रात बदमाशों ने पानीपत में नेशनल हाईवे पर पुलिस लाइन के नजदीक एक ट्रक चालक को अगवा कर सामान से भरा ट्रक लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। ट्रक चालक को बदमाश काफी देर तक कार में घुमाने के बाद पसीना रोड पर खेत में पेड़ से बांध कर फरार हो गए थे। पानीपत के चढ़ाऊ मोहल्ला निवासी ट्रक चालक रामतेज यादव की शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम ने विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर जांच करने के साथ ही अपने सभी सोर्स एक्टिव कर मात्र 48 घंटे में उक्त वारदात का पदार्फाश कर आरोपी आमिर व आदिल को वारदात में प्रयुक्त कार सहित हथवाला यमुना पुल के पास से और उनकी निशानदेही पर आरोपी मनु को भारत नगर से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।



**भंडाफोड़**

**चालक को बदमाश काफी देर तक कार में घुमाने के बाद पसीना रोड पर खेत में पेड़ से बांध कर फरार हो गए**

### रक्तदाताओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर किया जाएगा सम्मानित : डा. अशोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से विश्व विज्ञान दिवस के अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला करनाल द्वारा 10 नवंबर दिन रविवार को कल्पना चावला हस्पताल के सामने सेव लाइफ ब्लड बैंक में निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अशोक कुमार एवं जिला संयोजक डॉ अमित एवं सह संयोजक डॉ. महेंद्र प्रताप ने संयुक्त रूप से बताया कि इस निशुल्क रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं को रिफरेशमेंट के अतिरिक्त मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर करनाल के नवनिर्वाचित विधायक जगमोहन आनंद अपने हाथों से रक्तदाताओं को सम्मानित करेंगे। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आजकल डेंगू की बीमारी का प्रकोप चल रहा है।

# मेजर जनरल अनिल चौधरी को चुना गया राष्ट्रीय अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** पूर्व सैनिक कल्याण संगठन की कार्यकारिणी की विशेष बैठक अंबाला में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मेजर जनरल अनिल चौधरी,सेना मेडल , राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की। बैठक का संचालन कर्नल तारा चंद, शौर्य चक्र ने किया। बैठक में पूरे हरियाणा से केंद्रीय समिति और जिला इकाइयों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। मीटिंग से लौटने उपरांत कर्नल राजकुमार मलिक ने बताया कि बैठक में संगठन के महत्वपूर्ण मुद्दों पे निर्णय लिए गए। मेजर जनरल अनिल चौधरी को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। उन के इलावा कर्नल डीके भारद्वाज को राष्ट्रीय वाइस प्रेसिडेंट, कर्नल तारा चंद को राष्ट्रीय महासचिव, कर्नल संतराम को मीडिया सचिव, कर्नल करम चंद को संगठन सचिव, फ्लाइंग ऑफिसर सुचा सिंह को वित सचिव चुना गया। ब्रिगेडियर जतिंदर सिंह को हरियाणा का राज्य अध्यक्ष, और कर्नल अनिल सिंह राठौर को यू पी का राज्य अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। कर्नल एस.के.ओबराय को प्रदेश महासचिव बनाया गया। इस के इलावा मीटिंग में हरियाणा के उपाध्यक्ष कर्नल सी पी विज, जिला अध्यक्ष कर्नल राज कुमार मालिक, मेजर हरबंस, हवालदार राजबीर शर्मा, सूबेदार मेजर वेदप्रकाश बरसोला, सूबेदार मेजर जयपाल सिंह मुख्य तौर से हाजिर रहे। मीटिंग में वरिष्ठ सदस्य जो 85 वर्ष से ज्यादा आयु के हैं इन को सम्मानित किया गया जिन में कर्नल बी.के.तलवार,विंग कमांडर आर.डी.शर्मा और मेजर के.सी.वर्मा शामिल हैं। बैठक का बंदोबस्त आम्रपाली रिजॉर्ट में अंबाला इकाई अध्यक्ष मेजर हरबंस और उन की टीम संजीव कौशिक, सूबेदार मेजर धर्मपाल, जेडब्लू ओ बलजिंदर आदि ने किया पूर्व सैनिक कल्याण संगठन एक एनजीओ है।



**जिम्मेदारी**

**कर्नल राजकुमार मलिक ने बताया कि बैठक में संगठन के महत्वपूर्ण मुद्दों पे निर्णय लिए गए**

# संगोहा के सरकारी स्कूल में छात्रों को मिट्टी के छोटे-छोटे बर्तन बना कर दिखाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगोहा में कौशल रोजगार के अंतर्गत मनजीत सिंह ज्योतिसर ने प्रार्थना सभा में मिट्टी से छोटे-छोटे बर्तन बनाकर बच्चों को दिखाए और उनका मानना है कि जिस भी माता-पिता एवं बच्चों के पास जो हुनर है उसे सीख कर स्वावलंबन भारत या आत्मनिर्भर भारत की तरफ कदम बढ़ेगा। विद्यालय में सभी छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने मनजीत सिंह से मिलकर एवं उनकी कलाकृति की भूरि भूरि प्रशंसा की। विद्यालय प्रिंसिपल जगदीश चंद्र ने मनजीत सिंह ज्योतिसर का विद्यालय में पहुंच कर अपनी कलाकृति को दिखाने पर बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। मिट्टी से बनी सभी कला-कृतियां सभी छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों को अत्यधिक पसंद आई।



### मुफ्त कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनू ने जानकारी देते हुए बताया कि हर आम आदमी तक न्याय की पहुंचे हो इसी पहल को लेकर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मुफ्त कानूनी सहायता के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर उक्त टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पर कोई भी व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह के लिए फोन कर सकता है और उसे निशुल्क रूप से कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

# कब्जा हटाने और तत्काल फेंसिंग के दिये आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन)**

**जीटी** रोड सेक्टर 25 पार्ट 1 पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की लगभग चार एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर संपदा अधिकारी विजय राठी द्वारा कड़ा संज्ञान लिया गया उन्होंने अवैध कब्जे को हटाने के आदेश देते हुए कार्यकारी अभियंता एचएसवीपी और कार्यकारी अभियंता बागवानी को निर्देशित करते हुए तत्काल प्रभाव से ग्रीन बेल्ट और उसके साथ लगती डिस्पेंसरी की जगह को बाड और पेड़ पौधे लगा कर इस जगह को कब्जा मुक्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा जिसमें कल तक एचएसवीपी की जगह को कब्जा मुक्त करने की बात कही

शिकायतकर्ता जोगिंदर स्वामी ने कहा कि हुडा विभाग की अधिकतर जमीन पर विभाग द्वारा ही कब्जे करवाए गए हैं जो कब्जा धारी के साथ मिली भगत कब्ज करवाते हैं और बाद में वे लोग कोर्ट से स्टे ले लेते हैं और विभाग कानूनी लड़ाई से किनारा कर लेता है उन्होंने कई जगहों पर हुडा विभाग में सक्रिय दलाल अधिकारियों के लिए किराया वसूली का कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सेक्टर 6 में भी ग्रीन बेल्ट पर कब्जे के मामले में हाई कोर्ट के स्टेटस को के बावजूद गलत तरीके से निर्माण कार्य करने की शिकायत विभाग को दी थी लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की इसी प्रकार उनके द्वारा टोल प्लाजा के साथ हुडा विभाग द्वारा अधिगृहीत जमीन पर कमर्शियल गतिविधियां चल रही है जिस पर लोगों का कहना है कि हुडा विभाग के अधिकारी वहां से किराया वसूली कर रहे हैं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जनहित के लिए प्रयोग होने वाली ग्रीन बेल्ट पार्क आदि पर कब्जा करने वाले लोगों को देशद्रोही घोषित किया जाना चाहिए।



**स्टेटस रिपोर्ट**

**जोगिंदर स्वामी ने कहा कि हुडा विभाग की अधिकतर जमीन पर विभाग द्वारा ही कब्जे करवाए गए हैं**

# आर्य कॉलेज में आयोजित हुआ शिक्षा मंत्री का सम्मान समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**शुक्रवार** को आर्य पीजी कॉलेज के ओ.पी. शिंगला सभागार में आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति व पूरे आर्य कॉलेज परिवार को ओर से हरियाणा के नवनिर्वाचित शिक्षा मंत्री व पानीपत ग्रामीण विधान सभा से विधायक महिपाल ढांडा के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में आर्य कॉलेज प्रबंधक समित के प्रधान सुरेंद्र शिंगला, उप प्रधान यशपाल मित्तल, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला, अरुण आर्य व कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने शिक्षा मंत्री का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सम्मान समारोह की शुरूआत कॉलेज की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए स्वागत गीत के साथ हुई। प्रबधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि यह पूरे पानीपत जिले के लिए गर्व की बात है कि पहली बार हमारे जिले पानीपत को महत्पूर्ण शिक्षा विभाग को संभालने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा इस जिम्मादारी को पूरी मेहनत व लगन के साथ निभाएंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह पूरे आर्य कॉलेज परिवार के लिए खुशी का विषय है कि हरियाणा के वर्तमान शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा आर्य कॉलेज के भूतपूर्व छात्र रहे हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि महिपाल कॉलेज के समय से ही शानदार वक्ता रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आज आर्य कॉलेज के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि आज मैं इस कॉलेज प्रांगण में शिक्षा मंत्री के रूप में नहीं आया हूं बल्कि मैं एक छात्र के रूप में ही अपने कॉलेज में आया हूं। उन्होंने कहा कि आर्य कॉलेज ने मुझे केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि अच्छे संस्कार देने का भी काम किया है। मैं आज जिस पद पर हूं वहां तक पंहुचने में मेरे परिवार और आर्य कॉलेज का बहुत बडा योगदान है। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से तीन आह्वान किए, उन्होंने कहा कि आपको अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करते हुए कड़ी मेहनत के साथ खुद पर भरोसा करते हुए अपनी मंजिल की तरफ बढना है। दूसरा उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने भविष्य को निर्धारित करने से पहले अपने माता-पिता, भाई-बहन के साथ-साथ अपने शिक्षकों से जरूर बात करनी चाहिए। साथ प्रतिदिन की दिनचर्या में अपने परिवार से जरूर वार्तालाप करनी चाहिए और हमेशा अपने परिवार का मान-सम्मान बढाना चाहिए।



**सम्मान**

**सम्मान समारोह की शुरूआत कॉलेज की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए स्वागत गीत के साथ हुई**

# पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जिले के गांव भौर सैंयदा में गुरुद्वारा साहिब में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज और विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वैज्ञानिक डा. सरिता रानी ने प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में मुख्य भूमिका अदा की। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान तथा अवशेष का उचित प्रबंधन करने से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। केंद्र के पूर्व समन्वयक तथा गुरुकुल में स्टेट ट्रेनिंग एडवाइजर डा. हरिओम ने भी किसानों को प्राकृतिक खेती तथा गेहूँ में खरपतवार नियंत्रण में फसल अवशेषों के महत्व के बारे में जानकारी दी।



## न्यूज फ्लैश

### मंडल-स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन बच्चों ने एक-दूसरे को दी कड़ी चुनौती



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बाल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में आयोजित मंडल-स्तरीय प्रतियोगिताएं 5 नवंबर से उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के प्रधान उत्तम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को विवज एवं देशभक्ति समूह गायन की द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ ग्रुप में तथा वन एक्ट/थिएटर प्ले की प्रतियोगिता चतुर्थ ग्रुप में संपन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हरियाणा डेमोक्रेसी सोसाइटी, वाणी एवं श्रवण बाधित की अध्यक्ष मेघा भंडारी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती द्वारा हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वाधान के अंतर्गत बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने और सही दिशा दिखाने के लिए किये जा रहे इन प्रयासों के लिए उनकी प्रशंसा की। मेघा भंडारी ने कहा कि इस तरह के प्रयास बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़ने का मौका देते हैं और उनकी प्रतिभा का विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के हुनर की भी प्रशंसा की। जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती ने बताया कि आज बाल भवन में आयोजित करवाई गई इन प्रतियोगिताओं में मंडल के तीन जिलों के लगभग 350 बच्चों ने उत्साह पूर्वक अपनी प्रतिभा का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब आगे राज्य-स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

### देशभर में फूलों की खेती में अपार संभावनाएं : डा. गुरबचन सिंह



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बागवानी के लिए स्मार्ट खेती समाधान पर सजावटी बागवानी विषय पर महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व चेयरमैन एएसआरबी एंड एग्रीकल्चर कमिश्नर भारत सरकार नई दिल्ली डॉ. गुरबचन सिंह ने शिरकत की। सम्मेलन का शुभारंभ डॉ. गुरबचन सिंह, कार्यक्रम चेयरमैन और एमएचयू कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के 16 राज्यों से वैज्ञानिक और फूल उद्योगों से जुड़े उद्यमियों ने भाग लिया।

# सचदेवा ने की अंतर्राष्ट्रीय गीता कांफ्रेंस की वेबसाइट लॉन्च

## श्रीमद् भगवद् गीता आधारित संतुलित प्रकृति एवं शुद्ध पर्यावरण विषय पर वैश्विक विद्वान करेंगे मंथन

**महोत्सव**

▶▶ विवि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस-2024 का आयोजन करने जा रहा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शुक्रवार को गीता जयंती समारोह के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) के सहयोग से 05 से 07 दिसंबर, 2024 तक श्रीमद्भगवद गीता आधारित संतुलित प्रकृति एवं शुद्ध पर्यावरण विषय पर आयोजित होने वाले 9वें अंतर्राष्ट्रीय गीता कांफ्रेंस की वेबसाइट को कुलपति प्रो. सोमनाथ व केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कमेटी रूम में लांच किया। इस मौके पर छात्र प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का पोस्टर और ब्रोशर भी जारी किया गया।

इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस-2024 का आयोजन करने जा रहा है। इस कांफ्रेंस में देश व दुनिया से विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ भाग लेंगे व श्रीमद्भगवद गीता आधारित संतुलित प्रकृति, शुद्ध पर्यावरण विषय पर अपने विचारों को सांझा करेंगे। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की वेबसाइट के माध्यम से देश-विदेश से आने वाले बुद्धिजीवियों को संगोष्ठी के बारे में एक क्लिक के माध्यम से हर सूचना मिल सकेगी। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने बताया कि इस वेबसाइट के माध्यम से, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के यूजी/पीजी छात्रों के लिए इस सम्मेलन के एक भाग के रूप में गीता इनसाइट्स चैलेंज नामक एक विशेष छात्र प्रतिभा खोज प्रतियोगिता शुरू की जा रही है। यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 51000 रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 21,000 रुपये की राशि दी जाएगी। पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक को 11,000/- रुपये दिए जाएंगे। केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने आश्वासन दिया कि इस सम्मेलन के सुचारू आयोजन के लिए केडीबी द्वारा सभी प्रकार का समर्थन प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही व्यापार वर्ग से जुड़े हुए बुद्धिजीवियों का गीता पर आधारित सत्र आयोजित किया जाएगा।

## महिलाओं को पूरी सुरक्षा भावना के साथ रहने का अधिकार



**जागरूक किया**

▶▶ सुनीता दलाल के निर्देशन में यौन उत्पीड़न पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रोफेसर संजीव शर्मा और स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रोफेसर सुनीता दलाल के निर्देशन में यौन उत्पीड़न पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आंतरिक शिकायत समिति की निदेशक प्रोफेसर सुनीता सिरोही, पूर्व निदेशक प्रो. नीलम ढांडा एवं स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल रहीं। इस अवसर पर प्रो. सुनीता सिरोही ने कहा कि समाज में और कार्य स्थल पर महिलाओं को पूरी सुरक्षा भावना के साथ रहने का अधिकार है। इसके लिए यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूकता कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। प्रोफेसर नीलम ढांडा ने कहा कि यौन उत्पीड़न केवल छूने से नहीं होता बल्कि पुरुष महिलाओं को किसी नजर से देख रहे हैं उससे भी होता है। उन्होंने कहा कि हमें यदि एक विकसित समाज में रहना है तो विकसित सोच के साथ हमें रहना होगा तभी जाकर एक स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती है। इससे पहले कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के विद्यार्थियों ने स्किट के माध्यम से यौन उत्पीड़न के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। स्कूल की वाइस चेयर पर्सन प्रोफेसर सुनीता दलाल ने दोनों मुख्य वक्ताओं का विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए आभार जताया।

## विकास कार्यों की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का किया गया गठनः बीडीपीओ

टीम एक्शन इंडिया

**राई ।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राई सुरेंद्र कुमार आर्य एचसीएस ने बताया कि खण्ड के कई गांवों के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायतों में करवाए गए विकास कार्यों में कोताही बरतने की शिकायतें मिल रही थी। बीडीपीओ ने बताया कि उक्त शिकायतों के जांच के लिए उपमंडल अधिकारी पंचायतीराज के नेतृत्व में पाँच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी,ग्राम सचिव ( अतिरिक्त एसईपीओ) सम्बंधित कनिष्ठ अभियंता के खंड पटवारी को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने बताया कि उनका हमेशा ये प्रयास रहा कि ग्राम पंचायतों में करवाए गए विकास कार्यों पूरी पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने बताया कि कई गांवों से जनहित में शिकायत मिल रही थी कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में कोताही बरती गई है। शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए कमेटी बनाई गई है। बीडीपीओ ने बताया कि कमेटी को जल्द जांच कर रिपोर्ट जमा करने के निर्देश भी दिए गए है। उन्होंने बताया कि जिस भी ग्राम पंचायत में कोई गड़बड़ी पाई गई तो उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्यवाई की जायेगी।

## अवैध पार्किंग करने वालों पर प्रशासन को कसना होगा शिकंजाः विधायक विज

**सख्ती**

▶▶ प्रशासन जीटी रोड़ पर वाहनों की अवैध पार्किंग करने वालों का करेगा चालानः डीसी



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

औद्योगिक नगरी को जाम से मुक्ति दिलाने व अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। आगामी 15 दिन में इसके नतीजे जनता के समक्ष दिखाई देंगे। इसके संदर्भ में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिला सचिवालय सभागार में 20 सूत्रीय एजेंडे पर बैठक की व निगम और पुलिस के सहयोग से इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने को लेकर मैप तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने विधायक को आश्वस्त किया कि इस कार्य को पूरा करने में प्रशासन उनका सहयोग करेगा।

उपायुक्त ने बताया कि जनहित के मुद्दों को लेकर वे स्वयं भी गंभीर है व इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा की सड़क पर अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके वाहनों के चालान भी किए जाएंगे। अवैध पार्किंग करने वालों पर 1 से 5 हजार तक का जुर्माना किया जाएगा। जरूरत पड़े? पर गाड़ी को इनपाउंड भी किया जा सकता है। बैठक में शहरी विधायक ने कहा कि वो शहर को ऐसा बनाना चाहते हैं जिसमें जाम जैसी परेशानी कहीं भी नजर ना आए। उन्होंने फ्लाई ओवर के नीचे अलग से कम चार्ज में पार्किंग बनाने का सुझाव भी संबंधितअधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा की कहीं भी गंदगी के भंडार व पानी का जमावड़ा न दिखाई दे इसकी व्यवस्था करनी होगी। विधायक ने कहा कि रेहड़ी वालों को भी परेशानी ना हो और जाम की स्थिति भी ना बने इसको लेकर बीच का रास्ता निकालना होगा।

फिर अगली मीटिंग में इसका रिव्यु भी करेंगे। बैठक में विधायक ने जिन मुद्दों पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बात की उनमें प्रमुख रूप से मॉडल टाउन के अस्पतालों के सामने अनियंत्रित पार्किंग पर चर्चा कर इसका समाधान करने को लेकर कुछ जरूरी सुझाव भी दिए।

## ज्ञापन के माध्यम से डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी

**पिछले** काफी समय से खरखौदा में डीएपी खाद की किल्लत चली हुई है। जिसके चलते, खाद उपलब्ध करवाने को लेकर किसानों ने केहर सिंह दहिया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने बिजाई के लिए जमीन तैयार कर रखी है, फसल बोने का समय



जाने लग रहा है और जमीन की नमी कम होती जा रही है जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। डीएपी खाद उपलब्ध करवाने में देरी करने वाले अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच करके उनके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जाए। किसान नेता हंसराज राणा ने कहा अगर समय रहते खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो किसान रोड पर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा।

**किल्लत**

▶▶ किसानों ने केहर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा

वही किसान नेता जिंदर ने कहा किसी भी सूरत में किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान सिलक राम, केहर सिंह, राजबीर दहिया, हंसराज राणा, जिंदर, विकेश दहिया , जय सिंह , बिजेंद्र ,राज कुमार, लेख राम दहिया, नरेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।

## श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के बच्चों ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह )

**श्री** चैतन्य टेक्नो स्कूल के छात्रों ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया था श्री चैतन्य स्कूल के छात्रों ने गणितीय सूत्रों के 600 फामूलों फेस्ट में भाग लेकर एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया 600 फामूलों फर्स्ट 6 नवंबर बुधवार को आयोजित किया गया था श्री चैतन्य स्कूल के छात्रों ने गणितीय सूत्रों के 600 फामूलों फर्स्ट में भाग लेकर एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया जो उनके गणित के प्रति समर्पण को दर्शाते है इस आदित्य आयोजन में भारत के 20 राज्यों में स्थित 120 से अधिक श्री





चैतन्य कैंपस से 10000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया इस कार्यक्रम विभिन्न भाषाओं में युट्व और अन्य मीडिया चैनलों पर लाइव स्ट्रीम किया गया। श्री चैतन्य स्कूल के एजीएम अंशुल सक्सेना, अजय डारला, प्रिंसिपल मनीषा रेड्डी और एकेडमिक डीन दुर्गा प्रसाद ने भाग लेने वाले सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी उन्होंने छात्रों को ज्ञान की रोशनी में अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर मेहनत और अनुशासित होकर प्रयास करने को प्रेरित किया ।

## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन

**सोनीपत।** उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ का समापन हो गया । यमुना के मीमारपुर घाट, गढ़मिरकपुर घाट, बेगा घाट, रोहट नहर के साथ ही शहर के बाबा कालोनी, लक्ष्मण कॉलोनी, कबीरपुर, ऋषि कॉलोनी, राई, बीसवां मील, कुंडली गांव ,एचएसआईआईडीसी कुंडली, गन्नौर के गांव बड़ी सहित विभिन्न घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रात के अंधेरे में छठ घाट दीयों की रोशनी से सज गये। उदीयमान सूर्य यानी उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर छठ व्रतियों ने अपने 36 घंटे के निर्जला उपवास को पूरा किया।

## कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने दिखाए प्रतिभा के जौहर

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण हरियाणा व शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं का आयोजन सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल यमुनानगर में किया गया। मुख्य न्यायिक अधिकारी एवं सचिव ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र नितिन राज ने जिला शिक्षा विभाग कुरुक्षेत्र व जिले के समस्त राजकीय व निजी प्राइवेट में कार्यरत कानूनी साक्षरता क्लब के प्रभारियों, सदस्यों व सभी विजेताओं को बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी,कुरुक्षेत्र रोहतास वर्मा व जिला संयोजक





कानूनी साक्षरता शीशपाल जांगड़ा ने समस्त प्रतिभागियों व उनके मार्गदर्शक अध्यापकों को तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी की तरफ से जिला कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं नरेश कुमार शर्मा प्रवक्ता अर्थशास्त्र ने बताया कि सत्र वर्ष 2023-24 के कार्यक्रम में सात विधाओं में मंडल स्तर पर विजेता रहे 10 बच्चों ने भाग लिया। इन में से मनदीप माडल स्कूल कुरुक्षेत्र ने स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान, हरबंस माडल स्कूल थाना ने पेंटिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान, जेन्सी माडल स्कूल मंगोली जाटान ने डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में तृतीय स्थान, गर्ल स्कूल थानेसर की वंशिका भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रहे। सत्र वर्ष 2024-25 की प्रतियोगिताओं में

**बधाई**

▶▶ मार्गदर्शक अध्यापकों को तथा प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को बधाई दी

10 विधाओं में 13 छात्रों ने भाग लिया। इनमें से पायल बारोट स्कूल से निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, विधी एस.आई.एस. एकेडमी पिहोवा भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय, आदित्य राज स्पोंसर स्कूल पावर प्वाइंट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिप्टी डायरेक्टर पूनम अहलावत ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया व बधाई दी।

## श्रीमद्भगवतगीता का मॉरिशस के जन जन में विश्वास हैः हेयमंदोयल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः** श्रीमद्भगवतगीता को किसी धर्म विशेष से जोड़ना उचित नहीं है । श्रीमद्भगवतगीता मानवमात्र के कल्याण का ग्रंथ है,उसका संदेश समस्त संसार के मनुष्यों के लिए है,उसमें किंचित मात्र भी सांप्रदायिकता नहीं है। श्रीमद्भगवतगीता विश्व के सभी देशों के स्त्री पुरुषों को एक समान उपयोगी,सुख शांति प्रदान करनेवाला अद्भुत ग्रंथ है कि। श्रीमद्भगवतगीता में स्वयं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकले हुए अमृत वचन हैं। यह विचार भारत में मॉरिशस गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम हेयमंदोयल डिलम ने मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र से नई दिल्ली स्थित मॉरिशस



दूतावास में अंतराष्ट्रीय श्रीमद्भगवतगीता जयंती समारोह -2024 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के सन्दर्भ में एक शिष्टाचार भेंट में व्यक्त किये। मातृभूमि सेवा मिशन परिवार की ओर से डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने उच्चायुक्त महामहिम हेयमंदोयल डिलम एक अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं मिशन साहित्य भेंट किया। उच्चायुक्त महामहिम हेयमंदोयल डिलम ने कहा श्रीमद्भगवतगीता का मॉरिशस के जन जन में बहुत आस्था एवं विश्वास है। मॉरिशस के सामाजिक,धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र मे श्रीमद्भगवतगीता का अद्भुत प्रभाव है।

**आस्था**

▶▶ श्रीमद्भगवतगीता मानवमात्र के कल्याण का ग्रंथ है,उसका संदेश समस्त संसार के मनुष्यों के लिए हैः हेयमंदोयल डिलम

डा. श्रीप्रकाश मिश्र बताया मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा अंतराष्ट्रीय श्रीमद्भगवतगीता जयंती समारोह -2024 के उपलक्ष्य मे 01 दिसम्बर 2024 को आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण मे श्रीमद्भगवतगीता का परिप्रेक्ष विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मे मॉरिशस गणराज्य के उच्चायुक्त महामहिम हेयमंदोयल डिलम मुख्य अतिथि होंगे। मातृभूमि मिशन मिशन द्वारा अंतराष्ट्रीय श्रीमद्भगवतगीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य मे 24 नम्बर से 11 दिसम्बर 2024 तक आयोजित कार्यक्रम में श्रीमद्भगवतगीता के मानवीय मूल्यों को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न परंपराओं के संत महात्मा, विश्व के अनेक देशों के गीता प्रेमी सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के आचार्य, विद्यार्थी, शोधार्थी भाग लेंगे।

श्रीमद्भगवतगीता जयंती के उपलक्ष्य मे 24 नम्बर से 11 दिसम्बर 2024 तक श्रीमद्भगवतगीता जन्मस्थली ज्योतिसर मे लोक मंगल के निमित्त विश्व कल्याण महायज्ञ संपन्न होगा।

## नौकरी दिलवाने का झांसा से देकर व्यक्ति से 2.7 लाख की धोखाधड़ी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिला के कोहंड गांव में मोहाली के एक व्यक्ति के साथ 2 लाख 70 हजार रुपए की धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित का साला कोहंड गांव में रहता है और उसी के माध्यम से उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। आरोपियों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के सेक्रेटरी के साथ सेटिंग की बात कही थी। आरोपियों ने दिल्ली राज्य सहकारी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर की नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। मोहाली के गोबिंदगढ़ निवासी रोशनपुरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि पानीपत



के समालखा के त्यागी ऐनक्लेव में रहने वाले नीरज त्यागी, सचिन त्यागी और प्रयास त्यागी ने उन्हें दिल्ली के सहकारी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इस लालच में आकर रोशनपुरी ने अपने साले सुभाष के सामने 2.7 लाख रुपए की बड़ी रकम आरोपियों को दे दी, लेकिन नौकरी नहीं मिली।

रोशनपुरी ने शिकायत में बताया कि उनके साले सुभाष चंद ने उन्हें त्यागी परिवार से मिलवाया था। आरोपियों ने दावा किया कि उनकी ऊंची पहुंच के कारण वह दिल्ली राज्य सहकारी बैंक में नौकरी दिला सकते हैं।

इसके लिए उन्होंने रोशनपुरी से 6 लाख रुपये मांगे, जिनमें से 2.5 लाख रुपये एडवांस दे दिए थे और बाकी रकम नौकरी मिलने के बाद देने का वादा किया गया। इसके बाद भी उनसे एक्स्ट्रा 20 हजार रुपए मेडिकल के नाम पर ले लिए गए।

## न्यूज फ्लैश

### महिला सुरक्षा को लेकर अभियान जारी, डायल-112 के बारे में किया जागरूक

**सोनीपत**

**जिले** की सभी महिलाओं व स्कूल, कॉलेजों में पढ़ने जाने वाली सभी लड़कियों की सुरक्षा को बनाये रखने का अभियान लगातार जारी है। पुलिस प्रवक्ता रविन्द्र नें बतलाया कि जिले के महिला थाना की प्रबंधक निरिक्षक कविता ने अपनी पुलिस टीम व दुर्गा शक्ति की टीम के साथ शहर के महिला कॉलेज का व अन्य शिक्षण संस्थानों का दौरा किया। कॉलेज के आस पास घूमने वाले लड़को से भी पूछताछ की। छात्राओं को डायल 112 की एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एप को उनके फोन में इन्स्टाल करवाया गया। साथ ही किसी भी समय किसी भी प्रकार की परेशानी आती है या कोई पीछा करने लगता है। तो डायल 112 की ट्रिप मॉनीट्रिंग की सेवा का लाभ उठाकर तुरंत पुलिस विभाग को अपनी समस्या पहुँचा सकती हो। शहर के अंदर भीडभाड़ वाली जगहो बस स्टैंड, रेलवे स्टैशन व बाजारों में घुमने वाले मनचलों के ऊपर भी शिकंजा कसा जायेगा। सोनीपत पुलिस की तरफ से महिला सुरक्षा को बनाए रखने के लिए लगातार रात्री गश्त की जा रही है।

### नहर पर हवन सामग्री प्रवाहित करने आया किशोर लापता

**सोनीपत**

**कुंडली** थाना क्षेत्र नहर पर हवन सामग्री प्रवाहित करने आया किशोर संदिग्ध हालत में लापता हो गया। युवक की स्कूटी नहर किनारे मिली। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोर की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव मुंदीताल राजगढ़ हाल में नरेला दिल्ली निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह प्राइवेट गाड़ी चालक है। उसका 17 साल का बेटा गत 6 नंवबर को करीब 11 हवन सामग्री व फूल माला को प्रवाहित करने के लिए नाहरा-नाहरी पूल के पास गया था। करीब दो घंटे इंतजार के बाद वापिस नहीं आया। उसके बाद नहर में जाकर खुद देखा को स्कूटी नहर किनारे खड़ी मिली। अपने स्तर बेटे की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राकेश कुमार ने बताया कि जल्द किशोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### थाना बराड़ा में दर्ज लूट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना शहजादपुर में दर्ज लूट के मामले में 7 नवम्बर 2024 को सीआईए-शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल ने उप-निरीक्षक बलकार सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी कार्तिक निवासी गाँव होली थाना मुलाना जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता लियाकत अली निवासी बराड़ा जिला अम्बाला ने 10 अक्तूबर 2024 को थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 अक्तूबर 2024 को राजोली रोड बराड़ा के पास किसी अज्ञात ने उसकी बाजू पर चाकू मार कर नकद राशि छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।

# जीवन एक अनिश्चित यात्रा है, जिसमें हम निरंतर कठिनाइयों का सामना करते हैं: मुनि

**किसी भी व्यक्ति का जीवन केवल सुख और समृद्धि से परिपूर्ण नहीं होता, बल्कि उसमें समस्याएँ और दुख भी आते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** नेपाल केसरी, राष्ट्र संत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि जीवन एक अनिश्चित यात्रा है, जिसमें हम निरंतर परिवर्तनों, चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना करते रहते हैं। किसी भी व्यक्ति का जीवन केवल सुख और समृद्धि से परिपूर्ण नहीं होता, बल्कि उसमें समस्याएँ और दुख भी आते हैं। जब हम इन समस्याओं का सामना करते हैं, तो स्वाभाविक रूप से हमें लगता है कि हम इन समस्याओं का सामना क्यों कर रहे हैं,



और कई बार हम इन कठिनाइयों का जिम्मेदार दूसरों को ठहराते हैं। हम सोचते हैं कि हमें धोखा दिया जा रहा है, लोग हमारे खिलाफ साजिशें रच रहे हैं, या किसी अन्य बाहरी कारण के कारण हमारी जिंदगी कठिन हो रही है। लेकिन क्या कभी हमने खुद से यह सवाल किया है कि क्या हमारी अपनी गलतियाँ और कमजोरियाँ इन कठिनाइयों का कारण बन रही हैं? अगर हम आत्मविश्लेषण करें, तो हम पाएंगे कि बहुत सी समस्याओं का समाधान हमारे भीतर ही छुपा होता है। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज सेक्टर 15 स्थित श्री एसएस

**मार्गदर्शन**

**हम पाएंगे कि बहुत सी समस्याओं का समाधान हमारे भीतर ही छुपा होता है**

जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्त जनों को संबोधित कर रहे थे। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि जब भी हम किसी कठिनाई का सामना करें, तो सबसे पहले हमें खुद से यह सवाल करना चाहिए कि क्या हम अपनी पूरी जिम्मेदारी ले रहे हैं। जीवन में आई मुश्किलों का जिम्मेदार हम कितनी बार खुद को मानते हैं? यदि हम हमेशा दूसरों को दोष देते हैं, तो हम अपनी गलतियों से कुछ सीख नहीं सकते। यही कारण है कि आत्मविश्लेषण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।

आत्मविश्लेषण का अर्थ केवल अपनी गलतियों को स्वीकार करना ही नहीं है, बल्कि यह समझना भी है कि हम कैसे अपने व्यवहार, सोच और आदतों में सुधार कर सकते हैं।

## शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** रामलीला सभा के सदस्यों द्वारा पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कामी रोड सिथत रामलीला ग्राउंड की दीवार तोड़ने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, पुलिस आयुक्त ने उचित कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं ।

ज्ञापन मैं लिखा है कि तीन दिन पूर्व 5 नवंबर को शरारती तत्वों ने रामलीला ग्राउंड की दीवार तोड़कर ग्राउंड से रास्ता निकालने का प्रयास किया। दीवार तोड़ने का मकसद ग्राउंड के साथ लगती निजी जमीन के लिए जबरन रास्ता बनाना है ताकि जमीन में प्लाटिंग की जा सके।

ज्ञापन में लिखा है की रामलीला ग्राउंड किला नंबर 3851/11-02 खेवट नंबर 2366 मिन 2250 खतौनी नंबर 2929 जमाबंदी 2021-22 में स्थित है और इसकी चार दिवारी तत्कालीन सांसद किशन सिंह सांगवान ने 25 वर्ष पूर्व सांसद निधि से बनवाई थी। ग्राउंड के पीछे किला नंबर 3856, 3857 तथा 3858 का मेन रोड से रास्ता नहीं है। इसलिए इस जमीन के मालिक रास्ता बनाने की नीयत से जबरन दीवार तोड़ रहे हैं, कमेटी के सदस्य विरोध करते हैं तो जान से मारने की धमकी दी जाती है।

ज्ञापन देने वालों में प्रधान महेंद्र मंगला, प्रदीप गौतम, अमित कुच्छल, राजकुमार गोयल, राजेंद्र टाणु , वीरेंद्र कटारिया, जयप्रकाश गौतम एडवोकेट, मानिक गौतम, अनिल जैन, महेश शर्मा, नितिन कुच्छल, तरुण गोयल, बृजमोहन कुच्छल, हरि प्रकाश शर्मा, प्रवीण कुमार, ओमप्रकाश समेत अनेक सदस्य शामिल रहे।

## बंद घर से 1.95 लाख व आभूषण चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपयों के आभूषण व लाखों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-15 निवासी राजबाला ने बताया कि वह गत 3 नवंबर को अपने मकान पर ताला लगाकर भैयादूज पर अपने मायके चली गई। उसके बाद छह नवंबर को दोपहर बाद वापिस लौटी। उसने देखा कि मकान का ताला टूटा मिला। रसोई का पंखा टूटा हुआ मिला। मकान के अंदर जाकर देखा तो दोनों कमरों के व अलमारियों के ताले टूटे हुए पाए गए।

**एफआईआर**

**मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है**

मकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। सामान की जांच की तो एक लाख 95 हजार रुपये व सोने का सेट, सोने के टाप्स, सोने की चेन व एक नाक का कोका, 12 चांदी के सिक्के, दो चांदी के लोटे व दो जोड़ी पाजबे गायब मिली। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में लाया जाएगा सुधार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि अम्बाला जिले में चेहरा प्राधिकरण के तहत कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने का खाका तैयार कर लिया गया है। इस जिले के बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन दिन का प्रशिक्षण भी दिया गया है।

एडीसी सचिन गुप्ता एडीसी कार्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा ने वर्ष 2023-24 में पोषण ट्रैकर की उपलब्धियों और वर्ष 2024-25 में पोषण ट्रैकर में एसएनपी



बच्चों की संख्या में कमी आने के साथ-साथ अन्य विषयों पर अपनी फीडबैक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अम्बाला जिले में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाकर अम्बाला जिला को कुपोषण मुक्त बनाने का प्रयास करना है। इस गंभीर विषय को लेकर अम्बाला में पोषण अभियान के तहत चेहरा प्राधिकरण की शुरूआत की गई है।

उन्होंने कहा कि चेहरा प्राधिकरण के अंतर्गत कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन दिन का प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी पोषण ट्रैकर में कम हो रही बच्चों की संख्या में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। इस कार्य में सुधार लाने तथा बेटियों और महिलाओं को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने और महिला सशक्तिकरण विषय के प्रति जागरूकता लाने के लिए रेडियो चैनल हमारी लाडो भी शुरू किया गया है। इस चैनल के माध्यम से सरकार की योजनाएं आम नागरिक तक सहजता से पहुंच पाएंगी। एडीसी ने कहा कि पीसीपी एनडीटी एक्ट व लिंगानुपात में सुधार लाने की जरूरत है। अभी हाल ही में अम्बाला जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्कीम के तहत लिंगानुपात में और सुधार लाने की जरूरत है।

इस विषय को सम्बन्धित विभाग गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जोकि अप्रैल 2022 से अब दूसरी जनमी बेटी पर भी 6 हजार रूपए की लाभ राशि दी जा रही है। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी सुमन बाला, किरण बाला, डीएचईडब्लयू सुरेन्द्र कुमार, जिला सहायक एवं लेखाकार रीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## प्रतिष्ठानों में कार्य अनुसार ही विद्यार्थियों को दिया जाए प्रशिक्षण: पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नगराधीश पूजा रानी ने कहा कि अम्बाला में प्रतिष्ठानों में कार्य अनुसार की विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने का काम किया जाए। इस संस्थान के छात्र-छात्राओं को निरंतर मोटीवेट किया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी प्रोत्साहित हो सके।

नगराधीश पूजा रानी आईटीआई अम्बाला शहर मे बीएएसी की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले नगराधीश पूजा रानी ने आईटीआई में राजकीय प्रोद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अम्बाला शहर, राजकीय प्रोद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बराड़ा, आईटीआई भारांपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घेल, नंदलाल विद्या मंदिर



स्कूल तेपला, राजकीय स्कूल दुखेड़ी, आर्मी पब्लिक स्कूल अम्बाला कैंट व राजकीय महाविद्यालय अम्बाला कैंट और डीएवी कालेज अम्बाला शहर के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए साईंस प्रोजैक्ट का अवलोकन किया।

नगराधीश ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए प्रोजैक्ट की प्रशंसा करते हुए कहा

**अवलोकन**

**इस संस्थान के छात्र-छात्राओं को निरंतर मोटीवेट किया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी प्रोत्साहित हो सके**

कि इस साईंस मेले में विद्यार्थियों द्वारा बेहतरीन प्रोजैक्ट लगाए गए हैं, इससे प्रदर्शनी को अवलोकन करने के लिए आए लोगों को भी फायदा मिलता है और विद्यार्थियों को एक मंच का भी अवसर प्रदान होता है। सीटीएम ने कहा कि संस्थान के शिक्षक नियमित रूप से छात्र-छात्राओं को मोटीवेट करें।

आईटीआई के प्रिंसीपल भूपेन्द्र सिंह ने साईंस मेले के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस मेले में विद्यार्थियों ने टेसला कोईल एनर्जी ट्रांसफर साईंस टैस्टिंग, ले आउट ऑफ, 66 केबी सब स्टेशन, सेफ्टी अलार्म, अडवांश वाटर लेवल इंडिगेटर सहित अन्य प्रोजैक्ट का विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शन किया गया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के साईंस मेलों से विद्यार्थी को काफी कुछ जानने और सिखने का अवसर प्रदान होता है। इसलिए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए।

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, वर्कस मैनेजर राम कुमार सैनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## दुकानों पर बाल श्रम कर रहे दो बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेश किया



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत शहर** के कच्चा कैंप बाजार में काम कर रहे दो बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की शिकायत मिलने पर मानव तस्करी विरोधी इकाई के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया और बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया। जहां इन दोनों बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल गृह पानीपत भेज दिया गया। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तत्वाधान में काम कर रही एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा ' न्याय तक पहुंच' कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे बचपन बचाओ आंदोलन के तहत आज पानीपत को बाल श्रम से मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में एस आई पवन कुमार, एएसआई निर्मल सिंह, हेड कांस्टेबल रविन्द्र कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के गंभीर प्रयासों व अभियान के बावजूद आज भी देश में बाल श्रम एक गंभीर समस्या बनी हुई है।

## सड़कों पर बेसहारा पशुओं का ईलाज करते नजर आए जगदेव संधू

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: गो** रक्षा दल अंबाला जिला के जिलाअध्यक्ष जगदेव संधू ने बताया कि बेजुबान जानवरों की रोजाना कई ना कई दुर्घटना की खबर मिलते ही वह अपनी टीम के साथ ईलाज करने के लिए वहां पहुंच जाते हैं। समाज का भी कर्तव्य बनता है कि वह बेजुबान पशुओं को चारा अवश्य डाले, बीती सुबह दुर्गानगर के लोगों ने फोन कर बताया हमारे यहां एक गाय काफी समय से बीमार है जिला प्रधान जगदेव संधू (जग्गू) ने मौके पर पहुंचकर गाय माता



का ईलाज किया । प्रशासन से अपील की बेसहारा गोवंश को सड़क में खुला न धूमने दे सड़क में चल रहे वाहन चालकों को काफी परेशानी आ रही है उपाध्यक्ष सतीश सेठ ने कहा कि हम प्रशासन से मिलकर जल्द लोगों की समयाओ को हल करेगे मोके पर गो सेवा दल के लवली ,अमन भट ,मंजीत,और मलकीत धीरज पाठक एवं डॉक्टर दविंदर सिंह मौजूद रहे।

## साइबर ठगी : टास्क पूरा करने व गैस कनेक्शन कटने का झांसा देकर दो लोगों से 14.80 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगों का मकड़जाल फैलता जा रहा है। ठग लगातार लोगों को झांसे में लेकर उनकी मेहनत की कमाई को हड़प रहे है। ठगों ने अलग-अलग दो मामलों में टास्क पूरा करने व गैस कनेक्शन कटने का झांसा देकर युवक व महिला से 14.80 लाख की ठगी कर ली। पीड़ितों ने मामलों को लेकर साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है।

मालवीय नगर निवासी जतिन ने बताया कि 17 अक्तूबर को उनके मोबाइल पर निशा नाम की युवती के नाम से कॉल की गई थी। उसने उन्हें वोरटेक्स जेनरेशन डिजिटल कंपनी नाम के ग्रुप से जोड़ दिया था। उन्हें व्हाट्सएप पर चैनल फॉलो करने का मैसेज दिया गया था। जिसके बदले 150 रुपये का इनाम देने की बात कही थी। उन्होंने पहली बार चैनल को फॉलो किया तो 150 रुपये मिले। फिर उन्हें टेलीग्राम पर सौम्या शर्मा की आईडी से मैसेज करने के लिए कहा गया। जब उन्होंने उनसे बात की तो उन्हें वोरटेक्स जेनरेशन कंपनी के बारे में बताया। उन्हें बताया गया कि रोजाना 25 टास्क पूरे करने पर रुपये दिए जाएंगे। वह रोज तीन से चार टास्क पूरे करते थे। जिसके बदले रुपये मिलने लगे। फिर उन्हें कुछ रुपये निवेश करने पर दो हजार से 2800 रुपये देने का झांसा दिया। उनसे मुनाफे का लालच देकर रुपये लिए गए। उन्हें लालच देकर 8.67 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। उन्हें दोगुना तक रुपये देने का लालच दिया था। ठगी का पता लगने पर उन्होंने साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कराया। महिला के खाते से 6.13 लाख रुपये निकाले- सेक्टर-15 की नई हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी महिला को बातों में उलझाकर खाते से करीब 6.13 लाख रुपये उड़ा लिए गए।

## पूराने विवाद को लेकर नागरिक अस्पताल बना अखाड़ा

**कर्मचारी ने अधिकारी पर लगाया थप्पड़ मारने का आरोप, डिप्टी सीएमओ ने बुलाई दुर्गा शक्ति, स्वास्थ्य अधिकारी व थाने में पहुंची शिकायतें**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** नागरिक अस्पताल में बृहस्पतिवार को हंगामा शुरू हो गया। एक्स रे विभाग में शुरू हुए हंगामे के बाद अस्पताल में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी काम छोड़कर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय के बाहर जमा हो गए। जहां अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एक्सरे विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने ड्यूटी के दौरान डिप्टी सीएमओ पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। वहीं डिप्टी सीएमओ व ओपीडी वार्ड की इंचार्ज ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर वीडियो बनाने व अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी व सेक्टर-27 थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस विभाग की तरफ से जांच शुरू कर दी है। वहीं जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने कमेटी गठित करके मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नागरिक अस्पताल सोनीपत में बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे एक्सरे विभाग के बाहर हंगामा शुरू हो गया। नागरिक अस्पताल में तैनात डा. आशा सहरावत को जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से विभाग में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कर्मचारियों को नोडल अधिकारी बनाया हुआ है। अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में मिल रही शिकायतों को लेकर नोडल अधिकारी ने एक दिन पहले भी निरीक्षण कर कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए थे। बृहस्पतिवार को नोडल अधिकारी ओपीडी में डा. गिन्नी लांबा, हाल में ओपीडी का कार्यभार संभालने वाली नर्सिंग अधिकारी राजेश व अन्य

**मारपीट**

**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने डयूटी के दौरान डिप्टी सीएमओ पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है**

कर्मचारी के साथ एक्सरे विभाग में पहुंची। जहां कौशल के तहत तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दीपक को कमरे से बाहर बुलाया। दीपक ने डिप्टी सीएमओ का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि डा. आशा सहरावत ने उसको थप्पड़ तक जड़ दिया। इसके चलते दोनों पक्षों में तनातनी हो गई। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों की तरफ से सीएमओ और पुलिस को शिकायत दी गई है। बाद में इस घटना से गुस्साए कौशल रोजगार निगम के तहत भर्ती कर्मचारियों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। एक्स रे विभाग में काम बंद कर दिया। करीब दो घंटे तक कर्मचारियों ने काम को बंद रखा। उसके बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी के आश्वासन पर कर्मचारी काम पर लौटे।

**क्या था हंगामे का पूरा मामला-** सेक्टर-27 शहर थाने में डिप्टी सीएमओ डा. आशा सहरावत की तरफ से शिकायत देकर बताया गया है कि खरखौदा सामुदायिक केंद्र पर तैनाती के दौरान दीपक नाम के कर्मचारी के साथ कार्य को लेकर विवाद हो गया था, जिसकी जांच चल रही है। उसी मामले में बृहस्पतिवार को एसीपी क्राइम के सामने उन्हें अपनी बात रखने के लिए जाना था। उसे कौशल रोजगार का विभाग की तरफ से चार्ज मिला हुआ है। दो दिनों से ओपीडी व अन्य स्थानों पर कर्मचारियों की शिकायतें समाचार पत्रों व अधिकारियों की तरफ से मिल रही थी। बुधवार को निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी वर्दी नहीं पहने हुए थे। वहीं अपनी ड्यूटी छोड़कर दूसरी जगह पर घूमते हुए भी पाए गए थे। एक्सरे विभाग में तैनात कर्मचारी भी नहीं मिला। बृहस्पतिवार को जब रूटीन चेकिंग के दौरान एक्स रे रूम में पहुंची तो दीपक बगैर इजाजत के वीडियो बनाने लगा। इसी दौरान स्टाफ नर्स ने शिकायत करते हुए बताया कि उसके साथ भी बदतमीजी की गई है।

## जिले में डेंगू का प्रकोप: अलग-अलग स्थानों पर 12 नए मरीज आए सामने

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : जिले** में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के 12 नए मरीज मिले है। बृहस्पतिवार को डेंगू लैब से रिपोर्ट जारी की गई। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 322 हो गई है। वही मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बता दें कि

**रिपोर्ट जारी**

**शाहपुर तुर्क, गुहणा, बहालगढ़, कालुपुर, आदमपुर सहित सात केस शहरी क्षेत्र में मिले है**

मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी की रिपोर्ट में दस नए मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों के सामने आए है। जोकि शाहपुर तुर्क, गुहणा, बहालगढ़, कालुपुर, आदमपुर सहित सात केस शहरी क्षेत्र में मिले है। विभाग की तरफ से अब तक जिले में 3562 संदिग्धों के टेस्ट लिए है।

# आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन ने किया छठ महोत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन ने भव्य छठ महोत्सव का आयोजन नरेला के रामदेव चौक पर किया। इस दौरान बच्चों की डांस व गायन प्रतियोगिता सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विजयपथ फाउंडेशन संस्था ने सहयोग किया। नरेला में छठ पूजा पर्व धूमधाम से मनाया गया छठ पूजा के चौथे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन हुआ। पुत्र प्राप्ति उनके दीघार्यु व परिवार की खुशहाली के लिए महिलाओं ने कठिन व्रत रखा और छठ मैया की विधिवत पूजा आराधना की। नरेला में 15 से भी अधिक स्थानों पर छठ पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नहाए खाय के साथ शुरू हुए आस्था के महापर्व छठ पूजा का आज चौथे दिन उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया सभी ने भगवान सूर्य की उपासना करते हुए बच्चों की सलामती और सुख समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि सूर्य पुत्र अंगराज कर्ण प्रतिदिन सुबह जल में खड़े होकर सूर्य की उपासना करते थे और उपासना के बाद उनके पास आकर कोई भी याचक चाहे जो मांग ले वह खाली हाथ नहीं लौटता था इसी मान्यता के साथ छठ पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नरेला के रामदेव चौक पर आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन द्वारा आयोजित छठ पूजा महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। शुक्रवार को छठ पूजा के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह से ही हल्की ठंड में श्रद्धालु उमड़ पड़े तो कुछ पूरी रात घाट पर ही रुके रहे। सभी भक्ति भावना में लीन थे। चारों और भक्ति गीत के साथ पूरा माहौल छठ मैया की पूजा रंग में रंगा हुआ था। इस दौरान बच्चों की डांस व गायन प्रतियोगिता सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी नजर आई। छठ महोत्सव के भव्य आयोजन में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने छठ मैया की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

इस मौके पर आदर्श पूर्वांचल विकास संगठन के संरक्षक विजय भगत अंकू ने सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान सूर्य और छठ मैया से प्रार्थना करता हूं कि आप और आपके परिवार को घर पर शांति प्रेम और खुशियों के साथ खुशहाल जीवन का आशीर्वाद मिले। जिस भी मनोभाव से आप सब लोग आए हैं वह मनोकामना पूर्ण हो। वहीं पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने छठ महापर्व की बधाई देते हुए कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। छठ माता और भगवान सूर्य आपको सुख शांति संपन्नता प्रदान करें। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, समाजसेवी धीरेन मान, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, मनोनीत निगम पार्षद वेदपाल मान, पूर्व उप महापौर विजय भगत, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन मोहन भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद राजकरण खत्री, भाजपा नेता वेदपाल मान, ब्रह्माकुमारी बहने, रणवीर सिंह, संतोष भगत, मोहित गुप्ता, विकास बंसल, मनोज बंसल, आशु खत्री (जैलदार) गौरव शुक्ला, विजय भगत अंकु, दयानंद चौरसिया, ओमप्रकाश शाह, धनंजय सिंह, सुनील शर्मा, रवि रंजन सोनू, अजीत मिस्त्री ,रितेश शाह, रणवीर सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# धूमधाम से मनाया गया लोक आस्था का महापर्व: गुलाब सिंह राठौर







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे देश के अलग-अलग राज्यों में श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ महोत्सव का समापन किया। वहीं, बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को 36 घंटे के निर्जला व्रत के समापन पर विभिन्न घाटों पर खूब रौनक रही। इसी कड़ी में बुराड़ी क्षेत्र स्थित भलस्वा पक्का छठ घाट में दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के साथ-साथ मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर शामिल हुए। इसके अतिरिक्त भलस्वा पक्का घाट पूर्वांचल छठ घाट सेवा समिति मुकुंदपुर व मुकुंदपुर छठ घाट समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राठौर शामिल हुए और छठ व्रतियों व पूर्वांचलियों को छठ महापर्व की बधाई दी। इस मौके पर राठौर ने कहा कि छठ महापर्व जिसे सूर्य देवता की आराधना और संतान सुख, परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए खासतौर पर मनाया जाता है। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड सहित पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। छठ व्रती और श्रद्धालु अपनी-अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति करते हैं। गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि लोग सूर्यदेव की उपासना के लिए जलाशयों के किनारे खड़े होकर अपने व्रत का समापन करते है। हर वर्ष की तरह इस बार भी पुलिस प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। छठ पर्व में व्रतधारी 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखते हैं, जिसमें जल तक का सेवन नहीं किया जाता। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली, भाजपा जिला महामंत्री व वार्ड नंबर 8 मुकुंदपुर निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर, पूर्व निगम पार्षद सुरेंद्र खर्ब, अश्वनी बागड़ी, सुनील यादव, मुकुंदपुर मंडल अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी में छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता साथ में है कांग्रेस नेता चन्द्रेश वर्मा व अन्य।

# छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती है: सागर यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोक आस्था का पर्व छठ महापर्व बड़े ही धूमधाम से देश सहित कई राज्यों में मनाया गया। वहीं राजधानी दिल्ली में भी छठ महापर्व की धूम रही। नरेला में भाजपा नेता सागर यादव ने परिवार सहित छठ पूजा की और छठी मईया से सभी की मंगल कामनाएं की। इस मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय सचिव व भाजपा नेता सागर यादव ने कहा कि मैं सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देता हूं और छठ मईया से प्रार्थना करता हूं कि छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।



उन्होंने आगे बताया कि छठ पूजा का यह त्योहार चार दिनों तक चलता है और अनुष्ठान, भक्ति और गहन आध्यात्मिक अर्थ से भरा हुआ है। मैं सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देता हूं।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महोत्सव का समापन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गोकल पुरी डी ब्लॉक में पूर्वांचल छठ पूजा समिति ने दिल्ली सरकार के सहयोग से छठ महोत्सव का आयोजन किया था जो उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर निगम पार्षद सोमवती, चौधरी बलराज पूर्व निगम पार्षद, जिला प्रशासन के अधिकारी, अक्षय लाल प्रसाद अध्यक्ष, शम्भु गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उमेश कुमार, शत्रुघ्न मिश्रा, संजीव कुमार, प्रदीप पाण्डे, उमेश और मोहित भारतीय मौजूद रहे।

# छठ मईया सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये: सुभाष





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** धीरपुर मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष झा ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श नगर क्षेत्र में लगभग छोटे-बड़े 23 छठ घाटो पर छठ महापर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्री झा ने बताया कि इस दौरान बिहार कोकिला को श्रद्धांजलि भी दी गई। मंडल अध्यक्ष सुभाष झा ने कहा कि मैं छठ मईया से प्रार्थना करता हूं कि छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये।

# राजघाट से दिल्ली न्याय यात्रा को कांग्रेस ने दिखाई गई झंडी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्लीवालों को भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ न्याय दिलाने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर नमन करके दिल्ली न्याय यात्रा की शुरूआत की। एक महीने तक चलने वाली यात्रा प्रतिदिन 20-25 किलोमीटर का सफर तय करेगी और सभी 70 विधानसभाओं में लगभग 360 किलोमीटर की दूरी तय करके युवा, महिला, श्रमिक, किसान और ढाई करोड़ से अधिक दिल्ली के विकास में दिल्लीवालों की हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाऐगी। यात्रा की शुरूआत से पहले प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने झंडा फहराया और सेवादल की टीम के साथ वंदेवातरम गायन भी हुआ और दिल्ली न्याय यात्रा का थीम सांग भी लॉच किया गया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि बापू ने सिखाया है अन्याय के खिलाफ लड़ना और उन्हीं के दिखाए रास्ते पर हम चलेंगे। श्री यादव ने कहा कि यात्रा का मकसद दिल्ली वालों की समस्याओं को उजागर करके उनके स्थायी उपाय के लिए रास्ता प्रशस्त करना, जिसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता यात्रा के जरिए पूरी दिल्ली के घर के दरवाजे तक दस्तक देगा और भ्रष्टाचारी आम आदमी पार्टी की विफलता को उजागर करेंगे।

हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, अनिल कुमार, पूर्व सांसद डा. उदित राज, दिल्ली प्रभारी दानिश अबरार और सुखविन्दर सिंह डैनी बदाला, राजेश लिलौठिया, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला अध्यक्ष मनोज यादव, अशोक यादव, जेएस नेयोल, जीवनाथ झा सहित सभी पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पार्षद, मुख्य रुप से मौजूद थे।



आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में छठ पूजा के दौरान सांसद प्रवीण खंडेलवाल के साथ सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा व अन्य गणमान्य लोग।



भलस्वा छठ घाट पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के साथ भाजपा नेता सुनील यादव व अन्य।

# छठ घाट पर व्रतियों ने दिया सूर्य को अर्घ्य, धूमधाम से मनाया लोक आस्था का पर्व







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के भलस्वा झील स्थित छठ घाट पर छठ महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छठ व्रतियों ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मनोज कुमार ने कहा कि हम सभी को सच्चे मन से छठी मईयां की आराधना करनी चाहिए। जो भक्त सच्चे मन से छठी मईयां की आराधना करता है, छठी मईया उसकी अवश्य ही सुनती है। मैं सभी को छठ महापर्व की बधाई देता हूं। इस मौके पर विनोद शर्मा, मालती शर्मा, संजय सिंह, रीता सिंह, विनीत सिंह, वीरु सिंह, मनोज राय, सनोज राय, सन्जू, मुन्ना, राजू, प्रिन्स, बादल, महक, मुस्कान, यस, पप्पू शर्मा, सुलेखा शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मथुरा जनपद को 20 हजार सोलर सिस्टम लगाने का मिला लक्ष्य

## लोग नहीं ले रहे इस योजना में रूचि, प्रभावी लोगों को किया जा रहा प्रेरित

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। सम्पूर्ण** देश के लगभग एक करोड़ घरों को नवीकरणीय ऊर्जा योजना से रौशन करने के उद्देश्य से लांच की गयी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जनपद में क्रियान्वयन की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए सीडीओ मनीष मीना ने पाया कि लक्ष्य 20 हजार के सापेक्ष कम प्रगति पर विद्युत विभाग व वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को योजना के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। अधिकारियों को सुझाव दिया कि जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रगतिशील किसानों व अन्य सक्षम व्यक्तियों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कोई भी व्यक्ति अपने एंड्रॉयड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सम्बन्धित पीएम सूर्य घर पैप व आइओएस पीएम सूर्य घर पैप को डाउनलोड कर सकते हैं। इस योजना में बैंकों द्वारा पीएम सूर्य घर नवीकरणीय ऊर्जा योजना के तहत इच्छुक व्यक्तियों को सोलर रूफटाप स्थापना हेतु ब्याज पर लोन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। परियोजना अधिकारी (यूपी नेडा) एसके वर्मा ने बताया कि सोलर रूफटाप स्थापना के लिए इच्छुक व्यक्ति जन समर्थ पोर्टल पर जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने वेंडरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कराया जाए। रजिस्ट्रेशन करवाएं, डोर टू डोर इस योजना का क्रियान्वयन कराया जाय। बैठक में अनुपस्थित रहने पर मुख्य अभियंत विद्युत से स्पष्टीकरण माँगा जाये। बैठक में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, योजना के अधिकृत वेंडर मौजूद रहे।



# युवक ने फांसी के फंदे से लटककर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा : वृंदावन** परिक्रमा मार्ग स्थित एसएम योगा रिचर्स इंस्टीट्यूट न्यूरो पैठे हॉस्पिटल में कार्यरत एक कर्मचारी ने शुक्रवार को फांसी के फंदे लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। परिक्रमा मार्ग स्थित तुलसीवन आश्रम के समीप स्थित एसएम योगा रिसर्च इंस्टीट्यूट न्यूरो पैठे हॉस्पिटल में कार्यरत निरंजन कुमार पुत्र राम भारत लाल उम्र करीब 31 वर्ष निवासी हिलसा नालंदा बिहार ने हॉस्पिटल के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी आश्रम में कार्यरत अन्य कर्मचारियों को तब हुई जब शुक्रवार की सुबह जगार होने के कई घंटे बाद भी वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया। जब लोगों ने कमरे से झांक कर देखा तो उसका शव फंदे से लटका हुआ था। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने शव को फंदे उतारकर सैंपल ले लिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के कारण स्पष्ट पता लग सकेगा। आश्रम के लोगों ने बताया कि वह एक महीने पहले ही आया था जोकि कुछ दिन से डिप्रेशन में दिख रहा था।



## संक्षिप्त खबरें

### खतरनाक प्रक्रिया में काम करते मिले चार बाल मजदूर

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। शासन** तथा एनसीपीसीआर के निर्देश पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल के निर्देश पर कलेक्ट्रेट से एसबीआई चौराहे होते हुए भूतेश्वर तिराहा व सौंख रोड पर शुक्रवार को बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। चार बालश्रमिक खतरनाक प्रक्रिया में काम करते हुए पाए गए।

### टाटा एसेट मैनेजमेंट का नया टाटा इंडिया इनोवेशन फंड लॉन्च

**नोएडा** । टाटा एसेट मैनेजमेंट ने टाटा इंडिया इनोवेशन फंड लॉन्च किया है। अलग-अलग क्षेत्रों में नयी रणनीतियों और कल्पनाओं को अपनाकर लाभ उठाने के लिए प्रयासशील कंपनियों में निवेश करके दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि के अवसर निवेशकों को प्रदान करना इस फंड का उद्देश्य है। एनएफओ 11 नवंबर, 2024 को सबस्क्रिप्शन के लिए खुलेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में सफल और वृद्धिशील दोनों तरह के नवाचारों में जुटी हुई कंपनियां हैं जो अपने-अपने क्षेत्रों में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्रांतिकारी नवाचार परिवर्तनकारी उन्नति को बढ़ावा देते हैं, पूरी तरह से नए बाजार बनाते हैं, जबकि वृद्धिशील नवाचार मौजूदा उत्पादों, सेवाओं या प्रक्रियाओं में निरंतर सुधार लाते हैं। टाटा इंडिया इनोवेशन फंड ऐसे परिवर्तनकारी नवाचारों में सबसे आगे रहने वाली कंपनियों को स्ट्रैटेजिकली टारगेट करेगा, जो अनुसंधान और विकास (फ़&ऊ) और मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल परिवर्तन जैसी तकनीकों का लाभ उठाती हैं। टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य निवेश अधिकारी श्री राहुल सिंह ने कहा, भारत में वित्त, स्वास्थ्य तकनीक, ऑटोमोटिव समाधान, उपभोक्ता तकनीक और उससे परे डिजिटलीकरण के नेतृत्व में विविध क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव आ रहे हैं। टाटा इंडिया इनोवेशन फंड इन बदलावों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है, जो निवेशकों को इस नवाचार लहर का नेतृत्व करने वाली कंपनियों के विकास में भाग लेने का मौका देता है। टाटा एसेट मैनेजमेंट के चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री आनंद वरदराजन ने कहा, "निवेश में दो चीजें मायने रखती हैं: एक ऐसी कंपनी की पहचान करना जो अगले 10+ सालों तक चलेगी और अगले दशक में पैसे कमाने की उस कंपनी की क्षमता। इनमें से सिर्फ.एक होना ही काफी नहीं है। कंपनियों की जीत में इनोवेशन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। यही एक चीज है जो कंपनी के अस्तित्व और विकास में मदद करती है। वृद्धिशील और ब्रेक थ्रू इनोवेशन के जरिए यह संभव होता है। इनोवेशन से प्रतिस्पर्धात्मक लाभ और आगे रहने की क्षमता मिलती है। भारत डिजिटल, विनिर्माण और सेवा इनोवेशन में सबसे आगे है, जिससे बहुत सारे अवसर मिलते हैं। कामयाब होने और बढ़ने के लिए प्रयासशील कंपनियों में अवसरों को हासिल करना इस फंड का लक्ष्य है।



### पैंटोमैथ के भारत वैल्यू फंड ने हल्दीराम भुजियावाला में अल्पमत हिस्सेदारी के लिए 235 करोड़ रुपये का निवेश किया

**नोएडा।** कोलकाता स्थित हल्दीराम भुजियावाला लिमिटेड ने अपने निजी प्लेसमेंट दौर के सफल समापन की घोषणा की है। इसमें पैंटोमैथ के भारत वैल्यू फंड (बीवीएफ) ने अल्पांश हिस्सेदारी के लिए कंपनी में 2350 मिलियन रुपये का निवेश किया है। हल्दीराम भुजियावाला लिमिटेड अपने उत्पादों को "प्रभुजी" ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री करता है। भारत वैल्यू फंड की सीआईओ सुश्री मधु लुनावत ने कहा, हम हल्दीराम भुजियावाला लिमिटेड के साथ साझेदारी करके प्रसन्न हैं। 1958 में स्वामित्व के रूप में अपनी स्थापना के बाद से छह दशकों से अधिक की बाजार अंतर्दृष्टि के साथ कंपनी को उपभोक्ता व्यवहार और बाजार के रुझानों की गहरी समझ है। आधुनिक ब्रांड 'प्रभुजी' पर नई पीढ़ी का तेजी से फोकस विशेष रूप से उल्लेखनीय है। हम खाद्य एफएमसीजी और उपभोक्ता सामान क्षेत्रों के बारे में अत्यधिक आशावादी हैं, और हल्दीराम आने वाले वर्षों में पर्याप्त वृद्धि हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। हल्दीराम भुजियावाला लिमिटेड के पास स्नैक्स और नमकीन उद्योग में 6 दशकों से अधिक की मजबूत विरासत है। कंपनी अपने उत्पादों को "प्रभुजी" ब्रांड नाम के तहत खुदरा बिक्री करती है, जो 100+ एसकेयू के साथ एक व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो पेश करती है। इस अवसर पर हल्दीराम भुजियावाला लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मनीष अग्रवाल ने कहा, बीवीएफ के समर्थन के साथ-साथ हमारे उद्योग की अंतर्दृष्टि का लाभ उठाते हुए हम शेयरधारक मूल्य को बढ़ाने और विकास को गति देने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार हैं।

## बरसाना पुलिस ने दो हत्यारोपी किये गिरफ्तार

**मथुरा।**

**थाना बरसाना** पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों भीमराज पुत्र फूल सिंह व शैलेन्द्र पुत्र हरिकिशन निवासीगण ग्राम राकौली थाना बरसाना मथुरा को शुक्रवार को मुखविर की सूचना पर रुपनगर की पुलिया से गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना बरसाना, निरीक्षक घनेन्द्र शर्मा थाना बरसाना, एसआई कुंजन चौधरी थाना बरसाना, एसआई शिवम कुमार थाना बरसाना आदि थे।

# नो एंट्री के बाद भी परिक्रमा मार्ग पर फर्राटा भर रहे हैं ट्रैक्टर

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। वृंदावन** की सड़कों पर नो एंट्री में मालवाहक वाहनों और ट्रैक्टर ट्रालियों की धड़ल्ले से एंट्री हो रही है। जबकि जिला प्रशासन ने जाम की समस्या कम करने को सुबह सात से रात नौ बजे तक छोटे मालवाहक वाहन, ट्रैक्टर ट्रॉली और सीमेंट ढोने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों के शहर में प्रवेश पर रोक लगा रखी है। शासन की रोक के बावजूद ओवरलोड वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध पूरी तरह से प्रभावी नहीं हो पा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस के लिए वह ही कर्मचारी जिम्मेदार हैं जिन्हें ओवरलोड वाहनों को परिक्रमा मार्ग में जाने से रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिलीभगत से चल यह सब हो रहा है। यहीं वजह है कि दिन हो या रात धड़ल्ले से ये ट्रेक्टर ट्राली वृंदावन की सड़कों पर दौड़ते दिखाई दे जाते हैं। अब तो हालत ऐसे हो गए हैं कि चौकी के सामने से वाहन गुजर जाते हैं लेकिन उन्हें रोकने की जहमत तक पुलिस नहीं उठती है। पापड़ी चौराहा से रमणरेती चौकी केलीकुंज के परिक्रमा मार्ग पर तेज आवाज में फिल्मी गीत बजाते हुए पूरी रात ट्रेक्टर फरार्टे मारते हैं, ट्रैक्टरों की गति इस प्रकार होती है कि परिक्रमा लगाने वाले श्रद्धालु भयभीत हो जाते हैं।

उनके कारण लगने वाले जाम से भी परिक्रमार्थी खासे परेशान रहते होते हैं।



**परिक्रमा** मार्ग पर एक भी हैवी व्हीकल लागू नहीं है। इमरजेंसी सर्विस या पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम या फटीजाईजर्स से सबंधित है। इसके अलावा किसी भी भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित है। परिक्रमा मार्ग पर न केवल श्रद्धालु परिक्रमा करते हैं बल्कि लोगों की भी काफी भीड़ रहती है। मंदिर खुलने के समय के दौरान तो किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं है अगर आवश्यक होगा तो यह प्रयास किया जाएगा कि आवश्यक सुविधाओं में भी रात के समय में प्रवेश दिया जाए जिससे लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। ट्रेफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस से समन्वय करते हुए यह सुनिश्चित कराया जाएगा।

**-शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

# ओवर लोडिंग: अंतर्जनपदीय सीमा पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

## ओवरलोडिंग रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है जिला प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: ओवरलोडिंग** वाहनों की धरपकड़ के लिए जिला प्रशासन महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। अब जनपद की सीमा में दूसरे जनपदों से प्रवेश करने वाले ओवरलोड वाहनों पर नजर रखने के लिए दूसरे जनपदों को लिंक करने वाली सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बताया कि अन्य जनपदों जैसे हाथरस, भरतपुर, आगरा एवं पलवल के साथ लिंक होने वाली सड़कों के प्रवेश व निकास बिंदु पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर ओवरलोड वाहनों तथा परिवहन संबंधी अन्य अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जाए। मोरम, बालू लदे ट्रकों, भारी वाहनों से सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए तथा उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। अनफिट, गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए। दुर्घटना बाहुल्य स्थलों, हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक, साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी विभागों द्वारा समेकित प्रयास किए जाएं। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं।

## फसल अवशेष जलाने से नष्ट हो जाते हैं किसान मित्र कीट केंचुआ

**कानपुर : फसल अवशेष** जलाने से भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त होने के साथ ही किसान मित्र कीट केंचुआ नष्ट हो जाते है। यह जानकारी शुक्रवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने दी। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल की कटाई के उपरांत जो किसान भाई फसल अवशेष जला देतें है, इससे भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है और इसके साथ ही मिट्टी में होने वाली रासायनिक क्रियाए भी प्रभावित होती है।

# महाकुंभ में देख सुन सकेंगे साहित्यकारों के वीडियो और ऑडियो




**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: इस** बार महाकुंभ बीते सभी आयोजनों से ज्यादा भव्य और दिव्य होने जा रहा है। इसी क्रम में इस बार एक ऐसी पहल की जा रही है जिसकी शायद किसी ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। यहां इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज, भारत के नामचीन हिन्दी साहित्यकारों की एक ऐसी गैलरी का नवीनीकरण करने जा रहा है, जो देश ही नहीं दुनिया की पहली हिन्दी साहित्यकारों की गैलरी है। यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक पहली बार सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त से लेकर महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर और अज्ञेय जैसे महान लेखकों और कवियों को उनकी ओरिजिनल आवाज में सुन और देख सकेंगे। संग्रहालय की ओर से इसकी व्यापक तैयारी की गई है।

**पर्यटकों का ध्यान खींचेगी गैलरी:** हिन्दी के दिग्गज कवियों और लेखकों की यह गैलरी देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने जा रही है। इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज ने इसके लिए बाकायदा तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्र कहते हैं कि सरकार के संकल्प को अमली जामा पहनाने और दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन को नव्य, भव्य और अविस्मरणीय बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। महाकुंभ से पहले ही देश के दिग्गज साहित्यकारों की गैलरी बनाने का काम इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज में चल रहा है। जिसमें पंत, गुप्त से लेकर महादेवी, दिनकर और अज्ञेय तक को लोग देख भी सकेंगे। साथ ही साथ उनकी आवाज में कविताएं भी सुन सकेंगे। सबसे खास बात तो ये है कि ये इन महान साहित्यकारों की ओरिजनल आवाज रहेगी। इसमें कवियों के ऐसे वीडियो भी जनता को देखने को मिलेंगे, जो इन्होंने अपने जीवनकाल में गाए और सुनाए होंगे।

**मेला क्षेत्र में भी मिल सकता है अवसर**

डॉ. राजेश मिश्र के अनुसार इन सभी बड़े साहित्यकारों को कविता पाठ करते देखना और सुनना अपने आप में अलौकिक अनुभव होगा। संग्रहालय में तो इसके लिए जरूरी इंतजाम किए ही जा रहे हैं, महाकुंभ के दौरान भी श्रद्धालुओं को इन महानतम कवियों की रचनाओं का आनन्द मिल सके, इसके भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# सहालग से पहले अवैध शराब के कारोबारियों पर कसा शिकंजा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** सहालग से पहले अवैध शराब के कारोबारियों पर आबकारी विभाग और पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए शिकंजा कसा है। यमुना एक्सप्रेस वे और हाईवे पर लगातार चेकिंग की जा रही है। वहीं उन तमाम संभावित ठिकानों की भी टोह ली जा रही है जहां पूर्व में अवैध शराब का काम होते हुए पकडा गया था। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शुक्रवार को जिला आबकारी अधिकारी मथुरा के नेतृत्व में जनपद मथुरा की आबकारी टीम द्वारा पुलिस टीम के साथ मिलकर हरियाणा मथुरा बॉर्डर के कोटवन चेकपोस्ट पर हरियाणा से आने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। तत्पश्चात प्राप्त सूचना के आधार पर भातू कालोनी कोसी कलां थाना कोसीकला में दबिश दी गई। दबिश के दौरान हरियाणा राज्य की देशी व विदेशी मदिरा की कुल 15 पेटी बरामद करते हुए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध थाना कोसी कला में एफआईआर दर्ज कराई गई।



कोटवन चेकपोस्ट पर आबकारी विभाग की टीम जांच कर रही थी उस दौरान पांच पेटी शराब बरामद हुई है। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जो गिरफ्तार किये गये हैं उनको जेल भेजा जा रहा है। जो शराब पकड़ी गई है उसे जब्त किया जा रहा है। लगातार शासन के निर्देश पर अभियान चल रहा है। खास कर जब त्योहार आते हैं तो अधिक सतर्कता बरती जाती है। लोगों से अपील है कि इस तरह के कृत्य का जो लोग प्रयास करेंगे उनसे कठोरात से निपटा जाएगा और कठोर कार्यवाही की जाएगी। सरकारी शराब के ठेकों से ही मदिरा खरीदें। अन्यत्र से खरीदने पर मिलावट आदि की शिकायतें आती हैं जिससे जानमाल का खतरा रहता है।

**-शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

# पैरों में पड़ गए छाले, कहां गए रखवाले

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। देश** के कौने कौने आने वाले श्रद्धालु वृंदावन की सड़कों और गलियों को देखकर असहज महशूश करते हैं। यहां परिक्रमा के दौरान इनके पैरों में छाले पड़ रहे हैं तो दंडवती करने वालों के घुटने छिल रहे हैं। जबकि गड्ढा मुक्त सड़कों का नारा जनप्रतिधि जमकर लगाते हुए दिखाई देते है, लेकिन पवित्र धाम की परिक्रमा मार्ग को अभी तक सही नहीं करा पाए हैं। दरअसल वृंदावन के परिक्रमा मार्ग पर इस दिनों भीड भाड कुछ ज्यादा है। इसकी वजह यह है कि कार्तिक मास चल रहा है। इससे पूर्व बड़े बड़े वायदे प्रशासन द्वारा किए गए थे। कहा गया था कि परिक्रमा मार्ग पर वाहन नहीं चलेंगे सो कुछ भाग को छोड़कर बाकी परिक्रमा मार्ग पर वाहन लगातार दौड़ रहे हैं। सड़कों को सुधारने के नाम कुछ भी नहीं हुआ। यहां तक कि श्रंगारवट से केशीघाट तक की परिक्रमा वाली गली को भी नहीं सुधारा गया है। ऐसे में नंगे पांव परिक्रमा करने वालों के पांव में छाले पड़ जाते हैं और इससे होने वाले कष्ट के कारण निकल पड़ते हैं उनके आंसू। सबसे ज्यादा दिक्कत दंडवती परिक्रमा लगाने वालों को हो रही है। चीरघाट पर दौ सौ मीटर लंबी सड़क परिक्रमार्थियों को रुला देती है, यहां उनके घुटने छिल जाते हैं। पलवल हरियाणा की सुलेखा ने बताया कि कमाल की बात है कि व्रन्दावन में हजारों श्रद्धालु परिक्रमा लगा रहे हैं और यहां परिक्रमा मार्ग की सड़कें और गलिया टूटी पड़ी हैं। आधी परिक्रमा करने पर ही उनके पैरों में छाले पड़ गए। रोहिणी दिल्ली की रेखा कहती हैं कि वे परिवार के लोगों के साथ परिक्रमा लगा रही हैं। केशीघाट के निकट गुरूवार को उन्होंने बताया कि टूटी सड़क के कारण नंगे पांव चलने पर उनके आंसू निकल पड़ते हैं।



अभी आगामी दस तारीख को बड़े पैमाने पर मथुरा वृंदावन में लोग परिक्रमा देंगे। लगभग 11 किलोमीटर की मथुरा में परिक्रमा है। पूरे परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई आदि की व्यवस्था युद्ध स्तर पर की जा रही है। लगभग कार्य हमारा पूरा है। नगर निगम की टीमें लगातार लगी हुई हैं। जहां तक वृंदावन की परिक्रमा की बात है कुछ जगहों पर सड़क के क्षतिग्रस्त होने की बात संज्ञान में आई है। कुछ जगहों पर जल निगम का कार्य हो रहा है। एक आधा रोड खराब है, कुछ जगहों पर क्षतिग्रस्त होने के बात सामने आई है इसको जल्द ढीक करा देंगे। लोक निर्माण विभाग और नगर निगम को इस बात का निर्देश दिया गया है कि जहां भी परिक्रमा मार्ग क्षतिग्रस्त हो उसे सही करा दें।

**शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

# परमेसु बायोटेक ने सेबी के पास रु 600 करोड़ का आईपीओ दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा। परमेसु** बायोटेक लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के पास अपना डीआरएचपी दाखिल किया है। परमेसु बायोटेक भारत में मक्का आधारित विशेष उत्पादों के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक है। विविध उत्पाद पोर्टफोलियो में देशी मक्का स्टार्च, संशोधित मक्का स्टार्च, तरल ग्लूकोज, माल्टोडेक्सट्रिन पाउडर, और सह-उत्पाद जैसे कि जर्म्स, ग्लूटेन, फाइबर, कॉर्न स्टीप लिकर, और समृद्ध फाइबर आदि शामिल हैं।

PARAMESU BIOTECH LIMITED

कंपनी की योजना आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से 6,000 मिलियन रुपये तक का फंड जुटाने की है। इक्विटी शेयर पूंजी (फेस वैल्यू रु 5 ईच) के कुल निर्गम आकार में रु5,200 मिलियन (रु 520 करोड़) तक का नया निर्गम और रु800 मिलियन (रु80 करोड़) तक का ऑफर-फॉर-सेल शामिल है। कंपनी की योजना शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित के लिए करने की है: (१) मध्य प्रदेश में 1200 टीपीडी के नए संयंत्र की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय की आवश्यकता को वित्तपोषित करना, जिसकी अनुमानित कीमत ? 3,300 मिलियन [रु 330 करोड़] है; (२) कंपनी के कुछ उधारों का आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान, जिसकी अनुमानित कीमत रु 850 मिलियन [रु 85 करोड़] है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## महाकुम्भ: ऐप पर मिलेगी गंदे टॉयलेट्स की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

प्रयागराज: योगी सरकार ने सनातन संस्कृति की अमूर्त विरासत महाकुम्भ को स्वच्छता के मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के लिए इस बार स्वच्छ महाकुम्भ का आह्वान किया है। इसको लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 1.5 लाख टॉयलेट्स और यूरिनल्स को पूरे मेला क्षेत्र और पार्किंग स्थलों पर स्थापित किया जाना है। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती इन टॉयलेट्स की साफ सफाई को लेकर है, जिसकी पुख्ता तैयारी की गई है। क्यूआर बेस्ड मॉनीटरिंग सिस्टम के माध्यम से टॉयलेट्स में स्वच्छता का सर्वे किया जाएगा और ऐप के माध्यम से जिस टॉयलेट में गंदगी की जानकारी मिलेगी उसे चंद मिनटों में क्लीन कर दिया जाएगा। यही नहीं, सफाई के लिए जेट स्प्रे क्लीनिंग सिस्टम अपनाया जाएगा, ताकि मैनुअल सफाई की आवश्यकता न पड़े। वहीं, सेप्टिक टैंक को खाली करने के लिए भी सेसपूल ऑपरेशन प्लान तैयार कर लिया गया है।

## उमरिया: तेंदुए के हमले से 3 घायल

**उमरिया:** इन दिनों बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्य जीवों का आतंक बढ़ रहा है जिसके चलते ग्रामीणों पर उनका हमला जारी है, जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर क्षेत्र में अब तेंदुए का आतंक इतना फैल गया है कि तनी लोगों को बुरी तरह से घायल कर दिया है। जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस मामले में मानपुर रेंजर मुकेश अहिरवार ने बताया कि कल देर शाम सूचना मिली कि ग्राम हिरौली में अपने खेत मे फूल चंद सिंह पिता श्याम लाल सिंह उम्र 52 वर्ष पर तेंदुए ने हमला कर दिया तब तत्काल वाहन भेज कर उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर में लाकर भर्ती करवाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं ग्राम कुदरी में सुबह शौच करने गए लवकेश बैगा उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम कुदरी को गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। उसके बाद ग्राम कुदरी में ही मोनिका सिंह उम्र करीब 20 वर्ष अपने घर मे खाना बना कर बैठी हुई थी तभी घर मे घुस कर उनको भी घायल कर दिया है।

सूचना मिलते ही दोनो घायलों को समीदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर लाया गया और लवकेश बैगा की हालत ज्यादा गम्भीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज शहडोल रिफर कर दिया गया, जहां 108 एम्बुलेंस न मिलने के कारण वन विभाग द्वारा निजी गाड़ी करके भेजा गया है, और सभी घायलों को तात्कालिक सहायता राशि 1-1 हजार रुपये उपलब्ध करवाई जा रही है।

# सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी के गांवों में खुली रोजगार की नई राह

### चालू वित्तीय वर्ष में अबतक 60.17 लाख परिवारों को मिला रोजगार

ग्रामीण परिवेश

▶▶ चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 60.17 लाख परिवारों को गांव में रोजगार से जोड़ा गया है



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ : मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक सजगता से उत्तर प्रदेश का ग्रामीण परिवेश तेजी के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मनरेगा योजना के माध्यम से सीएम योगी ने ग्रामीण क्षेत्रों को रोजगार उपलब्ध कराने, महिलाओं का सशक्तिकरण करने और बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाने के लिए कई तरह के प्रयासों को मूर्तिरूप दिया है। सीएम योगी की अगुवाई में प्रदेश में 2024-25 के चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 60.17 लाख परिवारों को गांव में रोजगार से जोड़ा गया है।

**रोजगार सृजन में बस्ती जिला प्रदेश में नंबर वन**

प्रदेश के बस्ती जिले ने मनरेगा के तहत रोजगार सृजन में प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। बस्ती में अब तक 1,95,717 मांगों के सापेक्ष 1,95,714 परिवारों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे 79,40,929 मानव दिवस का सृजन हुआ है। इस प्रयास के लिए बस्ती को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि आजमगढ़ और जौनपुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि मनरेगा के तहत अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित किए जाएं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने गांव में ही रोजगार मिल सके। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं कि मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन और बेहतर तरीके से हो ताकि ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जा सकें।

**ग्रामीण विकास में बहुआयामी योजनाओं का समावेश**

मनरेगा के अंतर्गत न केवल रोजगार बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

इनमें रोजगार के साथ-साथ आवास, पेयजल, महिला सशक्तिकरण, सिंचाई, सड़क निर्माण और पौधरोपण जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की समग्र प्रगति और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने मनरेगा को ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण साधन बना दिया है। उनके नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश के गांवों में न केवल लोगों को रोजगार मिल रहा है बल्कि गांवों का ढांचा भी सशक्त हो रहा है।

### 100 दिन के रोजगार का लक्ष्य

**इस वर्ष** मनरेगा योजना के तहत एक लाख से अधिक परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। अब तक 1,00,371 ऐसे परिवार हैं, जिन्होंने 100 दिनों का रोजगार प्राप्त कर अपनी आजीविका को स्थिर बनाया है। योगी सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक परिवारों को 100 दिनों का रोजगार मिले, ताकि उनके जीवन में आर्थिक सुरक्षा हो। योगी सरकार के इस ऐतिहासिक प्रयास से ग्रामीण लोगों का जीवन बदल रहा है। सरकार की ओर से मनरेगा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों में अधिकारियों को इस योजना के सफल क्रियान्वयन का जिम्मा सौंपा गया है।

## महाकुंभ में गूंजेगी कवियों की अमर वाणी

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रयास से इस बार महाकुंभ बीते सभी आयोजनों से ज्यादा भव्य और दिव्य होने जा रहा है। इसी क्रम में इस बार एक ऐसी पहल की जा रही है जिसकी शायद किसी ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। यहां इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज, भारत के नामचीन हिन्दी साहित्यकारों की एक ऐसी गैलरी का नवीनीकरण करने जा रहा है, जो देश ही नहीं दुनिया की पहली हिन्दी साहित्यकारों की गैलरी है। यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक पहली बार सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त से लेकर महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर और अज्ञेय जैसे महान लेखकों और कवियों को उनकी ओरिजिनल आवाज में सुन और देख सकेंगे। संग्रहालय की ओर से इसकी व्यापक तैयारी की गई है।

**पर्यटकों का ध्यान खींचेगी गैलरी**

हिन्दी के दिग्गज कवियों और लेखकों की यह गैलरी देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने जा रही है। इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज ने इसके लिए बाकायदा तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्र कहते हैं कि सरकार के संकल्प को अमली जामा पहनाने और दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन को नव्य, भव्य और अविस्मरणीय बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं।

महाकुंभ से पहले ही देश के दिग्गज साहित्यकारों की गैलरी बनाने का काम इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज में चल रहा है। जिसमें पंत, गुप्त से लेकर महादेवी, दिनकर और अज्ञेय तक को लोग देख भी सकेंगे।




प्रयागराज: योगी सरकार ने सनातन संस्कृति की अमूर्त विरासत महाकुम्भ को स्वच्छता के मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के लिए इस बार स्वच्छ महाकुम्भ का आह्वान किया है। इसको लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 1.5 लाख टॉयलेट्स और यूरिनल्स को पूरे मेला क्षेत्र और पार्किंग स्थलों पर स्थापित किया जाना है। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती इन टॉयलेट्स की साफ सफाई को लेकर है, जिसकी पुख्ता तैयारी की गई है।

## रिटायर्ड जजों को मिल रही है 15 हजार रुपये पेंशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को छह हजार से पंद्रह हजार रुपये के बीच मामूली पेंशन मिलने पर हैरानी जताई। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ हाई कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसमें कहा गया है कि उन्हें मात्र पंद्रह हजार रुपये पेंशन मिल रही है। याचिकाकर्ता जिला अदालत में 13 साल तक न्यायिक अधिकारी के रूप में सेवा देने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों ने पेंशन की गणना करते समय उनकी न्यायिक सेवा पर विचार करने से इन्कार कर दिया था।

पीठ ने टिप्पणी की कि हमारे सामने हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं, जिन्हें छह हजार और पंद्रह हजार रुपये पेंशन मिल रही है, जो चौंकाने वाला है। ऐसा कैसे हो सकता है।

## 'स्वर्णिम उत्तराखंड' बनाने का लें संकल्प: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कहा कि हम राज्य स्थापना की 24वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस यात्रा में हमारे राज्य ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे,अनगिनत सपनों को साकार होते देखा और आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारा उत्तराखंड विकास के एक नए अध्याय की ओर अग्रसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए राज्य निर्माण आंदोलन के सभी ज्ञात-अज्ञात अमर शहीदों और आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने एक संदेश जारी कर कहा कि रजत जयंती वर्ष में कदम रखते हुए हम अपने राज्य को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लें, जहां हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा, और जनहित की नीतियों का सामंजस्य हो। प्रधानमंत्री के कथन को साकार करने की दिशा में और 21वीं शताब्दी के तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक बनाने की यात्रा में यह वर्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने देश के मानचित्र को गौर से देखें तो उत्तराखंड भारत के हृदय के समान नजर आता है। आज प्रदेश के विकास की प्राथमिकताएं और चुनौतियां दोनों ही हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्यपाल सिंह ने कहा कि उत्तराखंड की युवा शक्ति हमारे विकास की धुरी है। राज्य में तकनीकी संस्थान, कौशल विकास केंद्र और स्टार्टअप के अनुकूल वातावरण बनाकर हमें युवाओं को प्रोत्साहित करना है। सरकार ने नौकरियों में भी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठोस पहल की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## बहुविषयक शिक्षा में आगे मध्य प्रदेश: सीएम डॉ. मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत प्रदेश में अनेक नवाचार हुए हैं। विश्वविद्यालय अपने स्तर पर भी उच्च शिक्षा के जुड़े नवाचार करें। अच्छे प्रयोगों का सदैव स्वागत है। शिक्षा की गुणवत्ता को निरंतर श्रेष्ठ बनाने के प्रयास हों। पैरामेडिकल और नर्सिंग पाठ्यक्रम भी विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सक्षम



युवाओं का निर्माण सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए सबसे बड़ी गारंटी मानते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल से इस संदर्भ में नई शिक्षा नीति में अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान भी हुए हैं। इस नीति में युवाओं को ज्ञानवान और अनेक विषयों में पारंगत बनाने की रणनीति बनाई गई है। इस नाते मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक अभिनव प्रयास इस दिशा में किए गए हैं।

कौशल पर जोर

▶▶ कौशल विकास प्रशिक्षण और रोजगार परक पाठ्यक्रमों के संचालन के प्रयास बढ़ाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कर्नाटक : ऑफिस में तंबाकू या सिगरेट पीने पर लगाया प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु:** कर्नाटक सरकार ने अपने कर्मचारियों को सरकारी कार्यालयों और परिसरों के अंदर सिगरेट पीने और किसी भी तंबाकू उत्पाद का सेवन करने से प्रतिबंधित कर दिया है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (डीपीएआर) द्वारा इस आशय से जारी परिपत्र में उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**एक चेतावनी बोर्ड कार्यालयों में लगाया जाएगा**



सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सवैधानिक चेतावनियों के बावजूद सरकारी कार्यालयों और कार्यालय परिसरों में तंबाकू उत्पादों का सेवन किया जाता है। इसमें कहा गया है कि इस संबंध में एक चेतावनी बोर्ड कार्यालयों में उपयुक्त स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

नो स्मोकिंग

▶▶ इस आशय से जारी परिपत्र में उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तीन बड़ी घोषणाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोरबा:** कोरबा जिले के कटघोरा में आज शुक्रवार को आयोजित प्रांतस्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तीन प्रमुख मांगों को पूरा करने की घोषणा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री सहित अतिथियों का महामाला से स्वागत किया गया। क्षेत्रवासियों में मुख्यमंत्री की घोषणाओं से हर्ष व्याप्त है।

ख्याति प्राप्त — पुष्कर मेला मैदान में सुबह 10 बजे पूजा के साथ विधिवत झंडारोहण एवं नगाड़ा वादन होगा

## पुष्कर पशु एवं सास्कृतिक मेला आज से

**टीम एक्शन इंडिया**

**अजमेर :** ख्याति प्राप्त पुष्कर पशु एवं सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मेला शनिवार नौ नवंबर से शुरू हो जाएगा। पशु मेले के तहत शनिवार को सुबह नौ बजे ऊंट रैली निकलेगी। वहीं पुष्कर मेला मैदान में सुबह 10 बजे पूजा के साथ विधिवत झंडारोहण एवं नगाड़ा वादन होगा। पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया कि पुष्कर पशु मेले में बिक्री के लिए आने वाले पशुओं की संख्या में दिनोंदिन बढ़ोतरी हो रही है। रेतीले धोरों में पशुओं के साथ पशुपालकों की हलचल बढ? लगी है। दीपावली के दूसरे दिन से शुरू



हुए पशु मेले में पशुपालन विभाग ने अब तक 3 हजार 807 पशुओं की आवक दर्ज की है। जानवरों की आवक लगातार बनी हुई है। मेले में अब तक आए जानवरों में सर्वाधिक 2 हजार 272 अश्व वंश शामिल है। इसके अलावा 1 हजार 528 ऊंट वंश आये हैं। जबकि मेले में तीन भैंस वंश पहुंचा है। गौ वंश चार आए हैं। इनमें 2 हजार 711 राजस्थान के अंदर और एक हजार 096 पशु राजस्थान के बाहर से आये हैं। नये मेला स्टेडियम एवं आस-पास के धोरों में पशुपालक अपने-अपने जानवरों के साथ खुले आसमान के नीचे अपने डेरे डाल रहे हैं। पशुपालकों की सुविधा के लिए पशुपालन विभाग की ओर से पानी, बिजली, चारा आदि की माकुल व्यवस्थायें की जा रही हैं।

**500 किलो का भैंसा मध्यप्रदेश से पहुंचा पुष्कर**

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेले में करीब 500 किलो का एक विशालकाय भैंसा मध्यप्रदेश से अपने मालिक एमपी के इंदौर निवासी प्रमोद शुक्ला के साथ पहुंचा है। उसके मालिक ने उसकी कीमत करीब 11 लाख रुपये आंकी है। राज्य के बाहर से पशु अपना प्रदर्शन व खरीद फरोख्त के लिए पहुंच रहे हैं।

